✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



राष्ट्रमंडल खेल 2026 के पदक विजेता को पटना में सम्मानित करते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 95 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 30 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### सिपाही (विशेष शाखा) अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच परीक्षा 12 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस की विशेष शाखा में सिपाही के 83 पदों पर सीधी नियुक्ति को लेकर 12 सितंबर को शारीरिक जांच एवं माप परीक्षा होगी। यह परीक्षा पटना के वेटनरी कॉलेज खेल मैदान पर ली जाएगी। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने शनिवार को बताया कि अभ्यर्थी शारीरिक जांच एवं माप परीक्षा से संबंधित इ-प्रवेश पत्र पांच सितंबर से पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। निर्धारित तिथि को परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को दूसरा अवसर नहीं मिलेगा।

### 25 सितंबर को देशभर में एक साथ गाया जाएगा वंदे मातरम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली भारत की सबसे बड़ी संस्था विद्या भारती ने 25 सितंबर को पूरे देश में एक ही समय 11 बजे दिन में वंदे मातरम गायन की व्यवस्था की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के दिन आयोजित इस बड़े आयोजन में विद्या भारती के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे, सभी शिक्षक और कर्मचारी, पूर्ववर्ती छात्र, पूरे देश में औपचारिक विद्यालयों की प्रबंध समिति के सदस्य और सभी के परिवार के लोग शामिल होंगे।

### अवध एक्सप्रेस में आग की अफवाह से अफरा-तफरी

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** बगहा चीनी मिल स्थित रेलवे ढाला, गुमटी संख्या-49 के समीप शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब बांद्रा मुंबई से बरौनी जा रही 19037 अवध एक्सप्रेस में अचानक आग लगने की अफवाह फैल गई। चलती ट्रेन में इंजन के बगल में लगे जनरेटर से अचानक तेज मात्रा में धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर यात्रियों में आग लगने की आशंका पैदा हो गई और देखते ही देखते ट्रेन के अंदर अफरातफरी का माहौल बन गया।

### ट्रक से टकराई बाइक दो दोस्तों की मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** करजा थाना क्षेत्र स्थित गोनौरा इंडा पेट्रोल पंप के समीप शनिवार अहले सुबह सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि आगे जा रहे ट्रक में पीछे से बाइक की टक्कर हो गई जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। मृतकों की पहचान जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के गोपी धनवत निवासी मुन्ना महतो और रतनपुरा निवासी नितेश तिवारी के रूप में हुई है।

### करियर फॉर वुमेन प्रोग्राम शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट के तत्वावधान में करियर फॉर वुमेन प्रोग्राम शुरू किया गया है। इसके तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं के साथ ही महिला शिक्षिकाओं को भी एआई में दक्ष बनाया जाएगा ताकि रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकें। चयनित प्रतिभागियों को चार हजार रुपये स्टाइपेंड कोर्स की समाप्ति पर दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

## खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले बिहार के पैरा एथलिट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेल- 2026 में पुरूष 57 शाट पुट में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिहार के खिलाड़ी सोमन राणा को 30 लाख तथा पुरूष पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक विजेता झंडू कुमार को 15 लाख रूपये की सम्मान राशि का चेक, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों से बातचीत की, उनका अनुभव जाना तथा उनकी उपलब्धियों के



लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल देश का गौरव बढ़ाया है बल्कि बिहार को भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर गौरवान्वित किया है। आपको सम्मानित करना हम सबके लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धियां बिहार के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और देश के लिए पदक जीतने की प्रेरणा देती हैं। बिहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग एवं सम्मान दिया जाएगा ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार सिंह, खेल सचिव दीपक आनंद, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण, कोच गौतम सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## किसी भी सूरत में पेपर लीक नहीं होने देंगे : मिथिलेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पेपर लीक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में वो पेपर लीक नहीं होने देंगे। श्री तिवारी ने कहा कि इस बार की नीट की परीक्षा को सरकार ने गंभीरता से लिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने परीक्षा में सुधार के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। हर हाल में किसी भी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक ना हो इस पर सरकार हर संभव प्रयास करेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वे बिहार के तमाम स्कूलों में कंप्यूटर एजुकेशन को हम अनिवार्य करने जा रहे है। जिस प्रकार से मदरसा के बारे में सरकार गंभीर रही है, उसी प्रकार संस्कृत पर भी सरकार अब गंभीर होगी। पिछले दिनों संस्कृत पर से ध्यान हट गया था। बिहार के 11 राजकीय विद्यालय संस्कृत के थे जो बंद हो गये। अब उसकी स्थापना फिर से की जाएगी। उन्होंने ऐलान किया कि गुरुकुलम विद्यापीठ बिहार में हम खोलेंगे। इसकी शुरुआत बक्सर से शुरू की है। हर प्रमंडल में गुरुकुलम विद्यापीठ होगा। छात्र अपने को शिष्ट और शिक्षक अपने को गुरु समझने लगेंगे उसी दिन बिहार बहुत आगे बढ़ जाएगा। हमारी सरकार का एजेंडा है कि गलत काम नहीं होने देंगे और अच्छे काम को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि एक मां के दो बेटे एक का हिमोग्लोबिन 8 और दूसरे का 15 यह कहां का न्याय है। दोनों बच्चों पर पूरा ध्यान रहेगा। दोनों का हिमोग्लोबिन एक होना चाहिए। इसके लिए अभी हम काम कर रहे हैं। 5 सितंबर को मदरसा के शिक्षकों का ऑन लाइन पेमेंट उनके खाते में करेंगे और संस्कृत के शिक्षकों को भी पेमेंट करेंगे। व्यवहार परिवर्तन कराना हमारा परम कर्तव्य होगा।

## पहाड़ पर पूजा कर रहे लोगों पर गिरी बिजली, एक की मौत, पुलिसकर्मियों समेत 20 घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** फतेहपुर प्रखंड के गुरपा थाना क्षेत्र स्थित पर्वत के शिखर पर शनिवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों में दो पुलिस जवान भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया जी रेफर किया गया है। मृतक की पहचान बेलागंज थाना क्षेत्र के विकास कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पर्वत के शिखर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान सुरंग से आगे जाने वाले रास्ते के समीप अचानक आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से कई श्रद्धालु वहीं पत्थरों पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर, टनकुप्पा, और वजीरगंज सीएचसी से एंबुलेंस मंगायी गयी और गुरपा भेजी गयी। स्थानीय ग्रामीणों तथा मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की तत्परता से घायलों को करीब 1680 सीढ़ियां उतारकर नीचे लाया गया। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए फतेहपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच घायलों को रेफर कर दिया। घायलों में पप्पू लाल, प्रिया कुमारी, संजय पासवान, सुबोध कुमार, आकाश कुमार, आदल कुमार, शुभम कुमार, खुशी कुमारी, नीरू देवी, शंभू मालाकार, रूपा कुमारी, हृदय मोदी, अनूप कुमार, मनीष कुमार, रितु कुमारी, राकेश राजवंशी एवं खुशी कुमारी शामिल हैं।

## दम घुटने से चार मजदूरों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोपालगंज।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सवनही जगदीश गांव में शनिवार को शौचालय की टंकी की सेंटरिंग खोलने उतरे चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव में रेशमा खातून के मकान में शौचालय की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था। टंकी की ढलाई के बाद उसके अंदर लगाई गई लकड़ी और बांस की सेंटरिंग को हटाने के लिए मजदूर बंटी नीचे उतरा। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो उसे देखने के लिए एक-एक करके तीन अन्य मजदूर भी सेप्टिक टैंक के भीतर उतर गए। कहा जा रहा है कि टंकी काफी



समय से बंद थी जिससे उसके अंदर जहरीली और दमघोंटू गैस बनी हुई थी। अंदर जाते ही चारों मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए और उनका दम घुटने लगा। इस बीच बाहर खड़े एक अन्य मजदूर सेराज जैसे ही अंदर गया उसे भी गैस ने अपनी चपेट में लिया। हालांकि दूसरे मजदूरों ने उसे तुरंत बाहर निकाल लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद टंकी की दीवार को तोड़कर और सीढ़ी के सहारे चारों मजदूरों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। आनन-फानन में सभी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन एक ही गांव के निवासी है। मृतकों की पहचान सवनही पट्टी गांव निवासी रमाशंकर बैठा के पुत्र बंटी बैठा, मकान मालिक गयासुद्दीन मियां के पुत्र टीपू, सवनही वृत्त गांव निवासी विश्वनाथ यादव के पुत्र उमेश यादव और श्रीपुर थाना क्षेत्र के गिदहा गांव निवासी एक अन्य युवक के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस बीच जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच के आदेश दिए गए है। टीम सुरक्षा मानकों और हादसे का कारण की जांच करेगी।

### ड्यूटी के दौरान हर पुलिसकर्मी को नेम प्लेट लगाना अनिवार्य

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पुलिसकर्मियों के लिए अब वर्दी पहनना भर काफी नहीं होगा। कानून-व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर ड्यूटी पर तैनात हर पुलिसकर्मी को अपनी वर्दी पर नेम प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। पुलिस मुख्यालय ने साफ कर दिया है कि ड्यूटी के दौरान नाम और पद स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। अगर कोई पुलिसकर्मी बिना नेम प्लेट के ड्यूटी करते पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो सकती है। गंभीर मामलों में निलंबन तक की कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। यह आदेश सिर्फ धरना-प्रदर्शन या राजनीतिक आंदोलनों तक सीमित नहीं है। बिहार पुलिस ने इसे बड़े आयोजनों और संवेदनशील ड्यूटी के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना है। बिहार में होने वाले बड़े धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक आयोजनों में पुलिस की तैनाती बड़े स्तर पर की जाती है। अब ऐसे हर मौके पर पुलिसकर्मियों को नेम प्लेट के साथ ड्यूटी करनी होगी।

## नेपाल में हुए जलप्रलय से निबटने की पूरी तैयारी : उपमुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि नेपाल में हुए जलप्रलय के बाद बिहार में होने वाले संभावित खतरे से निबटने की पूरी तैयारी है। बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री का भंडारण कर लिया गया है। तटबंधों की निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन पूरा चौकस है। जिलाधिकारियों को कहा गया है कि वे ऐसी व्यवस्था कर लें ताकि आकस्मिक स्थिति में आबादी को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा सके। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में फिलहाल गंगा नदी से परेशानी हो रही है। भागलपुर के राघोपुर में बांध टूटने से बाढ़ का पानी फैल गया है। अब जलस्तर कम हो रहा है लेकिन पानी कम होने पर तटबंधों के टूटने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इसे देखते हुए मुख्यालय से इंजीनियरों की टीम भागलपुर भेजी गई है। अभियंता प्रमुख वहां कैम्प किए हुए हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से 28 सेमी ऊपर रहा। रविवार सुबह तक इसमें कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। शनिवार को सुबह एक लाख क्यूसेक के आसपास ही वाल्मिकीनगर में गंडक का डिस्चार्ज होता रहा? खगड़िया में बूढ़ी गंडक का जलस्तर खतरे के निशान से 54 सेमी ऊपर रहा। खगड़िया के बलतारा में कोसी का जलस्तर खतरे के निशान से 64 सेमी ऊपर रहा जबकि कटिहार के कुरसेला में कोसी का जलस्तर खतरे के निशान से 66 सेमी ऊपर रहा। पटना के गांधीघाट में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 47 सेमी ऊपर रहा। दीघाघाट में खतरे के निशान से गंगा बह रही है। हाथीदह में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 64 सेमी ऊपर रहा जबकि कहलगांव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 80 सेमी ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को नेपाल के गंडक, कोसी व बिहार के गंडक, नॉर्थ कोयल व कन्हार में हल्की से साधारण बारिश हो सकती है। इससे नदियों के पानी में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

## राज्य के नौ वरीय उपसमाहर्ताओं को मिला डीसीएलआर का अतिरिक्त अधिकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा के वरीय उपसमाहर्ता स्तर के नौ पदाधिकारियों को अपने कार्यों के अतिरिक्त जिला भूमि उपसमाहर्ता-2 की शक्ति प्रदान की गई है। शनिवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। जारी अधिसूचना के अनुसार शेखपुरा के वरीय उपसमाहर्ता ललन कुमार भारती को सदर अनुमंडल-2 के अंचल अरियारी, बरबीघा, चेवारा, औरंगाबाद की बेबी प्रिया को मदनपुर, नवीनगर एवं रफीगंज, मुजफ्फरपुर के सौरभ राज को औराई, बांद्रा, बोचहां, गायघाट, सहरसा की सिमरन को सत्तार कटैया, सौर बाजार, सोनबरसा, पूर्णिया की निधि कुमारी को कसबा, कृत्यानंदनगर, मधुबनी की सिम्पा ठाकुर को बाबूबरही, कलुआही, खजौली, जमुई के विनोद प्रसाद को झाझा, खैरा, लक्ष्मीपुर, सिकंदरा, सोनो, गया की अर्चना कुमारी को बोधगया, फतेहपुर, मानपुर, अरवल के गोविंदा कुमार मिश्रा को अपने कार्यों के अतिरिक्त करपी और कुर्था अंचल के डीसीएलआर की अतिरिक्त शक्ति प्रदान की गई है।




## जल्द पूरा होगा जमीन सर्वे का काम, हर जमीन मालिक को मिलेगा पासबुक : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बहुत जल्द जमीन सर्वे का काम पूरा कर लिया जाएगा और इसके बाद सभी को जमीन का पासबुक दिया जाएगा। पासबुक जमीन मालिकों को दी जाएगी कि यदि एक धूर भी जमीन बिक्री होती है तो उसका एंट्री उस पासबुक में होगा। इससे जमीन संबंधी विवाद खत्म होगा। उन्होंने यह भी बताया कि नवंबर तक 1200 पंचायतों में सर्वे का काम पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि जो भी लोग भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाएंगे उन्हे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार में 32 प्रतिशत अपराध जमीन विवाद या इससे जुड़े मामलों के कारण होता है। यदि राजस्व विभाग



इमानदारी के साथ जमीन के का सर्वे करा सबके हाथ में जमीन का पासबुक दे दें तो यह सारी समस्या ही दूर हो जाएगी। मैंने तीन बातें बहुत तेजी से किया है। आरसीएमएस पोर्टल एक नई व्यवस्था है जिसे लागू किया गया। पूरे बिहार के अंदर अब राजस्व विभाग के कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। आरसीएमएस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे और ऑनलाइन ही आपके समस्या का समाधान हो जाएगा। जब से यह व्यवस्था लागू की गयी है तब से 20 प्रतिशत समस्या सुलझा ली गयी है। अभी हमने सर्वे काफी तेजी से शुरू कराया है। हम चाहते हैं कि फ़ेज वाइज जमीन का सर्वे का काम हम जल्दी समाप्त करे और सभी को जमीन का पासबुक हम दे दें। उन्होंने कहा कि पासबुक मिल जाने के बाद एक धूर और एक डिसमिल भी जमीन यदि इधर से उधर होता है तो उसकी एंट्री उस पासबुक पर होगी। अभी स्थिति यह है कि कोई भी किसी का जमीन रजिस्ट्री करवा लेता है। स्टाम्प शुल्क देकर किसी का भी जमीन रजिस्ट्री लोग करवा लेते हैं। एक बार जब रजिस्ट्री हो जाता है तो नया विवाद शुरू हो जाता है। दो दावेदार एक जमीन के हो जाते हैं। उसके बाद मारपीट, दंगा, फसाद और भ्रष्टाचार शुरू हो जाता है। दो लोगों का यही विवाद सर्वे होने के बाद समाप्त हो जाएगा। श्री जायसवाल ने कहा कि जब सर्वे हो जाएगा तब 80 फीसदी विवाद समाप्त हो जाएगा। भ्रष्टाचार का सूत्रधार नीचले स्तर पर है। प्रत्येक अंचल में एक कर्मचारी होते हैं और उसके तीन चार दलाल होते है। हमने पहली बार 3268 कर्मचारियों को अपने जगह से स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने दावा किया कि तीन महीने में राजस्व विभाग में करप्शन समाप्त हो जाएगा। मेरे ढाई तीन महीने के कार्यकाल में 87 सीओ-आरओ सस्पेंड हुए और जेल गये। 100 में अगर पांच-दस लोगों पर गाज गिरता है तब 90 पर इसका असर पड़ता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हमने अभियान छेड़ रखा है। जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त होंगे उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

CMYK

# केंद्रीकृत रसोईघरों में सुबह 9 बजे के बाद ही बनेगा मिड डे मील : शिक्षा मंत्री

## संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसों की व्यवस्थाओं पर सरकार की विशेष नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि अब केंद्रीकृत रसोईघरों से मध्याह्न भोजन सुबह 9 बजे के बाद ही बनाया जाए ताकि स्कूल के बच्चों को ताजा, गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके। उन्होंने कहा कि पूर्णिया में गुरुकुलम संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की जाएगी। ये बातें शनिवार को शिक्षा मंत्री ने कटिहार और पूर्णिया के एक दिवसीय प्रवास के क्रम में शिक्षा विभाग की बैठक में कहीं। इस दौरान श्री तिवारी ने शिक्षा व्यवस्था की स्थिति, विद्यालयों के संचालन, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कटिहार जिला अतिथि गृह में हुई बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों की सेहत और पोषण के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मध्याह्न भोजन बनाने वाली एजेंसियों और स्वयंसेवी संस्थाओं की कार्यपद्धति, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, मात्रा तथा निर्धारित समय पर बच्चों तक भोजन पहुंचने की नियमित निगरानी की जाए। विद्यालयों में साफ-सफाई और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्णिया की बैठक में श्री तिवारी ने कहा कि पूर्णिया में गुरुकुलम संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना का उद्देश्य संस्कृत शिक्षा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत आधार प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार संस्कृत भाषा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसों की शैक्षणिक व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं पर सरकार की विशेष नजर है। इन संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर वातावरण तथा सरकार की निर्धारित सुविधाओं का समुचित लाभ मिले, यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इन संस्थानों की नियमित निगरानी एवं समीक्षा सुनिश्चित की जाए। पूर्णिया की समीक्षा बैठक में मंत्री श्रीमती लेसी सिंह, मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, माननीय विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, उप विकास आयुक्त सहित विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कटिहार की समीक्षा बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधायक दुलालचंद गोस्वामी, माननीय विधायक संगीता देवी, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मनोज राय के अलावा जिला पदाधिकारी, उपविकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र के प्रति समर्पित था डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय एकता के विचारों से प्रेरित रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं और हमारी समृद्ध ज्ञान-परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। राज्यपाल आज लोकभवन में आयोजित विश्व हिन्दी परिषद द्वारा आयोजित क्षेत्रीय हिन्दी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि इंद्रेश कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का चिंतन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक आत्मबोध से जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि हिन्दी सहित भारतीय भाषाएं देश की विविधता को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं और भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया जा सकता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का चिंतन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक आत्मबोध से जुड़ा हुआ था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और जनभावनाओं से जुड़ी भाषा है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने हिन्दी साहित्य और भारतीय चिंतन को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा ऐसे सम्मेलन इस विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व भारतीय शिक्षा, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रनिर्माण के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनके विचारों पर विमर्श के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीय चिंतन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर ने कहा कि हिन्दी को केवल एक भाषा के रूप में नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और विभिन्न भारतीय भाषाओं के बीच संवाद के सशक्त माध्यम के रूप में देखने की आवश्यकता है।

# सत्यनारायण जी का लिखा बिहार गीत राज्य की जीवंत पहचान : श्रवण कुमार

## वरिष्ठ कवि सत्यनारायण जी के निधन पर ग्रामीण विकास मंत्री ने जताया गहरा शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक पहचान को अपनी लेखनी से स्वर देने वाले वरिष्ठ कवि एवं गीतकार सत्यनारायण जी का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। ग्रामीण विकास तथा सूचना जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार गीत 'मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार' के रचयिता कवि सत्यनारायण जी का निधन बिहार की सांस्कृतिक विरासत और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से बिहार की मिट्टी, इतिहास, गौरव और जनभावनाओं को शब्दों में पिरोया। उन्होंने कहा कि सत्यनारायण जी द्वारा रचित बिहार गीत आज भी प्रदेश की पहचान का जीवंत प्रतीक है। यह गीत सरकारी कार्यक्रमों से लेकर विद्यालयों तक गूंजता है और बिहार की गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेंगी। मंत्री ने कहा कि सत्यनारायण जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी कविताओं ने जनचेतना को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे हिंदी साहित्य जगत के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनकी लेखनी ने न केवल साहित्य को समृद्ध किया, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूती प्रदान की। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सत्यनारायण जी के निधन की खबर से पूरे प्रदेश के साहित्यिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक हलकों में शोक की लहर है।

# एसटीइटी-2026 के आवेदन की तिथि 15 दिन बढ़ाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के निर्देश के बाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिन बढ़ा दी। पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तय थी। अब अभ्यर्थी 15 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री से फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। श्री तिवारी ने अभ्यर्थियों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया था।

अभ्यर्थियों की मांग को ध्यान में रखते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिन विस्तारित करने का निर्णय लिया है। इससे एसटीईटी-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन का अतिरिक्त मौका मिल जाएगा।

# आइजीआइएमएस का होगा विस्तार, 1750 बेड की क्षमता से मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री के संकल्प बेहतर शिक्षा-बेहतर स्वास्थ्य को मजबूती देने के लिए एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। राजधानी के प्रसिद्ध अस्पताल आईजीआईएमएस में मरीजों के बेहतर व सटीक उपचार के लिए बी,सी,ई ब्लॉक का उद्घाटन सितंबर अंत या अक्टूबर शुरूआत में करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अस्तपाल के उपनिदेशक विभूति प्रसन्न सिन्हा ने कहा कि आईजीआईएमएस में पांच ब्लॉक में से ए और डी ब्लॉक का उद्घाटन पूर्व ही किया जा चुका है। इन ब्लॉकों में अस्पताल में आये मरीज के इलाज के लिए सभी तरीके की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध की जा चुकी है। वहीं अस्पताल के प्रति मरीजों के विश्वास व बढ़ती संख्या को देखते हुए बी,सी,ई ब्लॉक का उद्घाटन कर डेढ़ महीने के अंदर करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस विषय पर दिशा-निर्देश के आलोक में हाल ही में रिव्यू मीटिंग का भी आयोजन किया गया था जिसमें यह तय किया गया कि भवन के एयर कंडीशनिंग सिस्टम को शीघ्र क्रियात्मक बनाते हुए अत्याधुनिक तकनीक व हर प्रकार के खास उपकरण से लैस इन भवनों को मरीज की सेवा के लिए शुरू कर दिया गया है। उपरोक्त कार्यों के लिए स्वास्थ्य विभाग व आईजीआईएमएस के निदेशक डॉ बिंदे कुमार के दिशा-निर्देश के तहत यह कार्य किया जा रहा है। उपनिदेशक विभूति प्रसन्न सिन्हा ने कहा कि आईजीआईएमएस में फिलहाल बेड की संख्या 1397 है। वहीं बी,सी,ई ब्लॉक के उद्घाटन से बेड की संख्या बढ़कर 1750 के करीब हो जायेगी। 280 करोड़ की लागत से बनने जा रहे इन ब्लॉकों में ओपीडी,ऑपरेशन थिएटर,क्रिटिकल केयर यूनिट और जनरल इमरजेंसी सुविधा भी शुरू की गयी है।

# नेपाल त्रासदी में फंसे यात्रियों को रेलवे ने विशेष व्यवस्था कर नागपुर रवाना किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नेपाल में उत्पन्न त्रासदी के बीच फंसे 106 यात्रियों के सुरक्षित भारत लौटने के बाद पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल द्वारा उनकी सुगम एवं सुरक्षित रेल यात्रा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। सड़क मार्ग से आज सुबह पटना जंक्शन पहुंचे इन यात्रियों को 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस से नागपुर के लिए रवाना किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा राजीव कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए यात्रियों की आवश्यकताओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त प्रियरंजन एवं सीटीआई/पटना राजेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी यात्रियों की सहायता एवं सुविधा के लिए लगातार सक्रिय रहे। यात्रियों के पटना जंक्शन पहुंचते ही पहले से ही तैयार दानापुर मंडल की वाणिज्य, आरपीएफ एवं मेडिकल टीम पूरी तत्परता के साथ सहायता कार्य में जुट गई। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच लगाए गए। साथ ही टिकट उपलब्ध कराने के लिए रात से ही अतिरिक्त स्पेशल टिकट काउंटर की व्यवस्था कर दी गई थी, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रियों ने भी रेलवे के इस प्रयास को सकारात्मक रूप से लेते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया।

# गंगा पर इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना, कच्ची दरगाह-बिदुपुर महासेतु से करीब आएगा उत्तर और दक्षिण बिहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को एक नई और भव्य पहचान मिलने जा रही है। गंगा नदी की विशाल धारा पर करीब 5,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6-लेन पुल राज्य के सड़क नेटवर्क में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ने के लिए लगभग तैयार है। संबंधित विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह एक्स्ट्राडोज्ड केबल ब्रिज अपनी आधुनिक तकनीक और शानदार इंजीनियरिंग के लिए देशभर में जाना जाएगा। पथ निर्माण विभाग की देखरेख में बीएसआरडीसीएल की ओर से निर्मित कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6-लेन पुल की लंबाई करीब 9.76 किलोमीटर है जो 67 मजबूत पिलरों पर टिका हुआ है। पहुंच पथों को शामिल करने पर इस पूरी मेगा परियोजना की कुल लंबाई 19.30 किलोमीटर हो जाती है। इस पुल के निर्माण से पटना का समस्तीपुर समेत संपूर्ण उत्तर बिहार से सीधा और सुगम संपर्क स्थापित हो जाएगा। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच दूरी और यात्रा के समय में काफी कमी आएगी। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6-लेन गंगा पुल केवल पत्थरों और कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि यह बदलते और प्रगतिशील बिहार का प्रतीक है। इसके चालू होने से वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही आसान होगी जिससे स्थानीय व्यापार और कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह पुल पटना में लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और राजधानी को राज्य के अन्य प्रमुख जिलों से तेजी से जोड़ेगा। उनके अनुसार आधुनिक बिहार के निर्माण की दिशा में यह परियोजना एक मील का पत्थर साबित होने जा रही है। सचिव श्री पाल के अनुसार इस महासेतु के माध्यम से पटना रिंग रोड और आमस-दरभंगा मार्ग का भी जुड़ाव होगा। पुल दानापुर, दीघा, शिवाला, बिहटा, कन्हौली, डुमरी, नयागांव, तेलवारीचक, कच्ची दरगाह और सबलपुर समेत पटना शहर के चारों ओर एक मजबूत कनेक्टिविटी हब तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# विश्व की पूर्ण भाषा है संस्कृत : डॉ अनिल कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अन्तर्जालीय विश्व संस्कृत दिवस समारोह एवं रक्षाबंधन पर्व संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अपने उद्घाटन भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विश्व की पूर्ण भाषा है -संस्कृत। इसलिए भारत सरकार 1969 ई. में विश्व संस्कृत दिवस श्रावण पूर्णिमा को मनाने का निर्णय लिया। पूर्णिमा भी पूर्णता का ही परिचायक है। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व में विश्व कल्याण की कामना है तथा विश्व के सभी भाषाओं को समृद्ध करती है। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि आज हमें संस्कृत भाषा की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। अभियान के संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, बिहार प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ दीप्ति कुमारी एवं सह संयोजिका डॉ नीरा कुमारी, पश्चिम बंगाल की प्रांत सह संयोजिका दयानी शारदेय, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या डॉ रागनी कुमारी एवं मुरली शुक्ल तथा अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया एवं संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में जुड़ने का अनुरोध किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर दीघा में मिनी मैराथन रन फॉर फिटनेस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दीघा विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान को समर्पित भव्य मिनी मैराथन दौड़ रन फॉर फिटनेस का अत्यंत उत्साहजनक माहौल में आयोजन किया गया। दीघा के विधायक एवं बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया की जन-कल्याणकारी पहल तथा एम एस फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इस दौड़ में पटना के कोने-कोने से आए 500 से अधिक नागरिकों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौड़ में युवाओं, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों तथा खेल प्रेमियों ने एक साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़ लगाई और फिट दीघा, हिट दीघा का गगनभेदी संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव, दीघा के विधायक एवं बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया, विधायक संजय गुप्ता तथा विधायक रत्नेश कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया तथा पूरे रास्ते धावकों का तालियों से उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर पटना एवं बिहार के कई राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय खेल हस्तियों, धावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और खेल भावना से भरपूर इस मिनी मैराथन में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त विजेताओं को मंच से मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, पदक व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। देशभक्ति और फिटनेस के गीतों के बीच धावकों का विशाल समूह सप्तमूर्ति से प्रारंभ होकर स्ट्रेंड रोड, हज भवन, इको पार्क, नया सचिवालय और सरदार पटेल गोलम्बर से होते हुए वापस सप्तमूर्ति पहुंचकर दौड़ का समापन किया। सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि दीघा विधानसभा की देवतुल्य जनता और खासकर युवाओं का यह अभूतपूर्व उत्साह यह सिद्ध करता है कि हमारा दीघा जागरूक और ऊर्जावान है। वहीं बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि फिट दीघा, हिट दीघा का हमारा यह अभियान केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि दीघा को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने का एक निरंतर संकल्प है जब हमारा दीघा फिट रहेगा, तभी दीघा का हर नागरिक सशक्त और हिट रहेगा। जबकि दीघा के विधायक एवं बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करने या समाज निर्माण में योगदान देने के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर होना पहली शर्त है।

# पांचवें दिन भी केवाइपी केंद्र संचालकों का धरना जारी

## केवाइपी केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू नहीं किए जाने के विरोध में आंदोलन तेज करने की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** संपूर्ण बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के रिन्यूवल, तत्काल नामांकन एवं प्रशिक्षण शुरू करने तथा करीब आठ महीने से लंबित बिलों के भुगतान की मांग को लेकर केवाईपी केंद्र संचालकों का धरना शनिवार को पांचवें दिन भी गर्दनीबाग में जारी रहा। केंद्र संचालकों ने कहा कि करीब दस वर्षों से केवाईपी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है और इन केंद्रों में लाखों रुपये का निवेश किया गया है। इसके बावजूद कई महीनों से प्रशिक्षण कार्य बंद है। प्रशिक्षण बंद रहने के कारण केंद्र संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है जबकि केंद्रों से जुड़े खर्च लगातार जारी है। आंदोलनकारियों ने मांग की कि पूर्व से संचालित सभी केवाईपी केंद्रों का तत्काल रिन्यूवल कर नामांकन एवं प्रशिक्षण कार्य शुरू किया जाए तथा लंबित बिलों का अविलंब भुगतान किया जाए। उन्होंने नए टेंडर की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब पुराने केंद्र और आवश्यक आधारभूत संरचना पहले से उपलब्ध हैं तो उन्हीं केंद्रों को अपग्रेड कर प्रशिक्षण क्यों नहीं शुरू किया जा रहा है। केंद्र संचालकों ने कहा कि विभाग की ओर से अब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट एवं सकारात्मक पहल नहीं की गई है। सरकार से मांग की गई कि केवाईपी केंद्रों के भविष्य को लेकर स्पष्ट निर्णय लेते हुए तत्काल प्रशिक्षण एवं नामांकन बहाल किया जाए। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 31 अगस्त 2026 तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 1 सितंबर से आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा सामूहिक अनशन शुरू किया जाएगा।

# बिहार गीत के रचयिता कवि सत्यनारायण ने छह दशकों की रचनात्मक यात्रा में बहुमुखी आयामों को स्पर्श किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कवि सत्यनारायण की पहचान एक ऐसे जनकवि के रूप में है जिनकी कविता नुक्कड़ों पर कही गई। एकांत के कोमल लम्हों में पढ़ी गई और एक समय आया तो पूरे बिहार की अस्मिता और गौरव का स्वर बन कर समारोहों की शोभा बन गई। मशहूर चिंतक, लेखक, कवि और साहित्यकार शिवदयाल 1974 के जयप्रकाश आंदोलन को याद करते हुए कहते हैं उस समय बिहार के दो रचनाकारों कवि फणीश्वर नाथ रेणु और बाबा नागार्जुन राजधानी पटना के नुक्कड़ों पर अपनी रचनाधर्मिता की छाप छोड़ रहे थे, उन्हीं के साथ एक तीसरा नाम था कवि सत्यनारायण का जिन्हें सुनने के लिए दर्शक उतावले हो रहे थे। श्री शिवदयाल कहते हैं कि कवि सत्यनारायण किसी चहारदीवारी में कैद नहीं थे। उन्होंने कहा कि जो लोग उनके गीतों को सुन कर विभोर हो जाते हैं, उन्हें उनका संग्रह 'टूटते जल-बिम्बों' को पढ़ना चाहिए और खड़ी बोली के साथ उनके प्रयोग को देखना चाहिए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर डुंग डुंग हॉकी स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

## पुरस्कार वितरण मंत्री श्रवण कुमार ने किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**दानापुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में दानापुर छावनी स्थित डुंग डुंग हॉकी स्टेडियम में एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य महान हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल भावना को बढ़ावा देना तथा राज्य में हॉकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रवण कुमार नेता विधायक दल, ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह अध्यक्ष हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार संघ उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में हॉकी को जमीनी स्तर से मजबूत करने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार लगातार प्रयासरत है। प्रतियोगिता के समापन के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण हॉकी संघ के सचिव राणा प्रताप सिंह एवं मुख्य अतिथि श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त होता है और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है।

# पटना-पूर्णा एक्सप्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच लगाए गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सेवा को प्राथमिकता देते हुए नेपाल में उत्पन्न त्रासदी के बीच नेपाल से लौटकर भारत लौटने के बाद महाराष्ट्र की ओर जाने वाले 106 यात्रियों के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने एवं आरामदायक रेल यात्रा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। सड़क मार्ग से आज सुबह पटना जंक्शन पहुंचे इन यात्रियों को 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस से पटना से नागपुर के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए यात्रियों की आवश्यकताओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। यात्रियों के पटना जंक्शन पहुंचते ही पहले से ही तैयार दानापुर मंडल की वाणिज्य, आरपीएफ एवं मेडिकल टीम पूरी तत्परता के साथ सहायता में जुट गई। ट्रेन के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचने पर यात्रियों को नाश्ता, पानी, चाय एवं स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गयी। विदित हो कि नेपाल में बाढ़ की स्थिति के बीच भारत लौट रहे यात्रियों की सुगम वापसी के लिए रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है। पटना में इन यात्रियों के लिए 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस ट्रेन में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच लगाए गए। साथ ही टिकट उपलब्ध कराने के लिए रात से ही अतिरिक्त स्पेशल टिकट काउंटर की व्यवस्था कर दी गई थी।

# लंबित मामलों का निष्पादन करने का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को किसान पंजीकरण, दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं अन्य संबंधित राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन एवं राजस्व प्रभारी मोहम्मद जफर हसन सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को भी जोड़ा गया। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने किसान पंजीकरण, लंबित दाखिल-खारिज वादों, परिमार्जन/जमाबंदी में त्रुटि सुधार तथा अन्य राजस्व संबंधी लंबित मामलों की अंचलवार स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का नियमों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक रूप से किसी भी आवेदन को लंबित नहीं रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान पंजीकरण किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की महत्वपूर्ण आधारभूत प्रक्रिया है। कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही विभिन्न ऑनलाइन कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विभागीय पोर्टल के अनुसार किसान पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन उपलब्ध है तथा पंजीकृत किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसान पंजीकरण एवं भूमि संबंधी विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित विभागीय प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा किसानों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। दाखिल-खारिज की समीक्षा के दौरान डीएम ने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा नियमानुसार जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दाखिल-खारिज की ऑनलाइन व्यवस्था संचालित की जा रही है। इसी प्रकार परिमार्जन/जमाबंदी में त्रुटि सुधार से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का विभागीय दिशा-निर्देश के अनुसार शीघ्र निष्पादन किया जाए। परिमार्जन प्लस पोर्टल पर पुरानी जमाबंदी तथा ऑनलाइन दाखिल-खारिज के बाद कायम जमाबंदी में परिलक्षित त्रुटियों के सुधार के लिए निर्धारित ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें, प्राथमिकता के आधार पर पुराने लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें तथा विभागीय निर्देशों के अनुरूप कार्यों की प्रगति की लगातार निगरानी करें।

# मां मुंडेश्वरी धाम के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, बनेगा हेलीपैड और बड़ा पार्किंग स्थल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** मां मुंडेश्वरी धाम के समग्र एवं सुनियोजित विकास को लेकर जिला पदाधिकारी कैमूर कुमार अनुराग ने शनिवार को धाम एवं आसपास के क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, पर्यटन विकास और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। डीएम ने रंगमंच क्षेत्र, इको पार्क, न्यास गेस्ट हाउस और संग्रहालय परिसर का जायजा लिया। न्यास परिषद की करीब 10 एकड़ भूमि पर स्थायी हेलीपैड, आधुनिक कैफेटेरिया और बड़े व्यवस्थित पार्किंग स्थल के निर्माण की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया गया है। प्रथम चरण में अंचलाधिकारी को भूमि का सीमांकन करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद लेआउट तैयार कर पर्यटन विभाग एवं कला-संस्कृति विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। धाम के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित करने वाले संग्रहालय का आधुनिकीकरण एवं विस्तार किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संग्रहालय के समीप स्थायी पुलिस नाका स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मुंडेश्वरी धाम क्षेत्र में मौजूद सभी सरकारी भूमि का त्वरित सीमांकन कर सरकारी, रैयती और वन भूमि को स्पष्ट रूप से चिन्हित करने का निर्देश राजस्व विभाग एवं अंचलाधिकारी को दिया गया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धापूर्वक किया गया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू के प्रांगण में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की वंदना सभा के दौरान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें करीब 600 भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, उनकी उपलब्धियों और देश के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्भुत हॉकी प्रतिभा से भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। उनका जीवन खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणादायी मिसाल है।

# नए एसपी मिस्टर राज का बुके देकर स्वागत, अपराध मुक्त जिले की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज से दिनेश कुमार सिंह व पूर्व वार्ड पार्षद खुशीचंद गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया। बक्सर और भोजपुर में बेहतर कार्यकाल का दिया हवाला। मुलाकात के दौरान दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि मिस्टर राज एक कुशल और तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। इससे पहले बक्सर और भोजपुर जिले में एसपी के रूप में उन्होंने कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने और अपराध पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा हमें पूरा विश्वास है कि मिस्टर राज के अनुभवी नेतृत्व में रोहतास जिला भी अपराध मुक्त होगा और आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ेगा। पूर्व वार्ड पार्षद खुशी चंद्र गुप्ता ने भी नए एसपी को बधाई देते हुए कहा कि जिले को एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में पूरे रोहतास में शांति व्यवस्था और मजबूत होगी। इस अवसर पर नए एसपी मिस्टर राज ने सभी का आभार व्यक्त किया और जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह के आवास पर धूमधाम से हुई शिव चर्चा

## महिलाओं ने भजन-कीर्तन में लिया हिस्सा, प्रसाद व भंडारे का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के मां शीला भवन स्थित अपने आवास पर पूर्व जिला पार्षद एवं स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की पत्नी नीतू सिंह ने धूमधाम से शिव चर्चा का आयोजन कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव की आराधना की। इस अवसर पर नीतू सिंह ने कहा कि शिव चर्चा में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना एवं शिव चर्चा से मन को शांति मिलती है तथा लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि शिव चर्चा के दौरान सबसे पहले विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद शिव चर्चा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होता है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिव चर्चा के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर भगवान शिव की आराधना की। इस मौके पर स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिंचाई जरूरतों तथा जल उपलब्धता के आधार पर हो सोन के जलांशों का पुनर्निधारण : उपेंद्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी बेसिन के जल बंटवारे को लेकर बिहार के हितों की रक्षा की मांग तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख एवं राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर सोन बेसिन में वास्तविक अतिरिक्त जल की उपलब्धता का नए सिरे से आकलन कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह आकलन बाणसागर एकरारनामा-1973 के तहत केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में गठित समिति से कराया जाना चाहिए तथा राज्यों के बीच जलांशों का पुनर्निर्धारण सिंचाई जल आवश्यकता और वास्तविक जल उपलब्धता के आधार पर किया जाए। श्री कुशवाहा ने कहा कि सोन नदी के जल को लेकर बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच 1973 के बाणसागर एकरारनामा के बाद एक बार फिर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उत्तर प्रदेश ने सोन बेसिन में 5.3835 मिलियन एकड़ फीट अतिरिक्त जल उपलब्ध होने का दावा करते हुए इसके पुनर्बंटवारे का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग के समक्ष रखा है। उन्होंने इस प्रस्ताव को बिहार के हितों के लिए आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा सोन नदी में जल उपलब्धता का जो आंकड़ा केंद्रीय जल आयोग को दिया गया है, वह वास्तविक स्थिति के अनुरूप नहीं है। संपूर्ण सोन नदी बेसिन के जल की उपलब्धता और उपयोग का पुनर्मूल्यांकन किए बिना इस प्रस्ताव को स्वीकार करना बिहार के हित में नहीं होगा। वर्ष 1973 के एकरारनामा के आधार पर सभी संबंधित राज्यों की सिंचाई आवश्यकता और जल उपलब्धता का भी नए सिरे से आकलन किया जाना चाहिए। सांसद ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश द्वारा रिहंद डैम में बिजली उत्पादन के दौरान बिहार की मांग नहीं रहने पर भी सोन नदी में छोड़े गए पानी तथा बाढ़ के पानी को जल उपलब्धता के आंकड़ों में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल इंद्रपुरी बराज पर उपलब्ध जल को बिहार का मानक मानकर जल उपलब्धता का आकलन करना भी उचित नहीं होगा।

**बिहार का हिस्सा आधा होने की आशंका**

श्री कुशवाहा ने कहा कि यदि उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया तो बिहार का हिस्सा काफी कम हो जाएगा और राज्य के किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने बताया कि बाणसागर एकरारनामा-1973 के अनुसार बिहार-झारखंड सहित सोन बेसिन की कुल सिंचाई आवश्यकता 8 एमएएफ आंकी गई थी। इसमें बिहार को सोन नदी से 7.75 एमएएफ तथा गंगाजल उद्भव से 0.25 एमएएफ पानी मिलना था। श्री कुशवाहा ने केंद्र और राज्य सरकार से बिहार के हितों को ध्यान में रखते हुए सोन बेसिन में उपलब्ध वास्तविक अतिरिक्त जल का वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष आकलन कराने तथा बाणसागर एकरारनामा के प्रावधानों के अनुरूप ही जलांशों का पुनर्निर्धारण कराने की मांग की है।

# खेलो और सीखो थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

## नियमित विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में निदेशक प्राथमिक शिक्षा, पटना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास-सासाराम के निर्देशानुसार प्रधानाध्यापक संजय कुमार की देखरेख में 'खेलो और सीखो' थीम पर आधारित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पोषक क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा कि 'खेलो और सीखो' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में पढ़ने और सीखने के लिए प्रेरित करना है। वर्तमान समय में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति का अवसर दिया जा रहा है जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# एसडीओ ने कैथी में वॉलीबॉल फाइनल मैच का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शुक्रवार को रोहतास जिले के संझौली प्रखंड अंतर्गत कैथी ग्राम में आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एसडीओ ने मैदान में पहुंचकर टीम के खिलाड़ियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक व्यायाम का साधन ही नहीं है बल्कि यह युवाओं के मानसिक विकास, अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त बनाता है। आज के दौर में युवाओं को नशा और अन्य गलत आदतों से दूर रखने के लिए खेल सबसे सशक्त माध्यम है और ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजन से छुपी हुई स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का सुनहरा मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस तरह के टूर्नामेंट उसी का सकारात्मक परिणाम है। एसडीओ ने इस सफल और भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा युवाओं से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने गांव, प्रखंड और जिले का नाम रोशन करें। फाइनल मैच के दौरान मैदान के चारों ओर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भीड़ उमड़ी रही और खिलाड़ियों के हर अच्छे प्रदर्शन पर तालियों से उनका हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण, आयोजन समिति के सदस्य, दोनों टीमों के खिलाड़ी और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 5101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ और विहंगम योग समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विहंगम योग के प्रणेता अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज की 139वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर विक्रमगंज अनुमंडल के कोर्ट करीबा बाल थारूपुर में दो दिवसीय 5101 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ एवं विहंगम योग समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसका आयोजन 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर 2026 दिन सोमवार एवं मंगलवार को होगा। इस महायज्ञ में देश-विदेश से हजारों साधकों के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालु एवं प्रशिक्षक उत्तम कुमार सिंह धारूपुर के अनुसार इस पावन समारोह में संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा प्रतिदिन सायं 6 बजे से होगी, वहीं सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्रदेव जी महाराज की अमृतवाणी का कार्यक्रम 1 सितम्बर को रात्रि 8 बजे से निर्धारित है जबकि 5101 कुण्डीय विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ का शुभारंभ 1 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से होगा। आयोजकों, मीडिया प्रभारी प्रहलाद तिवारी ने बताया कि अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज एक ऐसे अलौकिक व्यक्तित्व वाले महर्षि हैं जिन्होंने नित्य अनादि सद्गुरु से ब्रह्मविद्या की ज्ञानधारा को प्राप्त कर सम्पूर्ण विश्व की मानवता को आध्यात्मिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया और साधना की गहराई में प्रवेश कर अध्यात्म के सर्वोच्च शिखर को प्राप्त किया तथा अपने समाधिजन्य अनुभवों के आधार पर पैंतीस आध्यात्मिक सदग्रंथों का सृजन कर अध्यात्म के बाह्य एवं आभ्यन्तर भेद-साधन का रहस्य अनावृत किया। विहंगम योग अपनी सरल साधना पद्धति के लिए जाना जाता है और यह एक ऐसी पद्धति है जो मात्र 10 मिनट के नियमित अभ्यास के द्वारा आपकी पूर्ण आत्मिक शक्ति को जागृत कर देती है तथा इसके अभ्यास हेतु किसी असामान्य जीवनशैली अपनाने की भी आवश्यकता नहीं होती।

# सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला(रोहतास)।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम 7 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें चार युवक घायल हो गए। दुर्घटना डिहरी-नासरीगंज पथ के बीच दरिहट बाजार के समीप उत्तर दिशा की ओर मुख्य सड़क पर हुई। दोनों बाइकों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अपाची और एक पल्सर बाइक तेज गति में आमने-सामने आ गईं। घायलों में अहरांव गांव निवासी धीरज कुमार और राजा कुमार शामिल हैं जिन्हें ग्रामीणों ने नजदीकी क्लीनिक में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें अपने साथ ले गए। घायल की पहचान चिलबिला निवासी उदय नारायण सिंह उर्फ दुल्ली सिंह के पुत्र हरेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई जिनको गंभीर चोटें आईं उनके पैर में गंभीर फ्रैक्चर बताया जा रहा है। चौथे घायल प्रेमचंद पासवान प्राथमिक उपचार के बाद घर लौट गए।

# ट्रैक्टर-बाइक में टक्कर, महिला की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** मल्हीपुर स्टेट हाईवे पथ पर पावर हाउस के समीप शनिवार को दोपहर तेज गति से आ रहा एक ट्रैक्टर ने जबरदस्त टक्कर मार दिया। बाइक पर सवार चेनारी थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव निवासी स्वर्गीय राम सुरेश दुबे के 65 वर्षीय पत्नी सिद्धेश्वरी कुंअर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उनके पुत्र धर्मेंद्र कुमार दुबे और मृतका के नाती 15 वर्षीय प्रियांशु कुमार घायल हो गए। सभी घायल को ग्रामीणों द्वारा सीएचसी चेनारी में भर्ती कराया गया जहां प्रियांशु दुबे को प्राथमिक उपचार करने के बाद बनारस रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि प्रियांशु का हालात काफी चिंताजनक है, सर में गंभीर चोट लगी है जबकि उनके पुत्र धर्मेंद्र दुबे का प्राथमिक उपचार सीएचसी चेनारी में चल रहा है, जो खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने बताया कि धर्मेंद्र दुबे अपनी मां को इलाज करने के लिए मोटरसाइकिल से चेनारी आ रहे थे। वृद्ध माता को बाइक पर बैठे प्रियांशु पकड़ कर चेनारी ला रहे थे। घटना के बाद गणेशपुर गांव के भारी संख्या में लोग सीएचसी चेनारी पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन जब्त बालू लदी ट्रक को पावर हाउस के समीप मुख्य सड़क पर ही विगत 1 साल से वहीं पर खड़ा कर दिया गया है।

# नेपाल से लौट रहे यात्रियों के लिए महिला कल्याण संगठन ने की नाश्ता, पानी की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देश तथा महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल छत्रसाल सिंह के निर्देशन में यात्रियों की सुविधा एवं सेवा को प्राथमिकता देते हुए नेपाल से लौटकर महाराष्ट्र की ओर जा रहे 106 यात्रियों के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के महिला कल्याण संगठन की पहल पर डीडीयू जंक्शन पर शॉर्ट नोटिस में विशेष यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की गई। दानापुर मंडल से यात्रियों के ट्रेन संख्या 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस से यात्रा करने की सूचना प्राप्त होने के बाद डीडीयू मंडल के महिला कल्याण संगठन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। शनिवार को सुबह लगभग सवा दस बजे ट्रेन के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंचने पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह यात्रियों के बीच पहुंचे। उन्होंने कोच में यात्रियों की सीट पर जाकर उनसे बातचीत की, उनका कुशलक्षेम जाना तथा यात्रा के अनुभवों की जानकारी ली। महिला कल्याण संगठन की ओर से यात्रियों के लिए नाश्ते के पैकेट, फल, पानी की बोतल एवं चाय की व्यवस्था की गई। संगठन की सदस्याओं एवं रेल कर्मचारियों द्वारा ये सामग्री यात्रियों की सीट तक पहुंचाई गई।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2026/08 दिनांक- 29.08.2026

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**

**[D.E.C.E. (L.E.)-2026] के Online Mop-up Counselling के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [D.E.C.E. (LE)-2026]-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DECE(LE)-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिलोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling आयोजित होगा।**

**इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling / Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DECE[LE])-2026/07 दिनांक 29.08.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी DECE(LE)-2026 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी/ निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिलोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में नामांकन ले चुके हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 02.09.2026 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं पाठ्यक्रम का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/15 दिनांक- 29.08.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु**

**Online Mop-up Round-2 Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/12 दिनांक- 01.08.2026 के क्रम में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 के PE कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PE)-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर Online Mop-up Counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में पॉलिटेकनिक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Round-2 Counselling होगा।**

**Willingness / Choice Filling / Mop-up Counselling** कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, **Willingness** एवं **Choice filling** की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट **bceceboard.bihar.gov.in** पर विज्ञापन संख्या-**BCECEB(DCECE)-2026/14** दिनांक **29.08.2026** द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

जो अभ्यर्थी DCECE(PE)-2026 की प्रथम अथवा द्वितीय / Mop-up चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के **पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र / Mop-up की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है *अथवा* सीट आवंटन उपरांत Document Verification के क्रम में किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है *अथवा* किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, **वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Round-2 Counselling** के लिए **पात्रता-प्राप्त (Eligible) हैं।**

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 31.08.2026 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक

# अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन कराने, अतिक्रमण व अवैध पार्किंग पर नियंत्रण तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि एनएच-20 पर अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के खिलाफ पांच अगस्त से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित स्थानों पर रम्बल स्ट्रिप, संकेतक बोर्ड एवं स्ट्रीट लाइट लगाने की कार्रवाई भी की गई है। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमणमुक्त रखने के लिए अभियान में और सख्ती लाने तथा शेष अवैध संरचनाओं को शीघ्र हटाने का निर्देश एनएचएआई को दिया। हिसुआ चौक पर अतिक्रमण हटाने के साथ ई-रिक्शा एवं टेम्पो के अनियंत्रित परिचालन से उत्पन्न जाम की समस्या के समाधान का निर्देश दिया गया। डीएम ने ऑटो व ई-रिक्शा स्टैंड के लिए उपयुक्त खाली स्थान चिन्हित करने तथा जाम के कारणों का विश्लेषण कर स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा। विश्व शांति चौक सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी के माध्यम से अवैध पार्किंग एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ ऑटोमेटिक चालान की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश नगर परिषद हिसुआ के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। वहीं, ट्रैफिक डीएसपी को हिसुआ चौक पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल की व्यवस्था करने तथा जरूरत के अनुसार ट्रैफिक शेड स्थापित कराने को कहा गया। दुकानदारों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर यह सुनिश्चित करना का निर्देश दिया गया कि दुकानें निर्धारित सीमा एवं रेलिंग के अंदर ही संचालित हों। इससे सड़क पर अतिक्रमण और यातायात बाधित होने की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

# नगर पंचायत में सार्वजनिक शौचालय निर्माण चार साल बाद शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली**। नगर पंचायत वासियों के 4 साल लंबे इंतजार के बाद वार्ड संख्या 7 में आखिरकार सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शनिवार को रजौली अस्पताल के बगल और ओम मेडिकल के सामने मध्य विद्यालय गली में चिन्हित भूमि पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया और निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई।

**टेंडर के बाद शुरू हुआ निर्माण :-** नगर पंचायत द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद संवेदक मौके पर पहुंचे। स्थानीय प्रशासन की मदद से अतिक्रमणकारी दुकानदारों को पहले ही हटने की सूचना दे दी गई थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी व नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गोपाल सिंह मौजूद रहे। संवेदक राजीव कुमार ने बताया कि जिला खनिज फाउंडेशन के तहत 3.78 डिसमिल भूमि पर यह शौचालय बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य अगले 2 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। बनने के बाद इसका संचालन जीविका दीदी के माध्यम से किया जाएगा और शुल्क के साथ सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**महिलाओं के लिए बड़ी राहत :-** रजौली बाजार में अब तक सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण बाजार करने आने वाली महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था। इससे उन्हें बार-बार शर्मसार होना पड़ता था। शौचालय बनने से इस समस्या का समाधान होगा। निर्माणाधीन शौचालय में पुरुष, महिला और दिव्यांगों के लिए अलग-अलग शौचालय और बाथरूम बनाए जाएंगे। इसके साथ वेटिंग हॉल, शुद्ध पेयजल और महिलाओं के लिए अलग सेनेटरी पैड डस्टबिन की भी सुविधा होगी। स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि यह कदम बाजार आने वाले लोगों के सम्मान और स्वच्छता के लिए बेहद जरूरी था। अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने भी कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों को बुनियादी सुविधा देना है। शौचालय निर्माण की खबर से आसपास के दुकानदारों और आम लोगों में खुशी है। लोगों का कहना है कि अब रजौली बाजार में आकर उन्हें सुविधा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

## एक नजर

### नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला नियोजनालय, नवादा के तत्वावधान में संयुक्त श्रम भवन, गोनावां, नवादा परिसर में जिला स्तरीय एकदिवसीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला आयोजित किया गया। मेले में 22 निजी क्षेत्र के नियोक्तों ने भाग लिया तथा कुल 1388 अभ्यर्थियों के बायोडाटा प्राप्त किए गए, जिनमें से 376 अभ्यर्थियों का स्थल पर चयन किया गया। इस दौरान युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डीआरसीसी, जिला उद्योग केंद्र, पीएमईजीपी, आरसेटी एवं जीविका द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई।

### नौ थाना कांडों में जब्त 375 लीटर शराब का किया विनष्टीकरण

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने के अभियान के तहत शनिवार को थाना परिसर में 9 अलग-अलग कांडों में जब्त लगभग 375 लीटर देशी-विदेशी शराब को विनष्ट किया गया। मजिस्ट्रेट के रूप में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार की उपस्थिति में पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर में गड्ढा खोदकर शराब को जमींदोज किया। अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि जिलाधिकारी नवादा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। रजौली थाना कांड संख्या 532/21, 240/26, 260/60, 346/26, 347/26, 350/26, 368/26, 376/26 एवं 393/26 में जब्त कुल 369 लीटर देशी महुआ शराब और 5.250 लीटर विदेशी शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में कई शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है।

### सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित

**पकरीबरावां**। प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों को हाथ की धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, कचरा प्रबंधन आदि की विस्तृत जानकारियां दी गई। इस दौरान नोडल शिक्षकों की देख रेख में बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद ई- शिक्षाकोष पर इसे इन्ट्री किया गया।

### खेलो और सीखो थीम पर पीटीएम आयोजित

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। खेलो और सीखो थीम पर आधारित अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावकों से घर में पढ़ाई का कोना बनाने का आग्रह किया गया। अभिभावकों से घर में पढ़ाई का वातावरण बनाने पर जोर दिया गया। उनसे नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने, साफ- सफाई के साथ स्कूल भेजने, बच्चों के आहार पर ध्यान देने आदि पर चर्चा हुई। अभिभावकों से कहा गया कि वे अपने बच्चों का गृह कार्य देखें। डायरी की जांच करें। बैठक के बाद विद्यालयों के प्रधानों ने गूगल शीट पर अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी से जुड़ी जानकारियां सबमिट की।

### अकबरपुर इंटर विद्यालय में हरे शीशम के पेड़ की कटाई का आरोप

**अकबरपुर**। अकबरपुर इंटर विद्यालय परिसर में वर्षों से लगे हरे-भरे शीशम के पेड़ को कथित रूप से बिना अनुमति कटवाए जाने का मामला सामने आया है। विरेंद्र कुमार, रामाशिष माझी समेत स्थानीय लोगों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद घोष पर बिना वन विभाग की अनुमति के पेड़ कटवाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीण रामाशिष माझी ने बताया कि विद्यालय परिसर में लगा शीशम का पेड़ काफी पुराना और हरा-भरा था। इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को छाया मिलती थी और विद्यालय का प्राकृतिक वातावरण भी बेहतर बना रहता था।

# आरओबी निर्माण की मांग को लेकर धरना, कांग्रेस ने दिया समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शहर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर केंद्रीय रेलवे रेलयात्री संघ की ओर से नगर थाना के समीप एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। संजय सिंह एवं उमाशंकर रजक के नेतृत्व में आयोजित धरने में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। धरना स्थल पर पहुंचकर नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन को समर्थन दिया। इस अवसर पर प्रभाकर झा ने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला लंबा ट्रैफिक जाम नवादा शहर के लोगों के लिए रोज की गंभीर समस्या बन चुका है। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज नहीं रहने के कारण स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में परेशानी होती है। व्यापारी वर्ग भी जाम से प्रभावित है। सबसे गंभीर स्थिति मरीजों की होती है, जिन्हें अस्पताल ले जाने के दौरान एंबुलेंस जाम में फंस जाती है। आपात स्थिति में कुछ मिनट की देरी भी मरीज के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। धरने के दौरान तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें 3 नंबर बस स्टैंड से इंदिरा चौक तक रेलवे ओवरब्रिज, 2 नंबर गुमटी के पास रेलवे ओवरब्रिज तथा नवादा-बुंदेलखंड के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शामिल है। संघ ने कहा कि इन स्थानों पर आरओबी बनने से शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू होने के साथ आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# नगर विकास एवं आवास विभाग की योजनाओं की जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न नगर निकायों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में बुडको के उप परियोजना निदेशक श्री कुंदन कुमार त्रिपाठी द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 15 योजनाओं का चयन किया गया था, जिनमें से 13 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 योजनाओं का कार्य लंबित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 14 योजनाओं का चयन किया गया है, जिनमें से 07 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 06 योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिला पदाधिकारी ने शेष योजनाओं में आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। नगर परिषद, नवादा अंतर्गत मंगर बिगहा पुल के पार से बुधौल होते हुए एन.एच.-20 तक नाला निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। उप परियोजना निदेशक, बुडको द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा को स्थल का स्वयं निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की जांच करने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि संबंधित एजेंसी द्वारा 30 सितंबर 2026 तक कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है, तो संबंधित एजेंसी का एकरारनामा रद्द करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए इसके साथ ही नगर परिषद नवादा में निर्माणाधीन विद्युत शवदाहगृह के निर्माण में विलंब पर संवेदक के विरुद्ध पेनाल्टी लगाने का निर्देश बुडको को दिया गया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों ने काटा केक, मेजर ध्यानचंद को किया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों ने हॉकी के जादूगर एवं महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर केक काटकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने मेजर ध्यानचंद के महान व्यक्तित्व, संघर्ष, अनुशासन और भारतीय खेल जगत में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आज ही के दिन अंतरराष्ट्रीय शूटर, ओलंपियन एवं बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। खिलाड़ियों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने अद्भुत खेल कौशल, अनुशासन, कड़ी मेहनत और देश के प्रति समर्पण से पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। मेजर ध्यानचंद ने यह साबित किया कि सच्ची लगन और निरंतर परिश्रम के बल पर कोई भी खिलाड़ी विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना सकता है। गुलशन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री एवं ओलंपियन श्रेयसी सिंह स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रही हैं और खेल की बारीकियों तथा खिलाड़ियों की समस्याओं को भली-भांति समझती हैं। उनसे नवादा जिले के खिलाड़ियों को खेल के विकास के लिए काफी उम्मीद और विश्वास है। नवादा में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है कि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल संसाधन और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराया जाए।

## नालंदा

# चार प्रखंडों में बीपीएससी अध्यापक संघ ने गठित की कार्यसमिति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ**। बीपीएससी अध्यापक संघ नालंदा ने संगठन को प्रखंड स्तर तक मजबूत करने की दिशा में पहल तेज कर दी है। शनिवार को जिले के गिरियक, कतरीसराय, बिंद और सरमेरा प्रखंडों में बैठक आयोजित कर नई कार्यसमिति का गठन किया गया। इस दौरान चारों प्रखंडों के अध्यक्षों का मनोनयन कर उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई।गिरियक प्रखंड अध्यक्ष के रूप में अभिजीत कुमार, कतरीसराय में उमेश कुमार चैधरी, बिंद में रविकांत कुमार तथा सरमेरा में विश्वजीत कुमार को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। संघ के जिला अध्यक्ष सूरज विद्यार्थी ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा कि कार्यसमितियों के गठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एकजुट कर उनकी समस्याओं और मांगों को मजबूती से संबंधित अधिकारियों एवं सरकार तक पहुंचाना है। नवनियुक्त अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंडों में शिक्षकों से संपर्क कर उनकी समस्याओं की जानकारी जुटाएंगे तथा संगठन के माध्यम से सामूहिक रूप से आवाज उठाएंगे।जिला अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर संघ आगे भी चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इसी क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर शिक्षकों को एकजुट किया जाएगा। इसके लिए बैठक और संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से ही शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। चारों प्रखंडों में कार्यसमिति गठन के बाद संगठन विस्तार के साथ आंदोलन की तैयारियां भी तेज होंगी।

# खेलो और सीखो थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सरमेरा**। मनोरंजन मध्य विद्यालय चेरों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नकी हसन अय्यूबी ने दी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अगस्त माह में खेलो और सीखो थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने बिहार सरकार की सोच तथा खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बताया कि अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी को सफल बनाने और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र और राशि देकर सम्मानित किया जाता है।शनिवार को श्रेष्ठ अभिभावक के रूप में गलुरु देवी, बिंदी देवी, काजल कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी को 'स्टूडेंट्स ऑफ द मंथ' के तहत सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं खेल गतिविधियों में भी भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की।मौके पर शिक्षक सतीश प्रसाद, चंद्रशेखर रविदास, मोनी कुमारी, शंभू कुमार, चंद्र प्रकाश, लालजी कुमार, पुरुषोत्तम विश्वास एवं सर्वोत्तम कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### 2 सितंबर को लगेगा दिव्यांगजनों के लिए विशेष रोजगार-सह-मार्गदर्शन शिविर

**बिहारशरीफ**। दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, नालंदा की ओर से 2 सितंबर को विशेष रोजगार-सह-मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय, बिहारशरीफ में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।बिहार सरकार की नियोजन सहायता योजना के तहत आयोजित इस शिविर में दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार के साथ करियर मार्गदर्शन और नियोजकों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। शिविर में यूथ फॉर जॉब्स फाउंडेशन, भी2 रिटेलर एल डी टी बिहारशरीफ तथा फिलिप्कार्ड की ओर से विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कुल 409 रिक्त पदों पर रोजगार का अवसर उपलब्ध है।यूथ फॉर जॉब्स फाउंडेशन में हाउसकीपिंग, सेल्समैन, डाटा ऑपरेटर सहित अन्य पदों के लिए 379 रिक्तियां हैं। 18 से 35 वर्ष आयु के 10वीं-12वीं उत्तीर्ण, कंप्यूटर ज्ञान एवं टाइपिंग की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को 11 हजार से 16 हजार रुपये तक वेतन मिलेगा। कार्यस्थल बिहार के विभिन्न हिस्सों में होगा। भी 2 रिटेल एलडीटी में सेल्समैन के 10 पद हैं, जबकि फिलिप्कार्ड में डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के 20 पदों पर नियुक्ति होगी। जिला नियोजनालय ने इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थियों से बायोडाटा और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर शिविर में पहुंचने की अपील की है।

### सूना घर पाकर चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवरात व बर्तन

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना क्षेत्र के पीतम्बपुर गांव में अज्ञात चोरों ने सूना घर पाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पीड़ित गृहस्वामी पीतम्बपुर निवासी शैलेंद्र कुमार उर्फ शेरू सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए इसलामपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है।आवेदन में गृहस्वामी ने बताया है कि कुछ दिन पूर्व वह पूरे परिवार के साथ घर में ताला लगाकर पटना चले गए थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने मोबाइल पर सूचना दी कि उनके घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद वह तत्काल गांव पहुंचे। घर पहुंचकर देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था।घर के अंदर प्रवेश करने पर सभी कमरों के ताले टूटे मिले। चोरों ने गोदरेज और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण के अलावा कांसा-पीतल के बर्तन समेत अन्य सामान चोरी कर लिया था। चोरी की घटना से परिवार के लोग सकते में हैं। घटना की सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### यूजीसी के समर्थन में 31 अगस्त को सामाजिक न्याय मोर्चा निकालेगा जुलूस

**बिहारशरीफ**। यूजीसी के समर्थन में सामाजिक न्याय मोर्चा के तत्वावधान में 31 अगस्त को बिहारशरीफ के श्रम कल्याण मैदान से जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस सुबह 11 बजे शुरू होकर जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचेगा, जहां धरना-प्रदर्शन कर विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। मोर्चा की प्रमुख मांगों में यूजीसी बिल 2026 लागू करने, समान शिक्षा प्रणाली लागू करने, न्यायिक नियुक्तियों में कॉलेजियम प्रणाली समाप्त कर यूपीएससी एवं बीपीएससी की तर्ज पर परीक्षा के माध्यम से जजों की बहाली करने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव समाप्त करने की मांग शामिल है। इसके अलावा एमएसपी पर कानून बनाने, किसानों को मुफ्त बिजली, उत्तम बीज व खाद उपलब्ध कराने की मांग भी रखी जाएगी। फुटपाथ दुकानदारों के लिए सर्वे किए गए स्थलों पर वेंडिंग जोन उपलब्ध कराने तथा अतिक्रमण, स्मार्ट सिटी और सौंदर्यीकरण के नाम पर दुकानदारों को उजाड़ना बंद करने की मांग की जाएगी। सामाजिक न्याय मोर्चा के जिला कमेटी सदस्य चंद्रशेखर प्रसाद, रामदेव चौधरी एवं रंजीत कुमार चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिक से अधिक लोगों से प्रदर्शन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यूजीसी का उद्देश्य उच्च शिक्षा में समानता और समावेशन को बढ़ावा देना है।

# वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस सेवादल का धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ**। वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने, वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के समायोजन तथा वर्षों से कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान, सेवा सुरक्षा, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा देने की मांग को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल का राज्यव्यापी आंदोलन शनिवार को नालंदा पहुंचा। हॉस्पिटल मोड़ पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक-कर्मचारी, प्राचार्य, कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी, कांग्रेसजन एवं विद्यार्थी शामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) संजय यादव ने कहा कि वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी पिछले चार दशकों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने में योगदान दे रहे हैं, लेकिन उनका भविष्य अब भी असुरक्षित है। उन्होंने सरकार से वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर संस्थानों के समायोजन तथा कर्मचारियों को नियमित वेतनमान और सुरक्षित सेवा व्यवस्था देने की मांग की।प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी अफरोज खान ने कहा कि शिक्षक केवल वेतन नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और सामाजिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। फैक्टनेब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कानन ने भी मांगों का समर्थन किया।धरना के बाद आंदोलनकारियों ने शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिंहा ने की। मौके पर डॉ. राधेश्याम शर्मा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. आनंद कुमार, एसपी सिंह, प्रो. कामेश्वर मिस्त्री, प्रो. उदय शंकर, प्रो. संजय पांडे समेत कई शिक्षक एवं कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। कतरीसराय थाना क्षेत्र के मुशहरी गांव के पास एक युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राजगीर थाना क्षेत्र के खरजम्मा गांव निवासी मुन्ना प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि शराब के अत्यधिक सेवन के कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि, पुलिस ने मामले को फिलहाल संदिग्ध बताया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चलने की बात कही है।परिजनों के अनुसार मुन्ना प्रसाद पिछले करीब छह वर्षों से कतरीसराय क्षेत्र में एक चिमनी भट्ठे पर काम करता था। रक्षाबंधन के दिन उसने घर जाने की बात कहकर अपने मालिक से चार हजार रुपये लिए थे। इसके बाद वह अपने गांव खरजम्मा जाने के बजाय मुशहरी गांव की ओर चला गया। परिजनों का कहना है कि वह नशे का आदी था और अक्सर मुशहरी गांव शराब पीने के लिए जाता था। रक्षाबंधन के दिन भी उसे मुशहरी गांव के पास नशे की हालत में देखा गया था।बाद में पुलिस ने मुशहरी गांव के पास से उसकी संदिग्ध हालत में शव बरामद किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने फोन पर बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जिला परिषद अध्यक्ष करेंगी निरीक्षण, नौ बिंदुओं पर मांगे गए अभिलेख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला परिषद नालंदा में शनिवार, 29 अगस्त को अध्यक्ष द्वारा निरीक्षण-सह-जांच की जाएगी। निरीक्षण को लेकर जिला परिषद कार्यालय की ओर से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण का समय अपराह्न 3 बजे निर्धारित किया गया है। जांच के दौरान जिला परिषद की दुकानों के निर्माण के लिए चयनित स्थलों, तैयार प्राक्कलन, नक्शा एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रखंडों में जिला परिषद की कितनी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, इससे संबंधित प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिला परिषद की सामान्य बैठक 13 मई 2026 में पारित एजेंडे के अनुपालन प्रतिवेदन तथा 12 मई को वित्त अंकेक्षण एवं योजना समिति और सामान्य स्थायी समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।जनप्रतिनिधियों के मासिक भत्ते से संबंधित अद्यतन रोकड़ पंजी प्रस्तुत करने और जिन प्रतिनिधियों का भत्ता लंबित है, उनके भुगतान की संभावित तिथि सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अलावा आय-स्रोत, पंचम एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग मद से 1 जनवरी 2026 से अब तक निर्गत कार्यादेश भी मांगे गए हैं।अन्य पांच समितियों की बैठकों की कार्यवाही व अनुपालन प्रतिवेदन तथा 25 जुलाई 2026 की सामान्य बैठक की कार्यवाही, वीडियो रिकॉर्डिंग और 29 सदस्यों द्वारा दिए गए निर्णय एजेंडे का मिलान भी कराया जाएगा।

# 369 पीडितों को 324.76 लाख की सहायता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की वर्ष 2026 की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ ने की।बैठक में समिति के सदस्यगण, जिला कल्याण पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), विशेष लोक अभियोजक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति थाना के थानाध्यक्ष समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिनियम के तहत दर्ज मामलों, पीडितों को उपलब्ध कराई गई आर्थिक सहायता तथा लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 136 लाभुकों को प्रथम किस्त तथा 233 लाभुकों को द्वितीय किस्त की सहायता राशि दी गई है। दोनों किस्तों को मिलाकर कुल 324.76 लाख रुपये का वितरण किया गया है। वहीं, जिले में अधिनियम के तहत कुल 70 पेंशनधारियों को प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।बैठक में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नोटः- इस खबर के साथ फोटो संख्या 4 है।

## मगध विवि के कुलपति का एएम कॉलेज में औचक निरीक्षण

# लॉ यूनिट के प्राचार्य सहित कई शिक्षक नदारद, स्पष्टीकरण तलब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया/बोधगया।** उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और अकादमिक अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में सख्त कदम उठाते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने शहर के प्रतिष्ठित ए.एम. कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। कुलपति के अचानक कॉलेज परिसर में पहुंचने से शिक्षकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान ए.एम. कॉलेज के प्राचार्य तो अपने कक्ष में समय पर उपस्थित मिले, लेकिन कॉलेज के अनेक शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी अपनी ड्यूटी से नदारद पाए गए। सबसे अधिक निराशाजनक स्थिति कॉलेज परिसर में ही संचालित हो रहे लॉ कॉलेज में देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान लॉ कॉलेज के प्राचार्य बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। वहां मौजूद कर्मचारियों ने कुलपति को बताया कि उपस्थिति पंजी प्राचार्य के ही कमरे में रखी है और उस कमरे में ताला जड़ा हुआ है। रजिस्टर बंद होने के कारण वहां उपस्थित कर्मचारी भी अपनी हाजिरी दर्ज नहीं करा सके थे। कर्मचारियों को इस बात की भी कोई जानकारी नहीं थी कि उनके प्राचार्य कब तक कॉलेज आएंगे।

बिना किसी सूचना के इस तरह की घोर लापरवाही और लेटलतीफी पर कुलपति प्रो. केशरी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए ड्यूटी से गायब सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विशेष रूप से लॉ यूनिट के प्राचार्य के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने साफ लहजे में हिदायत दी है कि पठन-पाठन और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही व मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों पर विश्वविद्यालय के नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अकादमिक अनुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय वर्तमान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है और नित्य नए मील के पत्थर स्थापित कर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस विकासात्मक यात्रा में अकादमिक अनुशासन और समयबद्धता सबसे अनिवार्य अंग है। शिक्षा के मंदिर में शिक्षकों का समय पर उपस्थित न होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। कुलपति की इस सख्त कार्रवाई के बाद पूरे विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अन्य कॉलेजों में भी समय-पालन को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है।

## पुलिस पर हमले के पुराने मामले की जांच तेज, भोरी गांव पहुंचे आईजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** पुरा थाना कांड संख्या 80/24 से जुड़े मामले में पुलिस जांच अब उच्च स्तर तक पहुंच गई है। शनिवार को आईजी विकास वैभव अचानक पुरा थाना क्षेत्र के भोरी गांव पहुंचे। उनके पहुंचते ही गांव में हलचल बढ़ गई। आईजी ने मामले से जुड़े घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा संबंधित लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। बताया जाता है कि पैक्स चुनाव के दौरान 30 नवंबर 2024 को पुलिस टीम एक नामजद आरोपी के घर छापेमारी करने गई थी। इसी दौरान पुलिस टीम पर हमला किए जाने का आरोप लगाया गया था। घटना को लेकर तत्कालीन पुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार की लिखित शिकायत पर तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष वृषकेतु कुमार सहित चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला दर्ज होने के बाद घटनाक्रम को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग आरोप सामने आए। वृषकेतु कुमार के भाई और सीआईएसएफ जवान राहुल कुमार ने अपने डीजी को शिकायत भेजकर पुलिस पर उनके पिता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। शिकायत में पुलिस की कथित मारपीट से उनके पिता की मौत होने का भी आरोप लगाया गया।

## स्वस्थ तन और मन के लिए खेल अति आवश्यक : डॉ. मो. अली हुसैन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मिर्जा गालिब कॉलेज, गया की खेल समिति के तत्वावधान में अंतरविभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने कहा कि स्वस्थ तन और मन के लिए खेल अति आवश्यक है। खेलकूद से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। साथ ही खेल हमारे भीतर अनुशासन, सहयोग और सामूहिक भागीदारी की भावना का विकास करते हैं। शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और स्वस्थ जीवन के लिए इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों एवं खेल समिति को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों के अध्यक्षों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मो. सैयद आसिफ अली विजेता रहे। मौके पर खेल समिति के प्रभारी डॉ. जोफैल हसन, पूर्व खेल प्रभारी डॉ. सरफराज खान, डॉ. परवेज वहाब, डॉ. फजलुर रहमान खान, डॉ. इरफाना नाहिद, डॉ. सिद्धार्थ गौतम, डॉ. मोहम्मद सफदर अली, सुश्री लुबना अंबरीन सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेतरकर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूर्व थानाध्यक्ष को दी गयी ससम्मान विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** पूर्व थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार को पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भारी मन से भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर उन्हें मिठाई खिलाते हुए अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं से लाद दिया गया। अखिलेश कुमार ने भावुक होते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से भूल-चूक के लिए क्षमा मांगा। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष पूजा कुमारी, एस आई अवधेश पासवान, एस आई ओमप्रकाश सिंह, सुनिल सिंह, ए एस आई अरूण कुमार सिंह, राजनीति राय, इजहार अहमद, सुहैल खान, तिवारी जी, अनिल कुमार, विनोद यादव सहित महिला एवं पुरुष सिपाहियों एवं चौकीदारगण उपस्थित रहे।

## खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के छात्रों, दिव्यांगों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक घंटा खेल के मैदान में थीम पर आधारित विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस दौरान फुटबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, बास्केटबाल, खो-खो, साइकलिंग, रस्सी कूद सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत प्रोत्साहित किया गया और स्वस्थ एवं संयमित दिनचर्या अपने के लिए व्यायाम और खेल को अपने जीवन में आत्मसात करने का शपथ दिलाया गया।

## चिराग की इस्तीफे की मांग पर मांझी का पलटवार, कहा उन्हें इस्तीफा देना चाहिए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने चिराग पासवान की ओर से उनके और मंत्री संतोष कुमार सुमन के इस्तीफे की मांग पर पलटवार किया है। मांझी ने कहा कि चिराग पासवान संतोष सुमन की बात को ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं, इसलिए इस तरह की मांग कर रहे हैं। मांझी ने कहा कि आरक्षण का लाभ वास्तविक रूप से वंचित लोगों तक पहुंचाने के लिए बंटवारा जरूरी है। जीतन राम मांझी ने कहा कि संतोष कुमार सुमन ने कोई नई या बड़ी बात नहीं कही है। उन्होंने पार्टी के सिद्धांत के तहत अपनी बात रखी है और उसी सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मांझी ने कहा कि अगर आरक्षण का लाभ समाज के उन लोगों तक नहीं पहुंचा, जो वास्तव में इससे वंचित हैं तो आने वाले समय में कई लोग आरक्षण के लाभ से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर लोगों के हित को देखते हुए आरक्षण के लाभ का बंटवारा जरूरी है। मांझी ने यह भी कहा कि इस मुद्दे को लेकर उनकी पार्टी मजबूती से अपनी लड़ाई लड़ेगी और इसके लिए सभी लोग साथ मिलकर संघर्ष करेंगे। जीतन राम मांझी ने चिराग पासवान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे गरीब लोगों के हितों को देखना नहीं चाहते, इसलिए इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

## नियम विरुद्ध बीइओ का अतिरिक्त प्रभार, शिक्षक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ, कोंच इकाई ने नियम विरुद्ध अतिरिक्त प्रभार दिए जाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार प्रखंडों में पदस्थापित पर्यवेक्षकों को ही बीइओ का प्रभार दिया जाना चाहिए। इसके बावजूद कोंच का अतिरिक्त प्रभार टिकारी के बीइओ डॉ. अभय कुमार रमण को दिया गया है। संघ ने डॉ. रमण के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र भ्रमण के नाम पर आर्थिक दोहन, सफाई कर्मियों के मद में अनियमितता और विद्यालयों में गड़बड़ी की शिकायतें हैं। शिक्षक संघ ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर कोंच में नियमों के अनुरूप पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रति डीएम गया और एसडीओ टिकारी को भी भेजी गई है।

## बाइक की टक्कर से घायल युवक की पटना में मौत, मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के मनियार विगहा मोड़ पर विगत रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल 46 वर्षीय दिनेश कुमार की शनिवार को पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मऊ-उसास देवरा पथ पर तेज रफ्तार बाइक ने दिनेश कुमार को टक्कर मार दी थी। आनन-फानन में उन्हें पहले गया के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर पटना रेफर कर दिया गया।

## जहानाबाद में विश्व संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य प्राथमिक सह माध्यमिक संस्कृत शिक्षक संघ की मगध प्रमंडलीय एवं जिला इकाई जहानाबाद के तत्वावधान में शनिवार को शहर के एक निजी सभागार में विश्व संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री संतोष कुमार सुमन, मंत्री संजय कुमार सिंह, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एस.के. सुनील ने की। वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. इंदु कश्यप ने उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद विद्यार्थियों ने संस्कृत गीत प्रस्तुत कर समारोह की शुरुआत की। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. एस.के. सुनील ने संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की प्राचीन और समृद्ध भाषाओं में से एक है। भारतीय ज्ञान, संस्कृति, साहित्य और परंपरा के विकास में संस्कृत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्कृत की महत्वपूर्ण भूमिका है और नई पीढ़ी को इस भाषा से जोड़ने के लिए विद्यालयों तथा समाज में इसके प्रति रुचि बढ़ाने की आवश्यकता है।

## सड़क पर पार्किंग और अतिक्रमण पर चलेगा डंडा, शेरघाटी को जाममुक्त बनाने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर को जाममुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए शेरघाटी एसडीओ सह आईएएस अधिकारी जतिन कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार की शाम उन्होंने थाना मोड़ के समीप चेरकी रोड पर लगने वाले जाम का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थानीय लोगों की शिकायत पर उन्होंने जाम की नियमित मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी शेरघाटी थाना को सौंपी। एसडीओ ने कहा कि बसों का ठहराव बस स्टैंड में ही होगा। जीटी रोड की दोनों लेन पर बस, टेंपो और ई-रिक्शा की अवैध पार्किंग तथा सड़क किनारे सवारी बैठाने पर रविवार से कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना वसूला जाएगा। चेरकी रोड पर बड़े वाहनों की बढ़ती आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की जाएगी। सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। स्थानीय लोगों ने एसडीओ को बताया कि डोभी रोड पर टोल चालू होने के बाद टोल से बचने के लिए भारी वाहन इस रास्ते से गुजर रहे हैं जिससे जाम की समस्या बढ़ गई है। एसडीओ ने थाना मोड़ के समीप रोजाना लगने वाले जाम पर नियंत्रण के लिए एसआई इम्तियाज को विशेष निगरानी का निर्देश दिया।

## अतिक्रमण व नाली से जल जमाव से लोग परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू बाजार का व्यवसायिक हब, रीढ़ कहा जाने वाला सब्जी मार्केट आज वर्षों से अतिक्रमण और नाली जाम की समस्या से यहां बसने वाले लोगों की स्वंय स्वार्थपन एवं कुछ सरकारी लापरवाही से दो-दो आंसू रोने को विवश हैं। गौरतलब है कि इस महल्ला के अधिकांश लोगों द्वारा सब्जी मार्केट के जमीन पर पूर्ण कब्जा वर्षों से जमा चुके हैं। नालियों को अपने दुकानों के तहखानों में छिपा चुके हैं। नाली की सफाई हो तो हो कैसे? आम दिनों के अलावे खासकर बरसात में घर-दुकान से निकलना दुश्वार हो जाता है। दूसरी ओर प्रति पांच साल पर आने वाले नया मुखिया जी नाली तो बनवाते रहते हैं, परन्तु उस नाली के पानी का मूलतः कहीं निकास नहीं होता है। परिणाम नाली टूटते बनते रह रहे हैं और समस्या ज्यों का त्यों। कहने को तो यह सब्जी मार्केट है, परन्तु इसके छावनी में एक भी सब्जी का दुकान नहीं। सामने के दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के सामानों को छावनी में हीं उड़ेलकर बेशर्म की तरह दुकान चलाते रहते हैं। साइकिल क्या पैदल चलने का रास्ता भी बमुश्किल से मिलता है। स्वयं नाली को जाम कर चुके हैं। साफ करने देते नहीं। नाली के उपर ओटा बना चुके हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इन्हें जबरदस्त शिकायत होती है। इसी शर्त पर मुखिया/वार्ड सदस्य जिताते हराते रहते हैं। चुनाव के बाद वही ढाक के तीन पात। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को चाहिए कि पूरे छावनी को हटाकर नये सिरे से इस मार्केट के जमीन को अतिक्रमण मुक्त करते हुए नये सिरे से दोनों ओर नाला का निर्माण कर नाला के अंतिम छोर को समुचित स्थान पर निकासी दे तभी इस सब्जी मार्केट की जल जमाव की समस्या का स्थायी निराकरण हो सकेगा।

## मवेशी बांधने को लेकर दो पक्षों में कहा-सुनी, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के आंती गांव में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा-सुनी हो गई। विवाद मवेशी बांधने को लेकर शुरू हुआ था। घटना को लेकर कृष्णा चौधरी ने रामजी चौधरी समेत परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आंती थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आंती प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## शिक्षाशास्त्र विभाग में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग में हॉकी के जादूगर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देश पर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। डॉ धीरज ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले दिनों में गया महाविद्यालय गया के खिलाड़ी एशियाड एवं ओलंपिक में अपना प्रतिनिधित्व कर अपना स्थान सुरक्षित कर गया महाविद्यालय गया का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रतिस्थापित करने में सफल होंगे। सभी विजेता खिलाड़ियों को विभाग की ओर से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समस्त खेल प्रतियोगिताएं खेल प्रशिक्षक विदुषी कुमारी की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में आयुष राज विजेता तथा दिवाकर कुमार उपविजेता रहे वहीं बालिका वर्ग में ज्योत्सना विजेता तथा अंजली राज उपविजेता रहीं। मेडल एवं प्रशस्तिपत्र पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक आम्रेंद्र कुमार, निकहत परवीन एवं अजय शर्मा सहित शिक्षिकेतर कर्मचारी कुमारी, संगीता राय, मोजाहिद इमाम अहमद, विकास कुमार एवं मोहम्मद साबिर की भी उपस्थिति रही।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

### ई० निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई0—निविदा संख्या— EE/RDSD/Palamau-F2-11/2026-27 (Two Envelope System)

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost(Rs.) | Amount of Earnest Money(Rs.) | Cost of Tender Paper(Rs.) | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पलामू जिला के प्रखंड हरिहरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढकचा के ग्राम ढकचा टोला बिजली टांड में सोरहर—मोरहर नदी पर पुल निर्माण। | 3,89,17,500.00 | 7,78,400.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि — **31.08.2026** (05:00 अपराह्न से)
3. ई—निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक **05.09.2026 ( अपराह्न 5:00 बजे से** दिनांक **06.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।**
4. ई—निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय —0**8.10.2026** अपराह्न 3:00 बजे।
6. **वित्तीय बिड खोलेन की तिथि — पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।**
7. ई—निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई—निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० — 06562—355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट—बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

PR 388590 District (26-27)_D



बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/12 दिनांक– 29.08.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**
**[B.C.E.C.E. (L.E.)-2026] के आधार पर बिहार राज्य के विभिन्न सरकारी अभियंत्रण संस्थानों के त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु Online Mop-up कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/06 एवं 2026/07 दिनांक- 12.07.2026 के क्रम में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2026 मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि BCECE(LE)-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र की Online Counselling के माध्यम से बिहार राज्य के सरकारी अभियंत्रण एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Darbhanga में अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के **द्वितीय वर्ष** में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

**इन रिक्त सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling/ Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE[LE])-2026/11 दिनांक 29.08.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी BCECE(LE)-2026 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों के अभियंत्रण पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन ले चुके हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 02.09.2026 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक



बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2026/14 दिनांक– 29.08.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026**
**सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में B. Tech. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रक्रियानुसार नामांकन पूर्ण होने के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2026 के आधार पर नामांकन हेतु Online Mop-up Counselling आयोजन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

BCECE-2026 के मेधासूची के आधार पर PCM / PCM of PCMB Group ग्रुप की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम / द्वितीय चक्र की online Counselling के माध्यम से राज्य के विभिन्न अभियंत्रण महाविद्यालयों अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के अंतर्गत B.Tech. (Dairy Technology) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नामांकन तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Darbhanga में अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् बाकी बचे सीटों पर पर्षद द्वारा आयोजित BCECE-2026 (PCM / PCM of PCMB Group) के मेधासूची के अनुसार मेधा–सह–विकल्प के आधार पर सीट आवंटन एवं नामांकन Online Mop-up Counselling के माध्यम से किया जायेगा। शेष रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

**इन रिक्त सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling/ Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या–BCECEB(BCECE)-2026/13 दिनांक 29.08.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी BCECE-2026 (PCM / PCM of PCMB Group) की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से अभियंत्रण संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं और Mop-up Counselling भाग लेना चाहते हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी भी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता–प्राप्त हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 02.09.2026 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

# नेपाल में कुदरत का कहर

नेपाल में बुधवार को जिस तरह अचानक जल प्रलय की स्थिति बनी और सैंकड़ों मौते हुईं, वह न केवल प्रकृति के कोप बल्कि पर्यावरण के साथ मनुष्य की अनाधिकृत छेड़छाड़ का भी नतीजा है। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक मिली सूचना के मुताबिक 162 लोगों की मौत हो चुकी है। 27 देशों में 468 पर्यटक लापता हैं, जिनमें कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए 133 भारतीय भी शामिल हैं। चीन के मुताबिक तिब्बत में भी नेपाल इस हादसे में भयंकर तबाही हुई है। उसके 13 हाइड्रो पॉवर प्लांट, 40 किमी सड़क और 19 पुल पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। कई गांव मलबे में तब्दील हो गए हैं। नेपाल और तिब्बत के बीच बना फ्रेंड शिप ब्रिज टूटकर बह गया है। इस भयंकर हादसे में जानमाल का कुल कितना नुकसान हुआ है, यह तो बाद में ही पता चलेगा। लेकिन मुश्किल की इस घड़ी में भारत अपने छोटे भाई समान नेपाल के साथ खड़ा है। हिमालय की गोद में बसे नेपाल में प्राकृतिक आपदा कोई नई बात नहीं है। लेकिन बुधवार को जो हुआ, उसने कई भूगर्भ और पर्यावरण विज्ञानियों को चिंता में डाल दिया है। शुरुआत में माना जा रहा था कि बाढ़ से पहले भूकंप आया था, लेकिन अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक चीन की तरफ ल्हेंदे नदी में पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर गिरा था।


इसी लैंडस्लाइड से 5.2 तीव्रता के भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। बुधवार सुबह 8:37 बजे नेपाल-चीन सीमा के पास, काठमांडू के उत्तर में तेज झटके महसूस किए गए। इसी दौरान पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बर्फ और चट्टानों के साथ टूटकर नीचे गिरा और ल्हेंदे खोला नदी में जा गिरा। यह नदी भोटेकोशी नदी की सहायक नदी है, जो चीन से निकलकर गहरी घाटियों से होते हुए नेपाल में प्रवेश करती है।

इसके बाद ल्हेंदे नदी से पानी और मलबे का सैलाब भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में पहुंचा, जिससे बाढ़ आई। बहाव इतना तेज था कि लोगों और मलबे को करीब 150 किलोमीटर दूर चितवन तक बहा ले गया, जहां अब तक 33 शव बरामद किए गए हैं। खराब मौसम के कारण राहत कार्य में भी मुश्किल आ रही है। यह आपदा केवल नेपाल तक ही सीमित नहीं है। इसका सीधा सम्बन्ध नेपाल सीमा से लगे बिहार और यूपी से भी है। क्योंकि नेपाल का पानी त्रिशूली नदी से होते हुए गंडक तक पहुंचेगा। नेपाल की नारायणी नदी ही बिहार में गंडकी के नाम से बहती है। नेपाल के रसुवा जिले में बुधवार को बाढ़ से तबाही के बाद बिहार की गंडक नदी में पानी बढ़ने लगा है।

लिहाजा नेपाल से करीब 3 मीटर ऊंची फ्लड वेव आने का अलर्ट है। ऐसे में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली में खास सतर्कता बरती जा रही है। सीतामढ़ी और शिवहर पर भी नजर है। उसी तरह यूपी के महाराजगंज और कुशीनगर में भी अलर्ट जारी किया गया है। गंडक बैराज पर नेपाल में हुई तबाही का मलबा भी दिखाई दे रहा है। पानी के साथ भैंस, फ्रिज और घरों का सामान भी बहकर आ रहा है। इस बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह से बात कर पूरी मदद का भरोसा दिया है। जबकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लापता लोगों की 'पूरी ताक़त' से तलाश अभियान चलाने की अपील की है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा कि उनकी सरकार नेपाल में मौजूद ब्रिटिश नागरिकों की मदद के लिए 'हर संभव कोशिश' करेगी। अमेरिका ने भी नेपाल को तुरंत 5 लाख डॉलर की मदद का ऐलान किया है। नेपाल को इस हादसे से उबरने में वक्त लगेगा।

# शिक्षा के लिए संघर्ष करता समाज

**'जेन जी' और 'जेन अल्फा' के हाल के आंदोलनों की मेहरबानी से लगभग अनदेखा किया जाता रहा शिक्षा का मसला एक बार फिर मैदान में है। देशभर में उठ रहे इस बेहद जरूरी मुद्दे को कैसे सुलझाया जाना चाहिए? उसके लिए जरूरी संसाधनों से लगाकर स्कूल भवनों, शैक्षिक सामग्री और उम्दा शिक्षकों की आपूर्ति कैसे की जा सकती है? हम अपने बच्चों से बहुत उम्मीदें रखते हैं। हम चाहते हैं कि वे दुनिया की बड़ी-से-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से मुकाबला करें, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) की लड़ाई में सबसे आगे रहें, चांद पर जाएं, दुनिया की बड़ी कंपनियों के सीईओ बनें और भारत को विकसित देश बनाएं, लेकिन इस पूरी उम्मीद की शुरुआत आखिर होती कहां से है? एक छोटे से स्कूल की शुरुआती कक्षा से। उस कक्षा में रखी एक साफ-सुथरी बेंच से। एक बेहतरीन शिक्षक से। एक ब्लैकबोर्ड से। साफ पीने के पानी और साफ शौचालय से। उस किताब से, जिसे बच्चा पढ़ सके और समझ भी सके।**



यही हमारी सबसे बड़ी विडंबना है। हम भविष्य की इमारत बहुत ऊंची बनाना चाहते हैं, लेकिन उसकी नींव को लेकर उतने बेचैन नहीं हैं। हाल में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रसन्न बी. वराले ने नासिक में अपने पुराने स्कूल के कार्यक्रम में जो बात कही, वह इसी बेचैनी को सामने लाती है। उन्होंने महाराष्ट्र में मराठी माध्यम के स्कूलों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार कुंभ के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च कर रही है और अगर उसमें से सिर्फ 0.1 प्रतिशत, यानी करीब 32 करोड़ रुपए, शिक्षा पर खर्च होते तो 100-150 मराठी स्कूल बंद होने से बच सकते थे।

अगर हम दुनिया के बेहतरीन एयरपोर्ट और एक्सप्रेसवे बनाने की महत्वाकांक्षा रखते हैं तो बच्चों के लिए एक वर्ल्ड-क्लास स्कूल बनाने की महत्वाकांक्षा क्यों नहीं रखते? यही वह सवाल है जिसे आज राजस्थान से लेकर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र तक अलग-अलग रूपों में बच्चे, अभिभावक और शिक्षक उठा रहे हैं।

मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूलों के विलय और 'वन स्कूल-वन कैंपस' जैसी कवायद के खिलाफ विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का विरोध इसी बेचैनी की एक ताजा अभिव्यक्ति है। महाराष्ट्र में बंद होते मराठी माध्यम स्कूलों को लेकर जस्टिस वराले की चिंता सामने आई है। दूसरी तरफ देश के कई हिस्सों में सरकारी स्कूलों की इमारत, शिक्षक, फर्नीचर और दूसरी बुनियादी सुविधाओं को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। यह केवल विपक्ष, किसी राजनीतिक दल या किसी आंदोलन का बनाया हुआ मुद्दा नहीं है।

कहीं बच्चे फर्श पर बैठते हैं, तो कहीं पेड़ों के नीचे ही पढ़ाई करने पर मजबूर हैं। कहीं एक शिक्षक कई कक्षाओं को संभालता है। कहीं स्कूल की इमारत है, लेकिन प्रयोगशाला नहीं। कहीं कंप्यूटर हैं, तो चलाने वाला नहीं। कहीं शिक्षक है, तो उसे पढ़ाने के बजाय दर्जनों दूसरे सरकारी कामों में लगा दिया जाता है। और फिर हम उसी बच्चे से कहते हैं– प्रतिस्पर्धा करो। दुनिया से प्रतिस्पर्धा करो। असल सवाल यह है कि हमने उसे प्रतिस्पर्धा करने के लिए दिया क्या?

शिक्षा की समस्या केवल स्कूल-बिल्डिंग की नहीं है। स्कूल की दीवार के भीतर होने वाली पढ़ाई उससे भी ज्यादा जरूरी है। यहीं हमें 'जेन अल्फा' की पीढ़ी को समझना होगा। जिस बच्चे के हाथ में घर पहुंचते ही स्मार्टफोन है, जो 'यू ट्यूब' पर दुनिया के किसी भी शिक्षक को सुन सकता है, जो गेमिंग, 'एआई' और डिजिटल दुनिया के बीच बड़ा हो रहा है, उसे अगर स्कूल में टूटी बेंच, पुराने तरीके की रटंत पढ़ाई और संसाधनों की कमी मिलेगी तो उसके और स्कूल के बीच दूरी बढ़ना स्वाभाविक है। यह केवल शिक्षा की समस्या नहीं है। यह आने वाले भारत की समस्या है।

इसीलिए 'कॉकरोच जनता पार्टी' जैसे आंदोलनों या सोशल मीडिया पर सरकारी स्कूलों की बदहाली दिखाने वाले अभियानों को केवल मजाक, स्टंट या राजनीतिक विरोध कहकर खारिज कर देना आसान नहीं है। अगर कोई संगठन सरकार से पूछता है कि कितने स्कूलों की मरम्मत हुई, कितने स्कूलों में शिक्षक हैं, कितने पद खाली हैं, कितना पैसा आवंटित हुआ और कितना खर्च हुआ, कितने स्कूलों में कंप्यूटर, साफ शौचालय और खेल की सुविधा है–तो इन सवालों का जवाब मिलना चाहिए।

यह लड़ाई किसी धर्म या सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि उस सोच के खिलाफ है जिसमें स्कूल को खर्च और बच्चे को लाभार्थी समझा जाता है। बच्चा लाभार्थी नहीं है। बच्चा देश की सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे में हमारी प्राथमिकता यह क्यों न हो कि देश का हर सरकारी स्कूल 'अच्छा स्कूल' नहीं, बल्कि सबसे अच्छा स्कूल बने? अगर शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण है तो उसे सबसे बेहतर प्रशिक्षण और सम्मानजनक वेतन देने में हमें संकोच क्यों होना चाहिए? क्यों न स्कूलों के लिए भी वही महत्वाकांक्षा रखी जाए जो हम बड़े शहरों, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक कॉरिडोर के लिए रखते हैं?

शिक्षा का असली सुधार भवन बनाने से शुरू होगा, लेकिन वहीं खत्म नहीं होगा। हमें यह भी तय करना होगा कि बच्चे क्या पढ़ें, क्यों पढ़ें और कैसे पढ़ें। पाठ्यक्रम ऐसा हो जो केवल परीक्षा पास करने के लिए नहीं, जीवन समझने के लिए तैयार करे। शिक्षक केवल पाठ पूरा न करे, यह देखे कि बच्चा समझ भी रहा है या नहीं। बच्चे की सफलता केवल उसके नंबर से नहीं, उसकी जिज्ञासा, सोचने की क्षमता, समस्या हल करने की क्षमता और आत्मविश्वास से भी मापी जाए।

यह काम अकेले सरकार नहीं कर सकती। सरकार को पैसा और व्यवस्था देनी होगी। निजी क्षेत्र और 'सीएसआर' को स्कूलों को गोद लेने से आगे बढ़कर दीर्घकालीन शैक्षिक साझेदारी करनी होगी। समाज को भी यह समझना होगा कि अपने आसपास के स्कूल को बेहतर बनाना किसी 'गरीब बच्चे' पर दया करना नहीं, अपने ही देश के भविष्य में निवेश करना है। और सबसे जरूरी बात–इसमें राजनीतिक दलों को भी अपनी प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। चुनाव के समय मुफ्त बिजली, मुफ्त सामान, बड़ी घोषणाएं और बड़े आयोजन राजनीतिक बहस का हिस्सा बनते हैं। क्यों न कभी चुनाव का सबसे बड़ा सवाल यह हो कि राज्य के सरकारी स्कूल कितने अच्छे हैं? मंदिर की भव्यता हमें हमारी आस्था की ताकत बताती है। एक्सप्रेसवे हमारी आर्थिक क्षमता की, लेकिन एक सरकारी स्कूल की गुणवत्ता हमें बताती है कि हम अपने भविष्य को कितनी गंभीरता से लेते हैं। हम भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, लेकिन उस भारत की नींव आज जिस कक्षा में रखी जा रही है, वहां बच्चे फर्श पर बैठे हों, शिक्षक कम हों और बुनियादी सुविधाएं अधूरी हों, तो हमें एक बार रुककर पूछना चाहिए–हम जिस विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, उसके नागरिक तैयार कहां हो रहे हैं? (सप्रेस)

अध्यात्म

## जहां सम्मानपूर्वक आमंत्रित न किया गया हो, वहां जाने से पहले सोच-विचार जरूर करें

अभी सावन महीना चल रहा है। यह महीना भगवान शिव की भक्ति और उनकी कथाओं को सुनने-समझने का विशेष अवसर माना जाता है। शिव जी से जुड़ी कथाओं में केवल धार्मिक भाव ही नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने वाली कई महत्वपूर्ण सीख भी मिलती हैं। ऐसी ही एक कथा भगवान शिव और माता सती से जुड़ी है, जो हमें रिश्तों में समझदारी और मर्यादा का महत्व बताती है। जब माता सती का विवाह भगवान शिव से हुआ, तब उनके पिता प्रजापति दक्ष इस विवाह से प्रसन्न नहीं थे। वे शिव जी को पसंद नहीं करते थे। एक बार दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया। उन्होंने सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, सिर्फ भगवान शिव और माता सती को निमंत्रण नहीं भेजा।

जब माता सती को अपने पिता के यज्ञ के बारे में पता चला, तो उन्होंने शिव जी से वहां जाने की इच्छा व्यक्त की। भगवान शिव ने उन्हें समझाया कि जब बुलावा नहीं आया है, तो वहां जाना उचित नहीं होगा, लेकिन माता सती अपने पिता के घर जाने की इच्छा पर अड़ी रहीं और अंततः यज्ञ स्थल पर पहुंच गईं।

वहां पहुंचकर माता सती को पता चला कि शिव जी को जानबूझकर आमंत्रित नहीं किया गया था। माता सती ने अपने पिता से इसका कारण पूछा। दक्ष ने भगवान शिव के प्रति अपमानजनक बातें कहीं। अपने पति का अपमान माता सती सहन नहीं कर सकीं और वहीं यज्ञ की अग्नि में देह त्याग दी। जब भगवान शिव को यह मालूम हुआ, तो वे अत्यंत क्रोधित और दुखी हुए। इसके बाद भगवान शिव ने वीरभद्र को भेजकर दक्ष प्रजापति को दंडित किया, उसका यज्ञ बर्बाद कर दिया।

### प्रसंग की सीख

हर जगह जाना जरूरी नहीं होता। जहां आपको सम्मानपूर्वक आमंत्रित न किया गया हो, वहां जाने से पहले परिस्थितियों पर विचार करें। आत्मसम्मान और मर्यादा को महत्व दें।

### जीवनसाथी की सही सलाह सुनें

पति-पत्नी केवल भावनात्मक साथी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सलाहकार भी होते हैं। यदि साथी किसी निर्णय के संभावित नुकसान की ओर ध्यान दिला रहा है, तो उसकी बात शांत मन से सुनें और बात सही हो, तो उसे स्वीकार भी करें।

# सवाल पहनावे का नहीं, पर्व की गरिमा का है

**रक्षाबंधन कैलेंडर की तारीख भर नहीं है। वह हर साल लौटकर हमारे घरों के दरवाजे पर दस्तक देता है और पूछता है, रिश्तों की उम्र कितनी होती है? एक धागा आखिर कितना मजबूत हो सकता है? और क्या प्रेम को किसी वचन की जरूरत होती है?**

**भाई की कलाई पर बंधी राखी का धागा देखने में जितना मामूली होता है, उसकी स्मृति उतनी ही गहरी होती है। उसमें बचपन की शरारतें होती हैं, बहन की चिंता होती है, भाई का भरोसा होता है और उन तमाम वर्षों की एक अनकही प्रतिज्ञा होती है, जिनमें दोनों अलग-अलग दिशाओं में चलते हुए भी एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। इसीलिए रक्षाबंधन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, भारतीय पारिवारिक स्मृति का हिस्सा है। शायद यही कारण है कि जब किसी बड़े ब्रांड का रक्षाबंधन से जुड़ा विज्ञापन सार्वजनिक बहस का विषय बनता है, तो मामला केवल विज्ञापन का नहीं रह जाता।**

हाल में अभिनेत्री कृति सैनन और एक आभूषण ब्रांड से जुड़े विज्ञापन को लेकर उठे विवाद ने इसी सवाल को सामने ला दिया है,रचनात्मक स्वतंत्रता की सीमा कहां तक है और सांस्कृतिक संवेदनशीलता की शुरुआत कहां से होती है? विज्ञापन में कृति सैनन आधुनिक परिधान में अपने भाई को राखी बांधती दिखाई देती हैं। इसके बाद वह अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधती हैं और उसे परिवार का हिस्सा मानने का भाव सामने आता है। किसी के लिए यह बदलते पारिवारिक रिश्तों की सहज अभिव्यक्ति थी, तो किसी के लिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व की गरिमा के साथ किया गया अनावश्यक प्रयोग।विरोध बढ़ा तो ब्रांड ने अपनी सफाई दी और विज्ञापन वापस लेने का निर्णय लिया। इसके बाद बहस और तेज हो गई,क्या यह महिला की स्वतंत्रता पर हमला है या एक सांस्कृतिक पर्व की प्रस्तुति पर सवाल? यहीं ठहरकर इस पूरे विवाद को देखने की जरूरत है।क्योंकि सवाल कृति सैनन के पहनावे का नहीं है। सवाल उस पहनावे को लेकर भी नहीं होना चाहिए। सवाल उस सार्वजनिक प्रस्तुति का है, जिसे एक व्यावसायिक ब्रांड ने करोड़ों लोगों तक पहुंचाने के लिए चुना। किसी महिला को क्या पहनना है, यह उसका निजी अधिकार है। उसके कपड़े उसके चरित्र, संस्कार या नैतिकता का प्रमाणपत्र नहीं हैं। किसी अभिनेत्री को उसके वस्त्रों के आधार पर अपमानित करना न संस्कृति की रक्षा है और न सभ्यता की।

लेकिन दूसरी तरफ यह भी उतना ही सच है कि निजी जीवन और सार्वजनिक विज्ञापन एक ही चीज नहीं होते।



अपने घर में कोई परिवार रक्षाबंधन किस तरह मनाता है, यह उसका निजी संसार है। कोई बहन अपने भाई को राखी बांधे, अपनी बहन को बांधे या अपने पालतू पशु को परिवार का सदस्य मानकर उसके साथ भी यह स्नेह साझा करे,इसमें आपत्ति की कोई स्वाभाविक वजह नहीं हो सकती। पर जब यही दृश्य एक ब्रांड के विज्ञापन का हिस्सा बनता है और उसके पीछे करोड़ों रुपये का बाजार, प्रचार और उपभोक्ता संस्कृति खड़ी होती है, तब उसकी व्याख्या केवल निजी पसंद के आधार पर नहीं की जा सकती। व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान जरूरी है, लेकिन सार्वजनिक प्रस्तुति में सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी जरूरी है।

कृति सैनन ने आलोचनाओं के जवाब में यह भाव रखा कि संस्कृति केवल वस्त्रों में नहीं, बल्कि मन और संस्कारों में रहती है। यह बात अपने भीतर एक महत्वपूर्ण सच्चाई रखती है। संस्कृति किसी साड़ी, सलवार, घूंघट या किसी खास पहनावे में कैद नहीं होती। भारतीय समाज की संस्कृति सदियों से बदलती रही है। वस्त्र बदले, भाषाएं बदलीं, पारिवारिक ढांचे बदले, त्योहार मनाने के तरीके बदले।लेकिन संस्कृति केवल मन में रहने वाली कोई अमूर्त चीज भी नहीं है। वह हमारे व्यवहार, प्रतीकों, स्मृतियों और सामूहिक अनुभवों में भी दिखाई देती है।

रक्षाबंधन में राखी केवल धागा नहीं है। तिलक केवल रंग नहीं है। मिठाई केवल मिठास नहीं है। बहन का भाई की कलाई पर धागा बांधना केवल एक क्रिया नहीं है। इन सबके पीछे पीढ़ियों की स्मृति है।और जब कोई ब्रांड इस स्मृति को अपने उत्पाद की बिक्री से जोड़ता है, तो उससे यह अपेक्षा करना अनुचित नहीं कि वह उस स्मृति की गरिमा को भी समझे। यहीं विज्ञापन की रचनात्मकता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन की जरूरत पैदा होती है।

आज त्योहार बाजार के लिए बड़े अवसर हैं। दीपावली पर कपड़े बिकते हैं, होली पर रंग और रक्षाबंधन पर आभूषण। भावनाएं अब विज्ञापन की भाषा का हिस्सा हैं। कंपनियां रिश्तों की कहानियां बनाती हैं और उन्हीं कहानियों के भीतर अपने उत्पाद को रख देती हैं। इसमें कोई बुराई नहीं। बाजार भी समाज का हिस्सा है। लेकिन जब बाजार भावनाओं को बेचने के लिए उनका सहारा लेता है, तब उसे यह भी समझना चाहिए कि भावनाएं केवल 'कंटेंट' नहीं होतीं। किसी के लिए जो विज्ञापन की एक रचनात्मक पंक्ति है, वह किसी दूसरे के लिए उसकी बचपन की स्मृति हो सकती है।यही अंतर इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है।

दुर्भाग्य यह है कि सोशल मीडिया ने बहस को विचार से ज्यादा व्यक्ति पर केंद्रित कर दिया है। किसी ने सवाल उठाया नहीं कि तुरंत उसे पिछड़ी मानसिकता का प्रतिनिधि बना दिया जाता है। दूसरी तरफ किसी विज्ञापन में आधुनिकता दिखाई दी नहीं कि उसे संस्कृति विरोधी घोषित कर दिया जाता है।दोनों अतियां खतरनाक हैं।

यदि कोई महिला के कपड़ों पर अभद्र टिप्पणी करता है तो उसका विरोध होना चाहिए। यदि कोई अभिनेत्री के चरित्र को उसके पहनावे से जोड़ता है तो उसे रोका जाना चाहिए। लेकिन यदि कोई यह प्रश्न उठाता है कि किसी पारंपरिक पर्व को विज्ञापन में इस रूप में प्रस्तुत करना उचित है या नहीं, तो उस प्रश्न को महिला-विरोधी कहकर समाप्त कर देना भी उचित नहीं। आलोचना और अपमान के बीच एक महीन, लेकिन बेहद जरूरी रेखा होती है। लोकतंत्र में असहमति की जगह होती है। संस्कृति में भी बहस की जगह होती है। और शायद हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि परंपरा कोई पत्थर की लकीर नहीं है। यदि ऐसा होता तो आज रक्षाबंधन मनाने का तरीका भी वही होता, जो सैकड़ों वर्ष पहले था। समय के साथ परंपराएं बदलती हैं, नए अर्थ ग्रहण करती हैं और नई पीढ़ियां उन्हें अपने तरीके से जीती हैं। लेकिन परिवर्तन और विस्मृति में फर्क होता है।

आधुनिकता का अर्थ यह नहीं कि पुरानी हर चीज को पुराना और अप्रासंगिक घोषित कर दिया जाए। उसी तरह परंपरा का अर्थ भी यह नहीं कि हर नए विचार को अस्वीकार कर दिया जाए।

परंपरा वह नदी है जो बहते हुए अपना रास्ता बदल सकती है, लेकिन अपनी पहचान पूरी तरह नहीं खोती।

इस विवाद ने एक और असहज प्रश्न सामने रखा है, क्या हमारी सांस्कृतिक संवेदनशीलता सभी धर्मों और परंपराओं के लिए समान है? यदि किसी अन्य धर्म के पवित्र अवसर, प्रतीक या धार्मिक परंपरा को भी विज्ञापन की रचनात्मकता के नाम पर बदला जाए, तो क्या हमारी प्रतिक्रिया उतनी ही सहज होगी? यह सवाल किसी धर्म को श्रेष्ठ या दूसरे को कमतर साबित करने के लिए नहीं है। सवाल सिर्फ इतना है कि क्या हमारे मानदंड सबके लिए एक जैसे हैं?

लेकिन इस प्रश्न का उत्तर भी भावनाओं से नहीं, तथ्यों से मिलना चाहिए। बिना प्रमाण के यह दावा करना कि केवल किसी एक धर्म या समुदाय की परंपराओं का ही मजाक बनाया जाता है, उतना ही गलत है जितना किसी वास्तविक सांस्कृतिक असंवेदनशीलता को केवल 'रचनात्मक स्वतंत्रता' कहकर खारिज कर देना।हमें न चयनात्मक आक्रोश चाहिए, न चयनात्मक सहिष्णुता।सोशल मीडिया के इस दौर में शायद सबसे मुश्किल काम यही है कि हम किसी बात से असहमत होकर भी सामने वाले का सम्मान बचाए रखें।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बातचीत से लाभ और दफ्तर में नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। फालतू खरीदारी से बचेंगे तो स्थिति सामान्य बनी रहेगी। सामूहिक योजनाओं और भविष्य में मिलने वाले नए मौकों पर चर्चा ला सकता है।

**वृषभ**
आज बजट की देखरेख और दफ्तर में धीरज बनाए रखे। आपको पैसों की व्यवस्था पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत महसूस होगी।

**मिथुन**
आज नई योजना पर विचार और काम की प्राथमिकता पर ध्यान देना होगा। बातचीत और लेन-देन से पैसों के मामले सक्रिय रहेंगे। लाभ के मौकों को भुनाने का मन करेगा।

**कर्क**
आज आप भविष्य की सुरक्षा और जिम्मेदारी से काम करेंगे। आगे की योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। वित्तीय स्थिति को मजबूत करने को लेकर भरोसा बढ़ेगा।

**सिंह**
आज आत्मविश्वास से लाभ और गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। अपने निर्णयों में भरोसा रहेगा। कमाई के नए रास्तों पर चर्चा के लिए दिन अच्छा है। अत्यधिक भरोसे में

**कन्या**
आज खर्चों में सावधानी और काम में सुधार पर ध्यान दे। पैसों के मामले में खास सावधान रहने को कहता है। आप ऐसी चीजों पर खर्च कर सकते हैं जो तुरंत जरूरी नहीं हैं।

**तुला**
आज सीमित खर्च और नेटवर्क से सहयोग मिलेगा। कसी साथी या नेटवर्क के जरिए आर्थिक मौका मिल सकता है। पूरी बात समझे बिना कोई वादा न करें।

**वृश्चिक**
आज आर्थिक मजबूती और पेंडिंग काम करे। आज अपनी वित्तीय स्थिति को सुरक्षित करने की सोच रहेगी। तुरंत लाभ पाने के चक्कर में पड़ने के बजाय जो पास है उसे मजबूत करें।

**धनु**
आज नए विचारों और बातचीत से कमाई की स्थिति सुधर सकती है। केवल उत्साह में आकर फैसला न लें, पहले पूरी जांच करें। अगर कोई मौका बहुत आसान लगे, तो उसकी सच्चाई जरूर परखें।

**मकर**
आज अनुशासन से सुरक्षा और पुराना काम निपटारा होना। आर्थिक अनुशासन आपके हित में रहेगा। आप बचत, पुराने कर्जों और लंबे समय की खरीदारी पर विचार कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज भावनाओं पर नियंत्रण और नए मौके आएंगे। पैसों के मामलों में बदलाव की इच्छा जगाएगा। केवल भावनाओं में आकर कोई बड़ा कदम न उठाएं।

**मीन**
आज वास्तविक सोच और शांत कार्यशैली आपको सबको नजरों में बनाए रखेंगे। पैसों के मामले में जमीन से जुड़े रहना होगा। आप गलतियों को सुधारने का प्रयास करे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के 'अपना घर' में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, राजा बाजार, पटना-800014 के लीगल लिटरेसी क्लब के द्वारा राजवंशी नगर, पटना-



800001 स्थित 'अपना घर' में बच्चों के साथ संवाद व विभिन्न क्रियाकलाप किया गया, जिसमें बच्चों ने चित्रकला व नृत्य इत्यादि प्रस्तुत किया साथ ही छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की प्राचार्या डॉ. अमृता, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. फरहत जबीं एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

### 10 शराबी गिरफ्तार, सड़क पर कर रहे थे हंगामा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने विभिन्न जगहों से शराब पीकर हंगामा कर रहे 10 शराबियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 602/26 दिनांक 28.08.26 धारा 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद के तहत कार्रवाई की गई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में रामजी पासवान पिता स्व. चन्द्रीप पासवान,नागेन्द्र राम पिता रामबली राम, दोनों- तेलहाड़ी,डब्लू कुमार पिता स्व. कारू यादव- चालिसकुरवा, नागेश्वर यादव पिता गणेश प्रसाद- मानपुर,सूरज कुमार पिता सुरेश पासवान- महमदपुर थाना विक्रम,प्रमोद कुमार पिता चन्देश्वर यादव- पथरहट, बिट्टू पासवान पिता शैलेन्द्र पासवान साकिन- कुशवन,सिकंदर कुमार पिता संजय प्रसाद साकिन- लसगरीचक, रमेश पासवान पिता दिना पासवान- थुआपर, कलेन्द्र पासवान पिता स्व. अशोक पासवान, धनगावां जिला जहानाबाद आदी है।पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### गोलीबारी मामले में 11 पर प्राथमिकी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के कर्रा और तारतर गांव में फसल चराने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कर्रा गांव निवासी शिवनंदन पासवान के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी 11 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।पुलिस के अनुसार नामजद सभी आरोपी तारतर गांव के रहने वाले हैं। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।बताया गया कि कर्रा गांव के किसानों के धान के खेत में जबरन मवेशी चराने को लेकर तारतर गांव के लोगों से विवाद हुआ था। गुरुवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और देखते ही देखते गोलीबारी हो गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और गोलीबारी में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है।

### प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक पांच को

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पांच सितंबर को पुनः बैठक की जाएगी। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार यह बैठक की जाएगी। उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रमुख मनोज कुमार द्वारा दायर सीडब्लूजेसी 6482/26 में ये आदेश जारी किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि प्रखंड प्रमुख के खिलाफ पूर्व प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिसको लेकर 07 मार्च को बैठक बुलाई गई थी। उस समय उच्चतम न्यायालय के अंतिम आदेश आया था जिसमें बैठक के लिए दो तिहाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी। दानापुर प्रखंड में 19 सदस्य है। जिसमें से बैठक में मात्र 11 सदस्य ही उपस्थित हो पाए थे। जिसको लेकर वह बैठक नहीं हो पाई थी। उन्होंने बताया कि इसको लेकर पूर्व प्रमुख मनोज कुमार उच्च न्यायालय में गए थे। जिसमें उच्च न्यायालय ने 21 अगस्त को एक आदेश देते हुए आगामी 05 सितंबर को अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाबलीपुर ओपी क्षेत्र के अंकुरी गांव से पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकुरी गांव निवासी सहजानंद के 30 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अंकुरी गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान चिंटू कुमार को 10 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी दीपक कुमार ने बतलाया कि शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कसहा दियारा पंचायत की मुख्य सड़क पर टूटी पुलिया के पास शनिवार देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग घायल हो गए, जबकि दूसरे मोटरसाइकिल का सवार मौके से फरार हो गया।घायलों की पहचान मरांची निवासी संजीव यादव और डुमरा-जंजीरा दियारा निवासी बैजनाथ साव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, मुख्य सड़क पर टूटी पुलिया के कारण पहले से ही आवागमन में परेशानी होती है। शाम के समय दोनों मोटरसाइकिलों की टक्कर होने से दुर्घटना हुई। लोगों ने सड़क और पुलिया की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

### मामूली विवाद में महिला और बेटे पर हमला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के नदौल ओपी क्षेत्र के बेला गांव में पानी के पाइप को सीमेंट से बंद करने के विवाद को लेकर एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।पीड़िता रमंती देवी (उम्र 30 वर्ष) पति योगेन्द्र प्रसाद, बलेइठा मसौढ़ी की निवासी हैं। उन्होंने नदौल ओपी अध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि दिनांक 28-08-26 को शाम करीब 6 बजे जब वह घर से बाहर निकलीं तो देखा कि पानी जाने वाला पाइप सीमेंट से बंद कर दिया गया था। इसका विरोध करने पर गांव के ही (1) संजीत कुमार पिता- बिंदी यादव (2) रंजीत कुमार पिता- बिंदी यादव (3) बिंदी यादव पिता- जटहु यादव (4) रमुना देवी पति बिंदी यादव मिलकर उनके साथ मारपीट करने लगे। जब उनका बेटा प्रिंस कुमार बचाने आया तो संजीत कुमार ने लोहे के रॉड से उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया। आरोप है कि मारपीट के बाद सभी आरोपी घर में घुस गए और गले से सोने का मंगलसूत्र और घर में रखा एक लाख रुपया लूट लिया। जाते-जाते बंदूक दिखाते हुए धमकी दी कि केस करोगी तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

### पटना प्रमंडल आयुक्त के संभावित निरीक्षण को लेकर मसौढ़ी में तैयारी तेज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना द्वारा अनुमंडल कार्यालय, मसौढ़ी के संभावित निरीक्षण को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गई है। इसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी ने सभी संबंधित विभागों को पत्र जारी कर अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, उपाधीक्षक अनुमंडलीय अस्पताल, आपूर्ति पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी और सभी बीपीएम जीविका को निर्देश दिया गया है। कि अनुमंडल कार्यालय का निरीक्षण संभावित है। इस अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत सभी कार्यालयों में किए जा रहे विकास एवं अन्य कार्यों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की आवश्यकता है, ताकि अनुमंडल स्तर पर निरीक्षण टिप्पणी तैयार की जा सके,अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को तीन दिनों के अंदर अपने-अपने कार्यालय से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# वार्ड 15 में पानी के लिए मचा हाहाकार

## मसौढ़ी के खरांट पंचायत में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण,पनप रहा आक्रोश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल योजना मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों में दम तोड़ती नजर आ रही है। ऐसे में मसौदे प्रखंड के खरांट पंचायत के वार्ड नंबर 15 में पिछले कई दिनों से ग्रामीणों के बीच पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नल से एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है, जिससे ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में अब ग्रामीणों के बीच आक्रोश भी पनप रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलमिनार का मोटर जल गया है। इससे पहले भी कई बार स्टार्टर और मोटर खराब हो चुका है, लेकिन इस बार मोटर जलने के बाद से अब तक ठीक नहीं हो पाया है, जिसके कारण घरों तक नल का जल नहीं पहुंच रहा है। वार्ड नंबर 15 के जितेन्द्र, रविन्द्र पासवान, धनंजय रविदास, मिरचाई रविदास, अमरदीप पासवान, रणधीर यादव, धर्मशिला देवी, अवधेश पासवान, जोगिन्दर





रविदास, संजीव पासवान, राधा देवी, शिवरात्रि देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से मोटर खराब पड़ा है लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। पानी नहीं आने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। लोग इधर-उधर से पानी लाने को मजबूर हैं। जिन घरों में चापाकल है, वहीं से किसी तरह पानी लाकर काम चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मोटर ठीक कराकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। वही पार्ट नंबर 15 के वार्ड सदस्य मंजू देवी से संपर्क के शादी की कोशिश गई लेकिन बात नहीं हो पाई हैं वहीं इस पूरे मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि जल्द ही मोटर को दुरुस्त किया जाएगा वहां के वार्ड सदस्य पंचायत सचिव और मुखिया से भी संपर्क किया जाएगा, पंचायत में अब नल जल पीएचईडी विभाग की जिम्मे है, उन्हें मोटर खराब होने की जानकारी दी जाएगी, ताकि जल्द ही ग्रामीणों को पानी की सुविधा मिल सकें।

# विद्यार्थी विश्वविद्यालय का प्रतिबिम्ब, उनकी सफलता से बनेगी संस्थान की पहचान : कुलपति

## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह आयोजित, पोल्ट्री साइंस में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तैयारी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का स्थापना दिवस समारोह शनिवार को बिहार वेटरनरी कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, चारों महाविद्यालयों के डीन, शिक्षक, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कॉलेज ऑफ फिशरीज तथा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, किशनगंज के डीन व प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन सहभागिता की। कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय का प्रतिबिम्ब होते हैं। विश्वविद्यालय की अच्छी छवि और लोगों के बीच उसकी पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से बनती है। विद्यार्थियों को समय की जरूरत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा तथा उनकी क्षमता और स्किल में लगातार वृद्धि करनी होगी, ताकि वे अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकें। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय जल्द ही पोल्ट्री साइंस के क्षेत्र में सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उद्योग और उद्यमियों के सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग एवं व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उद्योग की जरूरत के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके।



समारोह में कुलसचिव (प्रभारी) डॉ. पंकज कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक की विकास यात्रा एवं भावी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। निदेशक अनुसंधान डॉ. एन.के. सिंह ने चल रही एवं पूर्ण शोध परियोजनाओं की जानकारी दी, जबकि वित्त नियंत्रक श्री एस.के. पाठक ने वित्तीय प्रबंधन एवं विभागीय गतिविधियों का अवलोकन प्रस्तुत किया।उप निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. वाई.एस. जादौन ने प्रसार निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाए जा रहे प्रशिक्षण, तकनीकी जानकारी एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। स्थापना दिवस के अवसर पर एलएसडी (लम्पी स्किन डिजीज) एवं एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजीज) की देखभाल, रोकथाम एवं किसान कल्याण से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया गया।

# पटना-गया रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन 15 दिनों से चल रही लेट, यात्री परेशान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर चलने वाली 63244 डाउन पटना-गया पैसेंजर ट्रेन, जिसे कभी 4PG ट्रेन के नाम से जाना जाता था,जो पिछले 10-15 दिनों से लगातार विलंब से चल रही है। जिससे रोजाना सफर करने वाले सरकारी कर्मचारी, छात्र और आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि यह 4PG ट्रेन अंग्रेजों के जमाने से सरकारी नौकरी करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई थी, जो अब 63244 डाउन के रूप में चल रही है। तारेगना में इस ट्रेन के आने का निर्धारित समय सुबह 7:25 बजे है, लेकिन पिछले कई दिनों से यह 8:30 बजे के बाद पहुंच रही है।यात्रियों का आरोप है कि जब यह गाड़ी गया से चलती है तो इसे कभी नदौल, तो कभी पोठही या डुमरी के बीच में रोक दिया जाता है और इसके पीछे से आने वाली सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस को पास कराया जाता है, जिससे यह और भी लेट हो जाती है। इस एक ट्रेन के लेट होने से तकरीबन चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों 63247, 63250, 63253 और 63258 का भी परिचालन प्रभावित हो रहा है, क्योंकि ये सभी ट्रेनें इसी रैक से चलती हैं। यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि इस ऐतिहासिक ट्रेन को समय पर चलाया जाए ताकि हजारों दैनिक यात्रियों को राहत मिल सके। इस संबंध में सीनियर डीसीएम से बात करने की कोशिश की गई लेकिन मोबाइल पर बात नहीं हो सकी है, हलांकि इस मामले में उनके व्हाट्सएप पर भी इस संबंध में प्रतिक्रिया मांगी गई थी लेकिन अभी तक रिस्पांस नहीं मिला है।

# धनरूआ के बांसबीघा डाकघर जाने वाला मुख्य रास्ता बदहाल, झाड़ियों और गंदगी से ग्रामीण परेशान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के छाती पंचायत में बांसबीघा स्थित शाखा डाकघर जाने वाला मुख्य रास्ता इन दिनों पूरी तरह से जर्जर और बदहाल स्थिति में है। डाकघर तक पहुंचने वाली मुख्य गली में घनी झाड़ियां, ऊंची घास और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे लोगों का आना-जाना बेहद मुश्किल हो गया है। डाकघर में अपने जरूरी कामों से आने-जाने वाले ग्रामीणों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते में बिखरे ढक्कन, पाइप और झाड़ियों के कारण दुर्घटना और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा लगातार बना रहता है।स्थानीय निवासियों सत्येंद्र प्रसाद, पंकज कुमार, सूरज कुमार, दीनानाथ प्रसाद, विद्यानंद प्रसाद, टुनटुन प्रसाद, छोटा मुन्ना ठाकुर, सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी रास्ते की सफाई और मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने डाक विभाग और संबंधित स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि इस मुख्य रास्ते की तत्काल सफाई कराकर इसका पक्का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। हालांकि इस गली की ढलाई और नाली निर्माण को लेकर कई बार आवाज उठाई गई तब पंचायत समिति की फंड से विगत छह महीने पहले नाली का निर्माण कराया गया लेकिन आज तक रास्ते का ढलाई नहीं हो सका है, बताया गया कि फंड नहीं मिल पाया है, बहरहाल बरसात के दिनों में काफी परेशानियों के सामना करना पड़ रहा है।



# गंगा देवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय की खेल समिति एवं इनर व्हील क्लब, पाटलिपुत्र समर्पण के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय खेल दिवस-2026' के अवसर पर टेबल-टेनिस प्रतियोगिता, खेल सामग्री वितरण तथा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथियों प्रियका कुमार (डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन), डॉ. नीना कुमार (पास्ट एसोसिएशन ट्रेजरर),नीना सहाय (अध्यक्ष, इनर व्हील क्लब पाटलिपुत्र समर्पण) निशा विद्यार्थी तथा अनामिका सिंह को शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इनर व्हील क्लब द्वारा छात्राओं में खेल-कूद की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक खेल सामग्रियां एक्सरसाइज साइकिल ,बास्केटबॉल बास्केटबॉल, रिंग वॉलीबॉल एवं वॉलीबॉल नेट ,फुटबॉल , बैडमिंटन रैकेट , बैडमिंटन कॉर्क एवं बैडमिंटन नेट दान दी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय, ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व तथा मेजर ध्यानचंद जी के अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। टेबल-टेनिस प्रतियोगिता की विजेता तनु रॉय एवं खुशी रानी, उपविजेता गीशिका गौरी एवं अनामिका कुमारी को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को भी इनर व्हील क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा कुमारी , डॉ. शशि अग्रवाल, खेल प्रशिक्षक शाइस्ता निशार के साथ-साथ महाविद्यालय की प्रॉक्टर डॉ बिधू बाला, बर्सर डॉ रचना जायसवाल और विभिन्न शिक्षिकाएँ एवं शिक्षिकेतर कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### महिला के साथ मारपीट, फायरिंग का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के नदौल ओपी क्षेत्र के बेलइठा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। जहाँ एक महिला ने मारपीट, छिनतई और फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाया है, आवेदिका ललीता देवी पति रंजीत कुमार, ग्राम- बेलइठा, ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है को शाम 6 बजे प्रिंस कुमार (उम्र 23 वर्ष) उनकी सास को गाली-गलौज देते हुए झोटा पकड़कर पटक दिया और सोने की कानवाली छीन ली, साथ ही पिस्टल के बट से प्राइवेट पार्ट पर मारा, जिससे मुंह और कान से खून बहने लगा।आरोप है कि योगेन्द्र यादव (उम्र 42 वर्ष) पिता स्व. दुखन यादव घर में घुसकर बर्तन व अन्य सामान तोड़ दिया और बक्सा से पांच हजार रुपया ले लिया। सिद्दी यादव (उम्र 35 वर्ष) पिता स्व. दुखन यादव ने सास का हाथ पकड़कर ब्लाउज फाड़ दिया और सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और पिस्टल से फायरिंग करते हुए भाग निकला।

# मसौढ़ी एसडीएम ने संभाला जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार, ढाई घंटे तक किया निरीक्षण



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने शनिवार को मसौढ़ी उपकारा अधीक्षक के पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को जेल अधीक्षक के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था, जिसके बाद जिलाधिकारी पटना के आदेश पर एसडीएम मसौढ़ी को इसका अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।प्रभार ग्रहण करते ही एसडीएम धनराज कुमार एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने जेल परिसर के अंदर जाकर लगभग ढाई घंटे तक सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुरुष व महिला कैदी वार्ड, रसोईघर (किचन), जेल अस्पताल, मुलाकात कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई का जायजा लिया। कैदियों से उनकी समस्याओं को लेकर भी बातचीत की और भोजन की गुणवत्ता की जांच की।इस दौरान जेल उपाधीक्षक गौतम कुमार सहित जेल के अन्य कर्मी मौजूद रहे। एसडीएम ने जेल उपाधीक्षक गौतम कुमार के नेतृत्व में चल रहे प्रशासनिक व अनुशासनात्मक कार्यों की सराहना की। साथ ही जेल की सुरक्षा, अनुशासन और कैदियों के कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# ग्रिल की दुकानें बन रही हथियार के पाट्र्स बनाने का सेफ जोन

## 24 जुलाई को केवड़ा ओपी क्षेत्र में ग्रिल दुकान से हथियार बनाने के पाट्र्स रिकवरी

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के ग्रामीण इलाकों में ग्रिल वेल्डिंग की दुकानें अब हथियार तस्करों के लिए सेफ जोन बनती जा रही हैं। लगातार हो रही कार्रवाई में ग्रिल दुकानों की आड़ में हथियार के पाट्र्स बनाए जाने का खुलासा हो रहा है, जिसके बाद पुलिस महकमे के कान खड़े हो गए हैं। अब सभी ग्रिल दुकानें पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो बीते 24 जुलाई को मसौढ़ी अनुमंडल के पुनपुन के केवड़ा ओपी क्षेत्र में एक ग्रिल की दुकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में अर्धनिर्मित पिस्तौल, हथियार बनाने के पाट्र्स और उपकरण जब्त किए गए थे और संचालक को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद 27 अगस्त को पुनपुन थाना क्षेत्र के मरॉची गांव में भी एक ग्रिल दुकान में छापेमारी में अर्धनिर्मित हथियार के पाट्र्स, लेथ मशीन और अन्य उपकरण बरामद किए गए और संचालक को गिरफ्तार किया गया। लगातार दो बड़ी बरामदगी के बाद पुलिस अब सतर्क हो गई है और अपने खुफिया इनपुट के आधार पर ग्रिल दुकानों की जांच में जुट गई है।दरअसल जांच में सामने आया है कि नालंदा जिले का चिकसौरा जो हथियार तस्करी के लिए कुख्यात है, वहां के तस्कर अब ग्रिल दुकानों को सॉफ्ट टारगेट बना रहे हैं। वे ग्रिल दुकानों से ही राइफल और पिस्तौल के बट, बैरल और बॉडी बनवाते हैं और फिर चिकसौरा में सभी पाट्र्स को जोड़कर पूरा हथियार तैयार कर तस्करी करते हैं। एसटीएफ की टीम इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। मसौढ़ी अनुमंडल में अब तक जितनी भी मिनी गन फैक्ट्रियों का उद्भेदन हुआ है, उनमें से अधिकतर का कनेक्शन ग्रिल की दुकानों से ही जुड़ा मिला है। ऐसे में अब पुलिस की नजर खासतौर पर ग्रिल दुकानों पर टिकी है।



**27 अगस्त को पुनपुन की मरांची में ग्रील दुकान में हथियार पाट्स निर्माण का उदभेदन**

## संक्षिप्त समाचार

### लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन अनिवार्य : रामबालक यादव

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी पंचायत चुनाव 2027 को लेकर जिला दंडाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण-रौशन कुमार के संयुक्त आदेश के आलोक में एकमा थाना परिसर में लाइसेंसी हथियारों एवं अनुज्ञप्तियों का सत्यापन कराया जा रहा है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए सभी लाइसेंसधारी अपने-अपने आर्म्स एवं लाइसेंस का सत्यापन 30 एवं 31 अगस्त तक हर हाल में करा लें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन आवश्यक प्रक्रिया है। थानाध्यक्ष श्री यादव ने सभी अनुज्ञप्तिधारियों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि के भीतर थाना पहुंचकर अपने हथियार एवं लाइसेंस का सत्यापन करा लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस प्रशासन की ओर से सत्यापन कार्य को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के केशरी मठिया गांव से पुलिस ने पांच लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान केशरी मठिया गांव निवासी हरे राम गिरि, पिता स्व. परशुराम गिरि के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर जेपीयू में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के बीच शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और आपस में शतरंज के मुकाबले खेले।



प्रतियोगिता का उद्घाटन अंग्रेजी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. उदय शंकर ओझा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को मोबाइल संस्कृति से दूर रहकर खेलकूद एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बिहार के कुलाधिपति द्वारा सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में 28, 29 और 30 अगस्त को विभिन्न खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान का स्लोगन 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' है। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी के दिशा-निर्देश पर विश्वविद्यालय क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों में भी तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक प्रो. राजेश नायक ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार गंगा सिंह महाविद्यालय, राम जयपाल महाविद्यालय, राजेंद्र महाविद्यालय, एचआर महाविद्यालय अमनौर, जगदम महाविद्यालय छपरा, जेपीएम महाविद्यालय छपरा तथा डीएवी कॉलेज सिवान सहित अन्य महाविद्यालयों में भी खेल एवं फिटनेस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### रक्षाबंधन पर हाजीपुर मंडल कारा में दिखी भाई-बहन के अटूट स्नेह की तस्वीर

**लगभग 750 बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हाजीपुर मंडल कारा में भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह की भावुक तस्वीर देखने को मिली। इस अवसर पर लगभग 750 बहनों ने मंडल कारा पहुंचकर अपने बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।रक्षाबंधन के अवसर पर बड़ी संख्या में बहनों के मंडल कारा पहुंचने को देखते हुए जेल प्रशासन द्वारा विशेष रूप से व्यापक, सुव्यवस्थित एवं मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। बहनों की सुविधा, सुरक्षा और सहज मुलाकात को प्राथमिकता देते हुए प्रवेश से लेकर मुलाकात तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया।मंडल कारा परिसर में आगंतुक बहनों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में पहुंचीं बहनों को बिना अनावश्यक परेशानी के अपने भाइयों से मिलने और उनकी कलाई पर राखी बांधने का अवसर मिला।इस दौरान कई भावुक क्षण भी सामने आए। लंबे समय बाद अपने भाई से मिलकर बहनों ने राखी बांधी, मिठाई खिलाई और भाई के बेहतर भविष्य की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों के प्रति स्नेह और उनके सुख-समृद्धि की कामना व्यक्त की।



### जमालपुर-हावड़ा सुपर एक्सप्रेस का विस्तार बर्दाश्त नहीं : संघर्ष मोर्चा

**संयोजक ने कहा सुपर एक्सप्रेस के विस्तार के बहाने मजदूरों के छटनी की हो रही है साजिश**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर हावड़ा सुपर एक्सप्रेस का पटना तक विस्तार का मामला अब तुल पकडने लगा है इस प्रकरण पर रेल के सवालों को लेकर बरसों से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा ने आन्दोलन का शंखनाद कर दिया है जिसे लेकर शनिवार को जुबली वेल स्थित कृष्णानंद निवास में एक अति आवश्यक बैठक मोर्चा के संरक्षक सह जनसुराज नेता दिनेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन मोर्चा के सह संयोजक कन्हैया सिहं कर रहे थे।बैठक में जमालपुर हावड़ा सुपर एक्सप्रेस का पटना तक विस्तार करने अतिक्रमण के नाम पर गरीबों से रोजगार छिनने कारखाना के अधिकारियों के द्वारा सफाई टेंडर शॉप स्थानांतरण के नाम गोरखधंधा करने अमृत भारत योजना में जबरदस्त लूट खसोट आदि कई एक मुद्दे पर चर्चा करते हुए



आंदोलन की रणनीति तय की गई।बैठक को संबोधित करते हुए दिनेश सिंह ने कहा रेलवे वोर्ड और पूर्व रेलवे इस क्षेत्र को एक साजिश के तहत नेस्तनाबूत कर रही है जो मोर्चा को स्वीकार नहीं है हम अपने आन्दोलन से शहर को पाट देगे। वही मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि जमालपुर हावड़ा सुपर एक्सप्रेस का जमालपुर से विस्तार के बहाने यहाँ स्थापित विभाग टीएक्सआर व कैरेज एण्ड वैगन के मजदूरों की छटनी की साजिश के साथ ही हजारों रेलवे व दैनिक यात्री सुविधा का हनन है अगर रेलवे बोर्ड और पूर्व रेलवे इसे यहां से हटाने की हिमाकत करता है तो संघर्ष मोर्चा इसका करारा जवाब देगी। वहीं मोर्चा के सह संयोजक कन्हैया सिंह ने कहा कि जमालपुर में पद स्थापित रेलवे अधिकारी रेल को लूटने में लगा है कारखाना के अंदर का सवाल हो या फिर ओपन लाइन का अधिकारी की बस एक सूत्री योजना है और वो है कमिशन खोरी और लुट खसोट जिसे मोर्चा कतई वरदास्त नहीं करेगी। वही मोर्चा के प्रवक्ता रविकान्त झा मिडिया प्रभारी मनोज क्रांति सचिव पंकज यादव सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा की रेलवे के अधिकारी अमृत भारत योजना के नाम पर लुट में आकंठ डूबा है, अतिक्रमण के नाम पर गरीबों से रोजगार छिन रही है स्टेशन प्रबंधक वसूली अभियान में भीडे है और यात्री परेशान है मोर्चा को ऐसे अधिकारियों की संपत्ति जांच के लिए अभियान चलाना चहिये। बैठक के अन्त में सर्वसम्मति से चरणबद्ध आन्दोलन का निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव नकुल यादव डाल सुधीर गुप्ता राजकुमार शर्मा दिनेश साहू राजीव पटवा अमिताभ कश्यप रविशंकर यादव चन्दन साहू गौरव यादव गौतम विन्द सुजित यादव अशोक शर्मा चंदन राऊत कृष्ण कुमार काली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 'खेलो-सीखो' थीम पर सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में अगस्त माह के अंतिम शनिवार को 'खेलो-सीखो' थीम पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर सहित एकमा प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बताया गया कि पूर्व में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी डीईओ एवं डीपीओ (एसएसए) को संगोष्ठी के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे। निदेशक प्राथमिक शिक्षा कुमार निशांत विवेक के द्वारा अधिक से अधिक अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने से संबंधित निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में एकमा प्रखंड के गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आयोजित अभिभावक-संगोष्ठी में उपलब्ध कराई गई विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार अभिभावकों से संवाद किया गया। विद्यालय में बच्चों की उपलब्धियों, प्रतिभाओं व प्रेरक उदाहरणों को अभिभावकों के साथ साझा किया गया। साथ ही बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के अलावा उनके स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता से जुड़े विषयों पर भी अभिभावकों से चर्चा हुई। बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। वहीं 'खेलो-सीखो' थीम के माध्यम से अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षक दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, सनोज कुमार, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, कुमारी अर्किता कुशवाहा, राज मोहम्मद अंसारी सहित प्रदीप कुमार सिंह, नितेश कुमार सिंह, मुन्नी देवी, रुबी देवी आदि बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। इसी क्रम में शनिवार को प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के प्राथमिक, नवसृजित प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उधर मध्य विद्यालय हंसराजपुर, कन्या मध्य विद्यालय एकमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, प्राथमिक विद्यालय देवीगंज, प्राथमिक विद्यालय रामपुर, राजापुर, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रामपुर मठिया, पचरुखिया, प्राथमिक विद्यालय उदासी बाबा के पोखरा परिसर (परसागढ़), कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमडाड़ी, कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा-आमडाढी सहित विभिन्न विद्यालयों में भी अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## सावन पूर्णिमा पर कौनहारा घाट में हुई भव्य गंगा आरती, उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

**बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, जरूरत पड़े तो ऊंचे स्थानों पर जाएं : डॉ. संगीता कुमारी**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हाजीपुर नगर परिषद की ओर से कौनहारा घाट स्थित नमामि गंगे घाट पर काशी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। पर्यटन विकास, सांस्कृतिक संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके बाद गंगा आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की भव्य आरती की गई। शंखनाद, घंटियों की गूंज और आरती की लौ से पूरा कौनहारा घाट भक्तिमय हो उठा। रक्षाबंधन के पर्व के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा आरती में शामिल होकर मां गंगा की आराधना की। नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने सभी जिलेवासियों एवं आम लोगों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन के पर्व के बीच भी गंगा आरती में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का शामिल होना बेहद अच्छी बात है। इससे लोगों की गंगा और धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था का पता चलता है। उन्होंने कहा कि नेपाल में हुई जल त्रासदी के कारण जिले में अलर्ट मोड पर स्थिति की निगरानी की जा रही है। ऐसे में आम लोगों से अपील है कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें और घबराने के बजाय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। यदि पानी बढ़ता है तो सुरक्षित रहने के लिए ऊंचे स्थानों की ओर जाएं। नगर परिषद और जिला प्रशासन आम लोगों की सहायता एवं सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। गंगा आरती में समाजसेवी रामू कुमार सहनी, रवि प्रकाश कुशवाहा, डॉ सुशील, केकी कृष्णा, रंजीत राय, हरी ओम, पवन यादव, राकेश सिंह, अमित सहनी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रेलवे कर्मचारियों के बोनस की अधिकतम सीमा बढ़ाने की मांग

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे कर्मचारियों के बोनस की अधिकतम सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने आवाज बुलंद की है। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन से संबद्ध यूनियन ने बोनस की वर्तमान अधिकतम सीमा 7,000 से बढ़ाकर 21,000 करने की मांग की है। यूनियन की ओर से जारी पोस्टर में इसे रेल कर्मचारियों



के लिए न्यायसंगत मांग बताया गया है। यूनियन के केंद्रीय पदाधिकारी अनिल प्रसाद यादव, शाखा सचिव परमानंद कुमार, संयुक्त सचिव गोपाल जी,कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह,शाखा पदाधिकारी पूरण सोरेन,अमित कुमार राय, केंद्रीय परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार, सदानंद रजक, चंदन कुमार,गौतम मेहता ने कहा है कि बोनस की वर्तमान गणना सीमा 7,000 प्रति माह है, जबकि केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित न्यूनतम वेतन 21,000 प्रतिमाह किया गया है।

## नशा विरोधी अभियान की डीएम ने की समीक्षा, सप्लाई चेन पर कार्रवाई व जागरूकता बढ़ाने का निर्देश



**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, सारण वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को नारकोटिक्स एवं नशा विरोधी अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री रोशन कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, पटना के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में डीएम ने मादक पदार्थों की सप्लाई चेन की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करने, संभावित हॉटस्पॉट एवं डार्क एरिया को चिह्नित करने तथा संवेदनशील स्थानों, विशेषकर रेल मार्गों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूलों में आयोजित साइबर मंगलवार, जीविका समूहों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यम से व्यापक नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। साथ ही दवा दुकानों एवं ड्रग स्टोरों की नियमित जांच करने तथा प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में सदर अस्पताल परिसर में नशा मुक्ति केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित करने और वहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर भी चर्चा की गई। डीएम ने सभी संबंधित विभागों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नशे की सप्लाई चेन को बाधित करने, हॉटस्पॉट पर निगरानी बढ़ाने और विशेष रूप से युवाओं के बीच नशे के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया।

## नेपाल त्रासदी : भारत लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए मेडिकल सहायता सहित समुचित सहयोग के लिए की गयी विशेष व्यवस्था

**महाराष्ट्र की ओर जाने वाले यात्री के लिए 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच लगाए गए**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सेवा को प्राथमिकता देते हुए नेपाल में उत्पन्न त्रासदी के बीच नेपाल से लौटकर भारत लौटने के बाद महाराष्ट्र की ओर जाने वाले 106 यात्रियों के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने एवं आरामदायक रेल यात्रा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। सड़क मार्ग से आज सुबह पटना जंक्शन पहुंचे इन यात्रियों को 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस से पटना से नागपुर के लिए रवाना किया गया।अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए यात्रियों की आवश्यकताओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। यात्रियों के पटना जंक्शन पहुंचते ही पहले से ही तैयार दानापुर मंडल की वाणिज्य, आरपीएफ एवं मेडिकल टीम पूरी तत्परता के साथ सहायता में जुट गई। ट्रेन के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचने पर यात्रियों को नाश्ता, पानी, चाय एवं स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गयी । मालूम हो कि नेपाल में बाढ़ की स्थिति के बीच भारत लौट रहे यात्रियों की सुगम वापसी के लिए रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पटना में इन यात्रियों के लिए 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस ट्रेन में थर्ड एसी के दो अतिरिक्त कोच लगाए गए। साथ ही, टिकट उपलब्ध कराने के लिए रात से ही अतिरिक्त स्पेशल टिकट काउंटर की व्यवस्था कर दी गई थी, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रियों ने भी रेलवे के इस प्रयास को सकारात्मक रूप से लेते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जमालपुर-मुंगेर-खगड़िया रेलखंड के दोहरीकरण की राह आसान

**भूमि अधिग्रहण के लिए मुंगेर व बेगूसराय के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बने सक्षम प्राधिकारी**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। पूर्व मध्य रेलवे ने जमालपुर-मुंगेर-खगड़िया रेलखंड के दोहरीकरण से जुड़ी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। रेलवे की ओर से मुंगेर और बेगूसराय के जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों को सक्षम प्राधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसके साथ ही परियोजना के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद जगी है।यह परियोजना जमालपुर-मुंगेर डबल लाइन एवं गंगा नदी पर रेल पुल सहित जमालपुर अवॉइडिंग लाइन (लगभग 15 किलोमीटर) के निर्माण से संबंधित है। परियोजना के पूरा होने के बाद जमालपुर, मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय के बीच रेल संपर्क को नई मजबूती मिलने की संभावना है। प्रस्तावित गंगा रेल पुल इस परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नए पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच रेल आवागमन अधिक सुगम होगा। वहीं, जमालपुर अवॉइडिंग लाइन बनने से मौजूदा व्यस्त रेल मार्ग पर ट्रेनों के परिचालन का दबाव कम किया जा सकेगा।

## अपराध नियंत्रण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

**15 दिनों में 72.85 लाख रुपए की जुमार्ना वसूली गई**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध नियंत्रण एवं जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। 13 अगस्त से 28 अगस्त तक हाजीपुर के प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त स्थलों तथा मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान गंडक पुल, अंजानपीर, औद्योगिक क्षेत्र, रामाशीष चौक सहित अन्य भीड़भाड़ वाले एवं महत्वपूर्ण मार्गों पर वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में निर्धारित गति से अधिक गति, निर्धारित क्षमता से अधिक भार, अनधिकृत पार्किंग तथा वाहन में अनधिकृत बदलाव जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई।विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 72,84,848 (बहत्तर लाख चौरासी हजार आठ सौ अड़तालीस रुपये) रुपए की राशि जुमार्ने के रूप में वसूल की गई।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि यातायात नियमों के प्रति आम लोगों में जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना विकसित करना भी है। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया तथा सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने की अपील की गई।जिला प्रशासन द्वारा वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक भार नहीं लादने, अनधिकृत स्थानों पर वाहन पार्क नहीं करने तथा वाहनों में बिना अनुमति किसी प्रकार का अनधिकृत बदलाव नहीं करने के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया। डीएम ने यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को प्रमुख चौक-चौराहों, व्यस्त मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर नियमित वाहन जांच एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया है, ताकि हाजीपुर शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

### कवि सत्यनारायण के निधन पर हिंदी विकास मंच ने दी श्रद्धांजलि

**दनियावां/ हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'मेरे भारत के कंठहार' बिहार गीत के रचयिता कवि-गीतकार सत्यनारायण जी के निधन पर दनियावां प्रखंड की साहित्यिक,सामाजिक व जनसरोकार से जुड़ी संस्था हिंदी विकास मंच, सरथुआ एवं उपशाखा हिलसा द्वारा शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। विदित है कि कवि सत्यनारायण का 92 वर्ष की आयु में गुरुवार की देर रात पटना के कदमकुआं स्थित आवास पर निधन हो गया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए भारोतोलन प्रतियोगिता का आयोजन



**सुगौली/पू.च/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला भारोत्तोलन संघ की ओर से शनिवार को प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय शुकुल पाकड़ चिलझपटी में विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों से शरीर मजबूत होने के साथ मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान युवा बेहतर प्रदर्शन कर अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम आलम ने खिलाड़ियों को बिहार सरकार की खेल नीति एवं खेल कोटे के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रहना भी जरूरी है। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संघ के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से खेलते हुए राज्य और देश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में सेतु कुमार एवं पीयूष राज ने जिम्मेदारी निभाई। मौके पर सुधीर कुमार, रामनिवास शर्मा,शुभेंदु कुमार, आरती कुमारी, रीता कुमारी,अविनाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों में खेल के प्रति खासा उत्साह देखा गया।

## उजियारपुर में ट्रक हटाने को लेकर पुलिस और ग्रामीणों में विवाद

**महिला सिपाही से अभद्रता व राइफल छीनने के प्रयास का आरोप; तीन गिरफ्तार**



**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजीरपुर गांव में सड़क पर खड़े ट्रक को हटाने को लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। पुलिस के साथ कथित दुर्व्यवहार और महिला सिपाही से अभद्र व्यवहार करते हुए उसकी राइफल छीनने के प्रयास के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में चार नामजद समेत 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उजियारपुर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना के दारोगा राजू कुमार पासवान के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामश्रेष्ठ सिंह के पुत्र सचिन कुमार, रामचंद्र सिंह के पुत्र उदय कुमार और देवनारायण सिंह के पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच के साथ अन्य आरोपियों की पहचान में जुटी है। बताया गया कि घटना गुरुवार रात करीब 10 बजे की है। पुलिस पदाधिकारी राजू कुमार पासवान के नेतृत्व में उजियारपुर थाना का गश्ती दल नाजीरपुर गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर एक बड़ा ट्रक खड़ा मिला। जानकारी के अनुसार, कुछ युवक देवघर से कांवरिया सेवा समाप्त कर लौटे थे और ट्रक से अपना सामान उतार रहे थे। पुलिस टीम ने सड़क पर खड़े ट्रक को हटाकर रास्ता खाली करने को कहा। इसी बात को लेकर पुलिस और युवकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। पुलिस का आरोप है कि विवाद के दौरान दारोगा के साथ दुर्व्यवहार किया गया। वहीं, पुलिस की ओर से ट्रक में शराब होने की आशंका जताते हुए तलाशी की बात कहे जाने के बाद विवाद और बढ़ने का आरोप है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष समेत अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पुलिस के अनुसार, मौके पर मौजूद भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला कांस्टेबल संगीता कुमारी के साथ भी कथित तौर पर अभद्रता की गई और उसकी राइफल छीनने का प्रयास किया गया। दलसिंहसराय डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि गश्ती दल के साथ दुर्व्यवहार और महिला पुलिसकर्मी से राइफल छीनने के प्रयास की शिकायत मिली है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिकी में नामजद एवं अज्ञात लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में पुलिस कार्रवाई को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में विविध इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। मैदानी स्पर्धाओं में दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, लंबी कूद और रस्सी कूद जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। वहीं बैडमिंटन, कैरमबोर्ड, शतरंज और लूडो में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास होने के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेलकूद को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। प्रतियोगिताओं के संचालन में शिक्षक बसंत नारायण ज्योति, गुप्तेश्वर कुमार, यतीश पाठक, विवेक कुमार, सुनीता कुमारी प्रथम और सांसद कुमार राम ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर कंचन कुशवाहा, अतुल अनुराग, सुनीता कुमारी द्वितीय, प्रीति ऊषा और प्रशांत कुमार तिवारी मौजूद रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन खेलकूद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**औरंगाबाद**। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी एवं 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अद्वितीय खेल कौशल, अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद करते हुए की गई। इस दौरान खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को खेल और फिटनेस के प्रति जागरूक रहने तथा जीवन में अनुशासन, टीम भावना एवं सकारात्मक सोच अपनाने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। इससे विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन और उनकी उपलब्धियां आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) विवेक कुमार सहित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया गया खेल दिवस

**औरंगाबाद**। सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद में शनिवार को खेल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय परिसर में भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, उपप्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, खेल शिक्षक राकेश कुमार पांडेय एवं तीनों सदनों के प्रधानमंत्रियों ने माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बहन नंदनी राज पुरोहित ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। वरिष्ठ आचार्य सह खेल शिक्षक राकेश कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना, अनुशासन और परिश्रम को महत्व देने का आह्वान किया। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए म्यूजिकल चेयर, पासिंग बॉल, इमरती रेस और गुब्बारे फुलाने सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान तालियों की गूंज और विद्यार्थियों के उत्साह से विद्यालय परिसर खेलमय बना रहा। खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा। समापन पर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### 1.4 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। जिले में अवैध मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वेना थाना पुलिस ने सरथा गांव में छापेमारी कर 1.4 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से गांजा तौलने में इस्तेमाल किया जाने वाला एक छोटा तराजू भी बरामद किया है।गिरफ्तार युवक की पहचान हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा गांव निवासी बिपिन कुमार, पिता राजवल्लभ प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने शनिवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों और शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर सरथा गांव में छापेमारी की गई, जहां से आरोपी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### रक्षाबंधन पर ससुराल गए 37 वर्षीय व्यक्ति की गिरने से मौत

**हरनौत**। थाना क्षेत्र के सबनहुआ-बबन बीघा गांव निवासी राजेंद्र मांझी के 37 वर्षीय पुत्र संतोष मांझी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि संतोष मांझी रक्षाबंधन पर्व के मौके पर अपने ससुराल नारी गांव गए हुए थे। इसी दौरान ऊंचे स्थान से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घटना के बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल संतोष मांझी को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### रजौली अंचल में लगा जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली अंचल कार्यालय परिसर में स्थित प्रखंड सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में रैयती भूमि विवादों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस शनिवार को आयोजित जनता दरबार में कुल पांच मामले आए थे,जिनमें हरदिया निवासी अनिल कुमार का स्वामित्व विवाद दिनेश सिंह, अमावां निवासी तब्बसुम का रास्ता विवाद कुन्ती देवी, अंधरवारी निवासी रविंद्र प्रसाद यादव का स्वामित्व विवाद राजकुमार यादव व वीरेंद्र यादव, घसियाडीह निवासी चंचला देवी का दखल विवाद कॉलेज यादव व फुलवा देवी एवं सिरोडाबर निवासी वासुदेव चौधरी का दखल विवाद सरयू चौधरी,मनोज चौधरी,बिरजू चौधरी व अन्य के साथ था। उक्त पांचों मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में अंचल स्तर से विवादों का निपटारा कर दिया गया है। जनता दरबार के बाद अंचलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि जमीन को लेकर आपस में तनाव, मारपीट और झगड़ा न करें। अगर कोई विवाद है तो उसे सीधे जनता दरबार में लाएं। यहां पारदर्शी तरीके से और कानून के दायरे में रहकर मामले का निष्पादन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि छोटे-छोटे भूमि विवाद गांव में ही सुलझ जाएं, ताकि आपसी सौहार्द बना रहे। इस मौके पर अंचल कर्मचारी के अलावे गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# एक माह में शुरू होगा पुरानी थाना रोड में सड़क-नाला निर्माण : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा**। हसपुरा प्रखंड मुख्यालय की लंबे समय से जर्जर पुरानी थाना रोड की समस्या को लेकर चल रहा आंदोलन शनिवार को विधायक के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। गोह के राजद विधायक अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने आंदोलनकारियों को आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर सड़क और नाला निर्माण का कार्य शुरू कराने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए 10 ग्रामीणों का एक डेलीगेट बनाया जाए। यह डेलीगेट विभागीय इंजीनियर के साथ सड़क का निरीक्षण कर सर्वे कराने में सहयोग करेगा। सर्वे के बाद सड़क एवं नाला निर्माण के लिए डीपीआर और एस्टीमेट तैयार कराया जाएगा। इससे पहले आंदोलनकारियों के अनुरोध पर विधायक अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा और बीडीओ पंकज कुमार ने आंदोलनकारियों के साथ पुरानी थाना मोड़ से बरैली चक बांधी चौक तक पैदल चलकर सड़क की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सड़क की बदहाली को गंभीर बताते हुए निर्माण प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। विधायक के आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। इसके साथ ही करीब सात घंटे से जारी बाजार बंद और चक्का जाम भी समाप्त हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कराया गया बाजार बंद नाला-सड़क बनाओ संघर्ष अभियान के तहत शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हसपुरा बाजार बंद कराया गया। आंदोलनकारियों ने पुरानी थाना मोड़ पर धरना देने के साथ चक्का जाम किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग धरना पर बैठे रहे और सड़क निर्माण की मांग को लेकर सांसद, विधायक, जिला परिषद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बीडीओ, सीओ सहित बिहार सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## यूजीसी नेट में 99.71 पर्सेंटाइल लाकर पीयूष ने लगातार चौथी बार लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड के दधपा पंचायत अंतर्गत रसोईया गांव निवासी पीयूष कुमार ने यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। भूगोल विषय में पीयूष ने 300 में 248 अंक हासिल कर 99.71 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। इसके साथ ही वे जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्रता हासिल करने में सफल रहे। खास बात यह है कि पीयूष ने लगातार चौथी बार यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा और शैक्षणिक निरंतरता का परिचय दिया है। इंजू देवी और कृष्णा सिंह के पुत्र पीयूष की प्रारंभिक शिक्षा पाटलिपुत्र पब्लिक स्कूल, रसोईया और संत इग्निशियस स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भूगोल में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। वर्तमान में वे सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, रांची के जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग में पीएचडी शोधार्थी हैं। पीयूष आधुनिक कृषि और रिमोट सेंसिंग तकनीक के समन्वय पर शोध कर रहे हैं। उनके शोध में औरंगाबाद में धान की फसल के स्वास्थ्य की निगरानी और बेहतर प्रबंधन के लिए कंप्यूटर विजन तकनीक का उपयोग प्रमुख है। उन्होंने इसरो, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) तथा आईसीसीआर की शोध परियोजनाओं में भी योगदान दिया है।

## सिंघी खुर्द पेट्रोल पंप के समीप तीखे मोड़ पर आए दिन हादसे, ग्रामीणों ने ब्रेकर लगाने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज-बराही पथ पर सिंघी खुर्द पेट्रोल पंप के समीप स्थित तीखे मोड़ पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर निखिल सिंह, सतेंद्र कुमार ,अंकित कुमार ,बिट्टू कुमार सिंह, संजय यादव, विक्रम कुमार सहित स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

निखिल कुमार सिंह ने कहा कि सड़क के दोनों किनारों पर झाड़ियां उग जाने के कारण मोड़ पर सामने से आने वाले वाहनों का स्पष्ट दिखाई देना मुश्किल हो जाता है। इसके कारण तेज गति से आने वाले वाहनों के बीच दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त स्थान पर ब्रेकर का निर्माण कराया जाए तथा सड़क के दोनों तरफ उगी झाड़ियों की कटाई कराई जाए, ताकि वाहन चालकों को मोड़ पर पर्याप्त दृश्यता मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।

### ऑटो-बाइक की आमने-सामने टक्कर में महिला समेत दो घायल, एक रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के कियाखाप पेट्रोल पंप के समीप शनिवार दोपहर ऑटो और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के धमनी खैरा गांव निवासी शशिकांत राम के पुत्र श्रीकांत कुमार तथा मदनपुर थाना क्षेत्र के आर्ट गांव निवासी अनिल राम की पत्नी रंजू देवी के रूप में हुई है। दोनों को डायल-112 की पुलिस टीम ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल श्रीकांत कुमार को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## जदयू पंचायत अध्यक्षों की बैठक, बूथ स्तर पर टीम गठित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज स्थित जदयू सह एनडीए कार्यालय में जदयू के पंचायत अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, विनोद सिंह एवं उमेश पासवान ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा ने किया। बैठक में पंचायत स्तर पर पार्टी की कार्यप्रणाली को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक पंचायत में बूथों की संख्या के आधार पर प्रत्येक बूथ पर 10 सदस्यीय टीम का गठन किया जाए। बूथ स्तरीय टीम के गठन को लेकर प्रखंड स्तर पर विचार-विमर्श के बाद पंचायत अध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

बूथ स्तरीय टीम के गठन के बाद प्रत्येक पंचायत में एक दिन प्रखंड टीम एवं पंचायत टीम की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य जदयू की टीम के माध्यम से विधायक के कार्यों एवं सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को चिह्नित कर उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर तक पहुंचाना है। पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि ग्रामीण अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित आवेदन पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से जमा करें। इसके अलावा लोग स्वयं रफीगंज प्रखंड कार्यालय में आकर भी अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। बैठक में पंचायत अध्यक्षों को पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, ग्रामीणों से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। बैठक में एनडीए संयोजक अर्जुन सिंह, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, भोला वर्मा, संजय सिंह, अर्जुन कुमार, नवल किशोर, राजा राम चंद्रवंशी , अशोक मेहता, विनोद कुमार सिंह , मोहन सिंह, धनंजय सिंह, उपेंद्र कुमार साहू, संगीता देवी, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## असाधारण खेल प्रतिभा के धनी थे मेजर ध्यानचंद

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा में जयंती पर खेल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य डॉ. आकाश कुमार के दिशा निर्देशों पर किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय के बर्सर डॉ. इश्तेयाक अहमद द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में खेल-कूद के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक ज्ञान प्रकाश ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व एवं उनके गौरवपूर्ण खेल-जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद की असाधारण खेल प्रतिभा और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित किया। खेल-कूद के सामाजिक परिप्रेक्ष्य तथा उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सफल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। डॉ. निवेदिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. पूजा, डॉ. नीतेश, रविरंजन भी उपस्थित रहे। आयोजन ने विद्यार्थियों में खेल-भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया।

## नशा से सर्वाधिक प्रभावित युवा वर्ग : डॉ.चंचल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुरानाशहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों की संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें नशा मुक्त समाज को लेकर बच्चों के बीच विशेष चर्चा हुई। सभी बच्चे बारी बारी से अपना विचार प्रकट किए। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने कहा कि नशा के सेवन से मानव दानव का रुप ले लेता है। वह नशे के लिए अपने घर की किमती जेवरात बेच देता है। नशा के शिकार लोग दूसरे के घर में चोरी कर रहे, ताकि नशा का सामान खरीद सके। उसे यह मालुम नहीं कि जिस उम्मीद से उसकी मां और पिता पाले आज वह उनका ही शान नशा के कारण मिटा रहा है। कहा कि नशे के लिए अपने परिवार को अपमानित करता है। एकजुट होकर इसका समाधान करना चाहिए। कहा कि नही तो जिस तरह से युवा नशे के कारण अपना जीवन बर्बाद कर रहें हैं आने वाले भविष्य में देश के पास एक कठिन चुनौती होगी। हमलोगों को सबसे पहले घर का महौल ठीक करना होगा। नशे से होने वाले नुकसान को लोगों तक पहुंचाना होगा। और यह संस्था इसमें विशेष पहल करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। अंत में सभी बच्चे नशा मुक्त समाज को लेकर संकल्प लिए। मौके पर सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर पीएमश्री मध्य विद्यालय कुटुंबा में खेल प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुटुंबा**। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को पीएमश्री मध्य विद्यालय कुटुंबा में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में रवि, प्रिंस, विवेक, सौरभ, निखिल, नैतिक, मुन्ना, चंदन, पवन, अनुज, रवीश सहित अन्य छात्रों ने भाग लिया। वहीं बालिका वर्ग में निधि, चंदा, मनीषा, आरती, रिया, अंशु, प्रिया, पल्लवी, जुली, प्रीतम, रंजू सहित अन्य छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर ने बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में शामिल थे। उन्होंने अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल किए और ओलंपिक में भारत को तीन बार स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हीं के सम्मान में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। खेल प्रशिक्षक विमल चौहान ने बच्चों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराईं और उन्हें खेल के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन एवं टीम भावना का भी विकास करता है। मौके पर शिक्षिका रीता कुमारी, सत्येंद्र सिंह, यूसुफ आलम, कमाल फातमा, सतीश कुमार सिंह, कुमारी नंदिनी, संगीता कुमारी, शिक्षा सेवक गोपाल चौधरी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## खेल दिवस पर स्कूलों में 'एक घंटा खेल के मैदान में' कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के खेल विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में 'एक घंटा खेल के मैदान में' थीम के तहत खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए व्यायाम, योग, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल सहित विभिन्न खेल एवं शारीरिक गतिविधियां कराई गईं। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ खेल गतिविधियों में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों एवं किशोरों में खेल भावना अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा उन्हें नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। खेलकूद एवं व्यायाम के माध्यम से बच्चों को सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालयों में 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद को भी याद किया गया। उनके खेल जीवन, अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों के अंदर खेल भावना को प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों में आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, सकारात्मक सोच, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## मदनपुर-रफीगंज पथ पर अवैध ब्रेकर से राहगीर परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मदनपुर-रफीगंज मुख्य पथ पर जगह-जगह बनाए गए अवैध ब्रेकर और उभरे गड्ढों ने राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। करीब 30 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर अनियंत्रित और मानक के विपरीत बने ब्रेकरों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सड़क पर उभरे गड्ढे भी दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग पर कई स्थानों पर ऐसे ब्रेकर बनाए गए हैं, जिन पर न तो कोई संकेतक लगाया गया है और न ही चेतावनी बोर्ड। वाहन चालकों को महज कुछ दूरी के अंतराल पर अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे समय की बर्बादी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। माली गांव निवासी सचिन कुमार ने बताया कि करीब 30 किलोमीटर की दूरी में 80 से अधिक ब्रेकर हैं। इनमें अधिकांश ब्रेकर मानक के अनुरूप नहीं हैं। ब्रेकरों के संबंध में कोई संकेतक या चेतावनी बोर्ड नहीं होने के कारण रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। अंधेरे में ब्रेकर दिखाई नहीं देने से तेज रफ्तार वाहन अचानक उछल जाते हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। सड़क पर जगह-जगह उभरे गड्ढों ने भी यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के मौसम के बाद कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ गई है, लेकिन अब तक इसकी समुचित मरम्मत नहीं कराई गई है। गड्ढों और अवैध ब्रेकरों के दोहरे संकट के कारण बस, ऑटो और निजी वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इससे यात्रियों को औरंगाबाद से नबीनगर तक की यात्रा में पहले की अपेक्षा अधिक समय लग रहा है।

### शराब बिक्री व नशाखोरी के खिलाफ बैठक

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। नगर परिषद वार्ड नंबर पांच गुलजारपुर में पूर्ण शराब बंदी के सवाल पर माले नगर कमिटी सदस्य किसान नेता रामचंद्र चौहान के नेतृत्व में मुहल्लावासियों की बैठक हुई। बैठक में दर्जनों महिला पुरुष भाग लिए। वक्ताओं ने कहा कि यह बटाई मणि पट्टा पर खेती करने वाले गरीब मजदूर किसानों का टोला है। पूर्वज जैसे तैसे जीवन जीते हुए गुजर गए। गाँव व बच्चों बच्चियों के भविष्य को देखते हुए अपने आप को खुद संभालना होगा। नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को प्रवेश करा कर पढ़ाई लिखाई पर जोर देने एवं नशाखोरी तथा शराब बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने पर बल दिया गया। चेतावनी देते हुए वक्ताओं ने कहा कि शराब बिक्री करने वालों का समर्थन गलत है। अगर शराब बिक्री, नशाखोरी नहीं बन्द होता है तो प्रशासन का सहारा लिया जाएगा। आजीविका दीदी सरिता देवी सहित सभी महिलाओं पुरुषों ने भी सर्वसम्मति से नशाबंदी करने की पहल को समर्थन किया। बैठक को नगर सचिव बिरजू चौधरी,नगर सांसद प्रतिनिधि कयूम अंसारी, नगर कमिटी सदस्य संजय कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, उत्पाद विभाग के एसआई ओमी कुमारी ने संबोधित किया। इस बैठक में नरसिंह चौधरी, राजाराम चौधरी, राजू चौधरी, जितेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, सूरज कुमार, युगेश कुमार, सुषमा देवी, वर्षा देवी, लक्ष्मीनिया देवी, मंजू देवी, मुनारिका देवी लक्ष्मी देवी, अनिल चौधरी, जे पी चौधरी, दीपक चौधरी, सुनील चौधरी शामिल हुए।

# सीआइएसएफ ने चलाया अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान

## एनटीपीसी के आवासीय परिसर में शॉपिंग कंप्लेक्स व स्कूलों में दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में स्थित कहलगांव एनटीपीसी में कार्यरत केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा द्वारा संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और बच्चों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को विशेष अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी दीपावली को देखते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निशमन शाखा की ओर से एनटीपीसी के आवासीय परिसर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, डीएवी स्कुल आदि संस्थानों में चलाए गए विशेष



अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षक और मार्केट परिसर में उपस्थित लोगों को आग लगने के स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, बचाव के उपायों तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। कार्यक्रम में मुख्यतः आगामी दीपावली को ध्यान में रखते हुए बच्चों को बताया गया कि पटाखे जलाते समय किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए, ज्वलनशील पदार्थों से उचित दूरी क्यों आवश्यक है तथा आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें का प्रचार एवं प्रसार किया जाय। इसके साथ ही फायर फाईटिंग क्लास एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी भी दी गई। अग्निशमन शाख के कर्मियों ने विद्यार्थियों को आग के विभिन्न प्रकारों, आग लगने के संभावित कारणों तथा उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने के प्राथमिक तरीकों के बारे में समझाया। साथ ही आपदा के समय सुरक्षित तरीक से बचाव एवं निकासी की प्रक्रिया भी बताई। कर्मियो ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि छोटी-सी लापरवाही बड़ी अग्नि दुर्घटना का कारण बन सकती है। दीपावली के अवसर पर पटाखे खुले एवं सुरक्षित स्थान पर ही जलाने, बच्चों को बड़ों की निगरानी में पटखे चलाने तथा आग से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत आसपास के लोगों और संबंधित आपातकालीन सेवाओं को सूचना देने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में करीब एक सौ छात्र-छात्राओं एवं पांच शिक्षकों ने भाग लिया। इस मौके पर सहायक कमांडेन्ट, अग्नि निरीक्षक, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दीपावली 2026 को सुरक्षित एवं दुर्घटनामुक्त बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक और आपदा की स्थिति में तत्काल एवं सही कदम उठाने के लिए सक्षम बनाना है केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निशमन शाखा के इस प्रयास की विद्यालय परिवार द्वारा सराहना की गई।

# एक दशक से जर्जर है हलिमचक गांव का पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** हसपुरा प्रखंड के हलिमचक गांव का पुल पिछले एक दशक से जर्जर अवस्था में है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है वहीं सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है। इस जानलेवा पुल पर कब बड़ी दुर्घटना घट जाए कहना मुश्किल है। रात के समय यहां कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु भगवान का शुक्र है कि अबतक किसी की जान नहीं गई। इधर पुल निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कई बार पुल की मरम्मत की मांग उठाई है परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हलिमचक, परनपुरा एवं आसपास के ग्रामीण इसी पुल से गुजरते हैं। ग्रामीण संजय कुमार, देवनाथ प्रसाद ने बताया कि पुल के जर्जर होने के कारण लोग अपनी बाइक से पुल से नीचे से गुजरते हैं परंतु वर्षा के दिनों में जलजमाव के कारण यह जोखिम भरा हो जाता है। वर्षा में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। मजबूरन ग्रामीण दूसरे रास्तों से जाने में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। गांव में एक सरकारी विद्यालय भी है जहां छात्र-छात्राएं पुल से गुजरकर जाते हैं। पुल की स्थिति के कारण छात्रों और शिक्षकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणो ने अधिकारियों से शीघ्र ही पुल की मरम्मत कराने की मांग किया है।

# पूर्व मुखिया के 60 वर्षीय पुत्र का करंट से मौत

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार पंचायत के दंगवार गांव में शनिवार दोपहर करंट लगने से पूर्व मुखिया के पुत्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान दंगवार पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय अयोध्या ठाकुर के पुत्र विजय कुमार ठाकुर (60 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, विजय कुमार ठाकुर शनिवार दोपहर भोजन कर रहे थे। इसी दौरान गर्मी लगने पर उन्होंने घर में रखा स्टैंड फैन चालू किया। पंखे को अपनी ओर घुमाने के लिए जैसे ही उन्होंने उसके स्टैंड को पकड़ा, वे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही मूर्छित होकर गिर पड़े। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी अरविंद कुमार गुप्ता, स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। विजय ठाकुर की मौत की खबर मिलते ही उनके घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गोली मारकर महिला को किया घायल

## देर रात घटी घटना से इलाके में दहशत, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिंघौल।** सिंघौल थाना क्षेत्र के आकाशपुर गांव में देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया। देर रात हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। घायल महिला की पहचान आकाशपुर निवासी रघुवंश पासवान की लगभग 26 वर्षीया पत्नी राखी कुमारी के रूप में हुई। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि राखी अपने घर की छत पर अपने पति रघुवंश पासवान और तीन छोटे बच्चों के साथ सो रही थी तभी महिला राखी कुमारी को अज्ञात अपराधी ने गोली मार दी। गोली सीधे महिला के सीने में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही छटपटाने लगी। रात के सन्नाटे में

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

अचानक हुई इस गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग दहशत में आ गए। पीड़िता के पति ने बताया कि हम लोग रात में करीब एक बजे छत पर सोए हुए थे। अचानक गोली चलने की तेज आवाज आई। आवाज सुनते ही मेरी नींद खुली और मैं हड़बड़ाकर उठा। पहले तो मुझे लगा कि शायद कोई साधारण आवाज होगी, लेकिन जब मैंने बगल में देखा तो मेरी पत्नी दर्द से छटपटा रही थी। मैंने तुरंत उसे संभाला तो रोते हुए कहा कि उसे गोली लग गई है। गोली सीने में लगी थी। घटना के तुरंत बाद सदर अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही सदर-वन एसडीपीओ आनंद कुमार पांडेय एवं सिंघौल थाना की पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं परिजनों से भी पूछताछ किया। घटना के बाबत एसडीपीओ आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि कल देर रात राखी देवी को सोते हुए अवस्था में गोली लगी है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य और स्थिर बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले का अनुसंधान कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# श्रावणी मेला के दौरान मालदा मंडल ने सुरक्षित एवं सुगम रेल सेवाएं की सुनिश्चित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में एक महीने तक आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने कांवरियों की भारी भीड़ को सुव्यवस्थित करते हुए विभिन्न सुविधाएं मुहैय्या कराई है। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के भागलपुर-जमालपुर रेलखंड पर अवस्थित सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर श्रावणी मेला के दौरान पूरे सावन महीने तक बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम सहित देश के अन्य हिस्सों से बड़ी संख्या में कांवरियों का जत्था कई ट्रेनों से उतर कर उत्तर वाहिनी गंगा तट पर पहुंचा। तत्पश्चात पूरा जत्था (कावंरिया) अपने कांवर में पवित्र जल भरकर पैदल मार्ग से बाबा बैद्यनाथ धाम की नगरी देवघर के लिए प्रस्थान किया। ऐसा सिलसिला विगत 29



जुलाई से 28 अगस्त तक निबार्ध रुप से निरंतर चलता रहा। पूरे मेला अवधि के दौरान मालदा मंडल के रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में कांवरियों की अभूतपूर्व भीड़ को सुव्यवस्थित करने के साथ साथ यात्री सुरक्षा, संरक्षा, ट्रेन सेवाएं, चिकित्सा सहायता, टिकटिंग एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गईं।मेला के अवसर पर सुल्तानगंज स्टेशन पर नियमित यात्रियों के अलावा लगभग 17 लाख 35 हजार कांवरियों की आवाजाही हुई, जो गत वर्ष 2025 की इसी अवधि की तुलना में 2 लाख 5 हजार अधिक है। इसी तरह झारखंड के बासुकीनाथ धाम जाने वाले रेल मार्ग पर भी कांवरियों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उक्त धार्मिक स्थल के नजदीक वाले हंसडीहा स्टेशन पर 75 हजार से अधिक और नोनीहाट भतुड़िया स्टेशन पर 60 हजार से अधिक कांवरियों की आवाजाही दर्ज की गई।यह लाखों कांवरियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने में मालदा रेलमंडल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। श्रावणी मेला के दौरान कांवरियों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए मालदा मंडल द्वारा 950 जोड़ी ट्रेन सेवाएं संचालित की गईं, जिनमें 549 मेल/एक्सप्रेस स्पेशल, 225 टीओडी स्पेशल तथा 176 सवारी स्पेशल ट्रेनें शामिल थीं। सुल्तानगंज में नामित ट्रेनों के ठहराव की अवधि में भी 5 मिनट की वृद्धि की गई। इसके अतिरिक्त, चयनित नियमित ट्रेनों में जनरल सेकेंड क्लास कोचों की संख्या भी बढ़ाई गई। इस रेलमंडल की स्काउट्स एंड गाइड्स टीम ने भी सुल्तानगंज स्टेशन पर तीर्थयात्रियों की सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम द्वारा पेयजल उपलब्ध कराने, यात्रियों का मार्गदर्शन करने तथा रेलवे सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। स्वयंसेवकों ने स्टेशनों पर यात्रियों का मार्गदर्शन किया, बुजुर्गों एवं महिलाओं की सहायता की, भीड़ की आवाजाही को व्यवस्थित करने में सहयोग दिया तथा अत्यधिक भीड़ के समय जमीनी स्तर पर आवश्यक सहायता प्रदान की। इन प्रयासों को मारवाड़ी युवा मंच एनजीओ, सुल्तानगंज के स्वयंसेवकों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। स्वयंसेवकों ने भारी भीड़ के दौरान कांवरियों एवं श्रद्धालुओं की सहायता की, पेयजल उपलब्ध कराया तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

# प्राचार्य की बेटी स्निग्धा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए किया क्वालीफाई

## महज 22 वर्ष की उम्र में हासिल की सफलता, पीएचडी में सीधे प्रवेश की पात्रता भी मिली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह की पुत्री स्निग्धा सिंह ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनने की पात्रता प्राप्त की है। स्निग्धा ने उच्च स्कोर के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के साथ-साथ पीएचडी में सीधे प्रवेश के लिए भी पात्रता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि स्निग्धा ने महज 22 वर्ष की उम्र में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के लिए क्वालीफाई कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्निग्धा ने इस वर्ष मई में आयोजित नेट परीक्षा में अपीयरिंग कैंडिडेट के रूप में भाग



लिया था। शुक्रवार को एनटीए की वेबसाइट पर जारी परिणाम में उन्हें शानदार सफलता मिली। स्निग्धा सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लोरेटो कॉन्वेंट, रांची से प्राप्त की, जबकि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा डीपीएस, रांची से पूरी की। इसके बाद उन्होंने सीयूईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज तथा प्रतिष्ठित सेंट स्टीफेंस कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान स्निग्धा ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्नातक के तीनों वर्षों में विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करते हुए उन्हें मासिक वाइस चांसलर इंटर्नशिप स्कॉलरशिप भी मिली। इसके बाद पीजी के लिए भी उन्होंने सीयूईटी में बेहतर प्रदर्शन किया और दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस से 5 अगस्त को प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की।

वर्तमान में स्निग्धा दिल्ली स्थित फोरम आईएएस में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। वह अगले वर्ष पूरी तैयारी के साथ संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने की योजना बना रही हैं। स्निग्धा की इस सफलता से प्राचार्य उदय कुमार सिंह के आवास पर जश्न का माहौल है। प्राचार्य ने बच्चों की निरंतर सफलता का श्रेय उनकी माता किरण सिंह के सतत प्रयास और मार्गदर्शन को दिया है।

परिवार में छोटे पुत्र प्रसून भी अपनी उपलब्धियों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट में डीपीएस एवं झारखंड बोर्ड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा आईआईटी जेईई मेन्स एवं एडवांस परीक्षा भी क्वालीफाई की। वर्तमान में वह राष्ट्रीय महत्व के संस्थान स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली में बी. प्लान की पढ़ाई कर रहे हैं। बताया गया कि उन्होंने शुरुआती दोनों सेमेस्टर में उत्कृष्ट सीजीपीए हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। स्निग्धा सिंह की सफलता पर प्राचार्य उदय कुमार सिंह और उनके परिवार को परिजनों, शुभचिंतकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।

# रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में देव की टीम बनी विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** तीन दिवसीय जिला खेल महोत्सव का आगाज गुरुवार को देव स्थित जगन्नाथ उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट से हुआ। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस खेल महोत्सव के पहले दिन औरंगाबाद एवं देव की फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डा. धनंजय शर्मा, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, खेल एवं कला कौशल के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव और समाजसेवी अनिल सिंह और निर्मल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। खेल कौशल के संयोजक वीरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मूसलाधार बारिश



के बीच दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मैदान में अपना दमखम दिखाया। बारिश के कारण मैदान में जमे रहना खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण था, इसके बावजूद दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद रेफरी के निर्णय के अनुसार टॉस के माध्यम से विजेता का फैसला किया गया, जिसमें देव की टीम ने बाजी मारते हुए जीत हासिल की, जबकि औरंगाबाद की टीम उपविजेता रही। पूरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले औरंगाबाद टीम के खिलाड़ी अजय यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर डा. धनंजय शर्मा ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण एवं स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। खेल एवं कला कौशल के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और जिले की प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दिया की 29 अगस्त को प्रातः सात बजे से शहर के इनडोर स्टेडियम परिसर में कुश्ती दंगल प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता, कबड्डी खेल प्रतियोगिता जैसे आयोजन होंगे, दोपहर 2:00 बजे से खेल विषय पर संगोष्ठी सभा एवं प्रतियोगी खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। खेल कौशल के संयोजक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। पूरे फुटबॉल मुकाबले की शानदार कमेंट्री कुश्ती संघ के सचिव उदय तिवारी ने की। कार्यक्रम में फुटबॉल संघ के सचिव फखरुद्दीन आलम, दीपक गुप्ता, धनंजय सिंह, रत्नाकर कुमार, जगन्नाथ यादव सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आरएसएस और मोदी जी को खुश करने में लगे केन्द्रीय मंत्री : पूर्व मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री चिराग़ पासवान और केंद्रीय मंत्री जीतन राम माँझी जी दोनों का बयानबाज़ी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गो को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा संविधान में दिया गया आरक्षण के अधिकार के विरोध मे है। आरक्षण में किसी भी प्रकार की समीक्षा, छेड़छाड, आरक्षण के अंदर आरक्षण या आर्थिक आधार का प्रावधान नहीं किया जा सकता है। संविधान इसकी इजाज़त नहीं देता। ये दोनों केंद्रीय मंत्री आर एस एस और मोदी जी को ताबड़तोड़ तेल मालिश करने में लगे हुए हैं की हमारी कुर्सी सुरक्षित रहे। ये लोग खुद पारिवारिक पार्टी बनाकर पार्टी पर और सरकार में मंत्री पद पर क़ब्ज़ा जमाए हुए हैं। एक पिता-पुत्र-पुत्र बधू - दामाद और समधिन को मंत्री और विधायक बना कर पार्टी और सरकार चला रहे हैं। इनको मुसहर, डोम, मेहतर, भंगी समाज की बदहाली की याद तब आती है जब इनकी कुर्सी डगमगाने



लगती है। उसी तरह दुसरे नेता जी की हालत ठीक उसी तरह की है ये पार्टी और मंत्री पद को परिवार की जागीर समझ बैठे हैं। ये वही नेता जी हैं जिन्होंने संपन्न दलितों को आररक्षण छोड़ने की बात कई बार सार्वजनिक मंचों से कह चुके हैं। देशभर में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के सरकारी नौकरियों में लाखों पद ख़ाली हैं उसको अभियान चलाकर बैकलाक के तहत पदों पर नियुक्ति करने के लिए एक बार भी संसद में या सार्वजनिक मंचों से आवाज़ नहीं उठायी और आरक्षण पर घड़ियाली आँसू बहा रहे है। इसलिये एससी/एसटी के आरक्षण के सवाल पर दिए गए बयान पर तीनों मंत्रियों को माफ़ी माँगते हुए मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे देना चाहिए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल महोत्सव की धूम, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** शनिवार को हॉकी के जादूगर एवं महान भारतीय खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के तहत जिला खेल कार्यालय, बक्सर के तत्वावधान में जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं शारीरिक फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर इंडोर बैडमिंटन हॉल बक्सर, कला भवन बक्सर एवं एम.पी. उच्च विद्यालय बक्सर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी खेल प्रतियोगिताओं एवं शारीरिक फिटनेस गतिविधियों का आयोजन कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल महोत्सव के दौरान वूशु, जूडो, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, शतरंज एवं वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कबड्डी में खिलाड़ियों ने फुर्ती एवं सामूहिक रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया, वहीं शतरंज में खिलाड़ियों ने अपनी सूझबूझ एवं रणनीतिक क्षमता का परिचय दिया। बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। वूशु एवं जूडो खिलाड़ियों ने तकनीक, आत्मविश्वास एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। विद्यालयों में आयोजित खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रेरित करने, नियमित शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करना तथा जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व एवं सकारात्मक सोच के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# अवैध हथियार और चोरी की ब्रेजा कार के साथ तीन गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ कार में घूम रहे कार सवार युवकों की तलाशी के दौरान अवैध हथियार बरामद किया है। जांच के क्रम में पुलिस को कार की चोरी का पता चला। पुलिस को सूचना मिली कि भलूआना की तरफ से एक उजला रंग की चारपहिया वाहन में कुछ व्यक्ति हथियार से लैस होकर गड़हनी की तरफ जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग कर गाड़ियों की सघन तलाशी ली जिसमें उपरोक्त सफलता प्राप्त हुई। तलाशी के क्रम में वाहन चालक अंकित कुमार राय के सीट के नीचे पैर रखने वाले स्थान पर रखे एक लाल रंग के गमछे में लपेटा हुआ दो लोडेड देशी पिस्टल बरामद किया गया। बरामद हथियार और संदिग्ध ब्रेजा गाड़ी के संबंध में वैध कागजात या लाइसेंस की मांग करने पर उनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात सभी अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया और हथियार और कार को जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में चरपोखरी थाना कांड संख्या-195/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** हॉकी के महान खिलाड़ी एवं देश के गौरव मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में खेल भवन, कतीरा, आरा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने योग कार्यक्रम में सहभागिता की और उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं खेल प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने युवाओं को खेल एवं योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, आरा सदर, प्रभारी पदाधिकारी, खेल शाखा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवा खिलाड़ियों एवं खेल प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा ने कहा कि ह्लमेजर ध्यानचंद का जीवन खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और देश के लिए गौरव हासिल करने की प्रेरणा देता है।

# सावधान : साधु के वेश में घूम रहे ठग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनाबाद।** भगवा वस्त्र, साधु का वेश और जुबान पर भूत-प्रेत का डर... अगर आपके गांव में भी ऐसा कोई शख्स घूमता दिखाई दे तो सावधान हो जाइए। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव में साधु के वेश में ग्रामीणों को कथित रूप से डराकर रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के मुताबिक, राकेश लालदेव, धीरेंद्र लालदेव और उमेश लालदेव पर आरोप है कि वे साधु के वेश में गांव में पहुंचे और लोगों को भूत-प्रेत का भय दिखाकर रुपये लेने लगे। आरोप है कि घर में अनिष्ट होने और भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर लोगों को डराया गया और इससे बचाने के नाम पर पैसे लिए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, एक सप्ताह पहले को दोपहर करीब 12 बजे राकेश लालदेव उसके घर पहुंचा। उसने कथित तौर पर भूत-प्रेत का भय दिखाया और रुपये की मांग की। डर के कारण शिकायतकर्ता ने पहले रुपये दिए और बाद में उधार लेकर 10 हजार रुपये तक देने की बात सामने आई। ग्रामीणों को जब इस गतिविधि की जानकारी हुई तो उन्होंने मामले को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ शुरू की।

# मुंगेर विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

## लोगों को फिट रहने के लिए खेल है जरूरी : डा. घनश्याम राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**मुंगेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मुंगेर विश्वविद्यालय की क्रीड़ा परिषद और आरडी एंड डीजे कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' रही। कार्यक्रम का आयोजन आरडी एंड डीजे कॉलेज के आर्ट एंड कॉमर्स ब्लॉक स्थित कमरा संख्या-2 में दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र के औपचारिक उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा सचिव डॉ. संजय मांझी, कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह, कॉलेज के क्रीड़ा सचिव डॉ. शुभम कुमार सहित डॉ. संतोष कुमार, डॉ. कृपाशंकर पांडे, डॉ. सैयद अकील, डॉ. मिथिलेश आदि मौजूद रहे।

स्वागत भाषण डॉ. संजय मांझी ने दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुंगेर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। मंच संचालन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शुभम कुमार ने किया। कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि भारत सरकार के 'फिट इंडिया' अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ और फिट रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में बिताना चाहिए। उन्होंने 27 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय 'खेलो इंडिया संवाद' के तहत एकलव्य सेंटर के 13 खिलाड़ियों और योग एसोसिएशन के छह खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के लिए भी प्रोत्साहित किया।

मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार ने संदेश के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ एवं फिट रहने का संदेश दिया। उन्होंने 'संडे ऑन साइकिल' रैली को व्यापक अभियान बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो. डॉ. महेश्वर मिश्र ने बताया कि वर्तमान वर्ष में मुंगेर विश्वविद्यालय 14 खेल विधाओं की इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में भाग लेगा। दूसरे सत्र में डीजे कॉलेज में मैत्रीपूर्ण शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके बाद साइकिल रैली निकाली गई। रैली में कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय और क्रीड़ा सचिव डॉ. संजय मांझी ने स्वयं साइकिल चलाकर विद्यार्थियों को फिटनेस का संदेश दिया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. बिजेंद्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कैलेंडर के अलावा विभागीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारा जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिजीत, मृत्युंजय, सुमित, क्रीड़ा परिषद के कार्यालय कर्मी अमित एवं देवव्रत, प्रमोद कुमार सिंह सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मी, खिलाड़ी और एनएसएस स्वयंसेवकों सहित करीब 200 लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी मुकाबले में शिवम की टीम विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल, राजकीयकृत एपीएस प्लस टू स्कूल, नावकोठी में हॉकी मैच का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मैच का आयोजन प्रधानाचार्य गणेश झा की मौजूदगी में अमित कुमार, सुधांशु कुमार एवं राजीव कुमार के मार्गदर्शन और देखरेख में कराया गया। प्रतियोगिता का मुख्य मुकाबला कक्षा 11वीं के शिवम कुमार और उत्सव राज की टीमों के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। अंततः शिवम कुमार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्सव राज की टीम को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से शिवम, नीरज, कृष्णा, अनीश, भानु एवं शुभम सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन का परिचय दिया। मुकाबले को लेकर विद्यालय के विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिवार की ओर से विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# केशरवानी वैश्य महासभा की बैठक में नवमनोनित सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**बखरी/बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केशरवानी वैश्य महासभा की बैठक शनिवार को हुई। बैठक मे नवमनोनीत पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।बैठक मे दिलीप केशरी को अध्यक्ष, रामदयाल केशरी एवं अभिमन्यु केशरी को उपाध्यक्ष, गुड्डू केशरी को महासचिव, अनुराग केशरी एवं अभिमन्यु केशरी को सह सचिव, जयप्रकाश केशरी को कोषाध्यक्ष, सुनील केशरी को संगठन मंत्री तथा अमरनाथ केशरी को अंकेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सुरेंद्र केशरी को प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। कार्यसमिति सदस्य के रूप में सीताराम केशरी, विकास केशरी, ओमप्रकाश उर्फ फिजूल केशरी, समीर श्रवण, कुंदन केशरी, ओमप्रकाश केशरी, सचिन केशरी, प्रेम केशरी, राजा कुमार सहित अन्य सदस्य मनोनीत हुए।जिन्हें निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमकिशन मन्नू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बैठक शाह शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत कश्यप मुनि के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अबसर पर अध्यक्ष दिलीप केशरी ने कहा कि महासभा को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं संगठित बनाना उनकी प्राथमिकता है। समाज के सभी वर्गों को एकजुट कर सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

# जिले के सभी पंचायतों में खुलेगा जीविका सुधा बिक्री केन्द्र

## जीविका सुधा बिक्री केंद्र का डीएम ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका और कॉम्फ़ेड के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सदर प्रखंड के रजौड़ा चौक पर जिले के पहले जीविका सुधा बिक्री केंद्र का शुभारंभ हुआ। डीएम रिची पांडेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर कॉम्फ़ेड के एमडी रविंद्र कुमार और जीविका के डीपीएम अविनाश कुमार ने डीएम का स्वागत किया। डीएम ने कहा कि यह नवाचार जीविका दीदियों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने और उनके उत्पादों को स्थानीय बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में अहम कदम है। कॉम्फ़ेड एमडी रविंद्र कुमार ने बिक्री केंद्र के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी दी। जीविका डीपीएम अविनाश कुमार ने बताया कि जिले की सभी 217 पंचायतों में जीविका सुधा बिक्री केंद्र खोले जाएंगे। अब तक 115 पंचायतों में दीदियों को चिन्हित कर प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीडीओ रविशंकर कुमार ने बताया कि केंद्र से जीविका उत्पादों और सुधा के उत्पादों को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे दीदियों की आय बढ़ेगी। नोडल भवानी शंकर ने बताया कि इस केंद्र का संचालन जीविका लाभार्थी शबनम खातून करेंगी।मौके पर मुखिया अहमद हुसैन, ग्राम संगठन अध्यक्ष अंजली देवी, सचिव सुभद्रा कुमारी, कोषाध्यक्ष पूजा देवी सहित प्रशासनिक अधिकारी, कॉम्फ़ेड-जीविका कर्मी और बड़ी संख्या में जीविका दीदियां मौजूद थीं।

### बाढ़ का सीओ ने लिया जायजा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मटिहानी प्रखंड के खोरमपुर पंचायत के छितरौर गांव में बाढ़ की स्थिति का प्रशासन ने भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि जलस्तर लगातार घट रहा है और स्थिति सामान्य हो रही है।मीडिया में प्रसारित खबर के बाद सीओ मटिहानी और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त निरीक्षण किया। खेतों और सड़कों पर भरा पानी काफी हद तक उतर चुका है, जल बहाव सामान्य है। किसी भी आवासीय घर में बाढ़ का पानी प्रवेश नहीं हुआ है। सड़कों से पानी हटने से आवागमन सुचारू है, नाव परिचालन की आवश्यकता नहीं है। अंचल प्रशासन ने पंचायत स्तर पर कर्मियों को बाढ़ प्रबंधन और निरंतर निगरानी के लिए अलर्ट रखा है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# खेल से ही आएगी एकता और अनुशासन : डीएम

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बीपी स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बीपी इंटर विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विभिन्न स्कूलों और क्लबों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम रिची पांडेय, डीडीसी आकाश कुमार, एसपी मनीष कुमार, जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह, डीईओ मनोज कुमार और प्राचार्या कामिनी कुमारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ एकता, भाईचारा, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संदेश देता है। उन्होंने पंचायत स्तर के खेल मैदानों का सर्वे कराने का निर्देश दिया और कहा कि नशे की ओर भटक रहे युवाओं को खेल से जोड़कर सकारात्मक दिशा दी जाएगी। एसपी मनीष कुमार ने प्रतिदिन एक घंटा खेल को देने की बात कही। वॉलीबॉल बालिका बीपी उच्च विद्यालय ने ज्ञानभारती को 2-0 से हराया। हैंडबॉल बालक : टाउनशिप क्लब ने बीआरडीएवी बरौनी को 10-08 से हराया। हॉकी बालिका महात्मा गांधी उच्च विद्यालय ने परियोजना बालिका बदलपुरा को 2-1 से हराया। फुटबॉल बालक सरदार पटेल क्लब ने मटिहानी क्लब को पेनाल्टी में 4-2 से हराया। समापन पर डीएम ने विजेता-उपविजेता टीमों को कप और डीडीसी ने शारीरिक शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। फिट इंडिया के तहत 28 से 30 अगस्त तक सभी स्कूल-कॉलेजों में ''एक घंटा खेल के मैदान में'' कार्यक्रम के तहत खेल गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

# शिवाजीनगर में शिक्षक की मौत से शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड क्षेत्र में 47 वर्षीय शिक्षक टुनटुन मलिक की आकस्मिक मौत से शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों में शोक की लहर है। टुनटुन मलिक बांदा कॉलोनी स्थित विद्यालय में कार्यरत थे। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए दरभंगा स्थित हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली शिक्षक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों, सहकर्मियों और परिचितों में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रीता देवी (42 वर्ष), बड़े पुत्र चंदन कुमार, पुत्र राजा कुमार एवं पुत्री चंदा कुमारी को छोड़ गए हैं। शोक सभा में प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह, रामनाथ पंडित, गुंजन कुमार, कुमारी पुष्पा, ललिता कुमारी, पूनम कुमारी, अरूप कुमार, पासवान, सुदर्शन प्रसाद, बिरजू राय समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की कामना की शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने कहा कि टुनटुन मलिक के मिलनसार स्वभाव के थे।

# गिरिराज सिंह ने ममता को दी राजनीति से संन्यास लेने की सलाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री एवं बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राजनीति से संन्यास लेने की सलाह दी है। एसआईआर को लेकर ममता बनर्जी के बयान पर पलटवार करते हुए गिरिराज सिंह ने उन पर तीखा हमला बोला। गिरिराज सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी को गंगा किनारे जाकर स्वयं को शुद्ध कर राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इसके लिए ममता बनर्जी को चुनाव आयोग को धन्यवाद देना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी बांग्लादेशी नागरिकों को मतदाता बनाना चाहती थीं, लेकिन एसआईआर के तहत ऐसे लोगों के नाम हटाए गए, जो भारत के नागरिक नहीं थे। गिरिराज सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी को इस पर प्रायश्चित करना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वह एसआईआर पर सवाल उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव आयोग एसआईआर नहीं करता तो बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक मतदाता सूची में बने रहते। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा ने चुनाव को 'हाईजैक' करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा था कि मतदाता सूची से लाखों नामों को गैरकानूनी तरीके से हटाकर 'वोट लूटने' के लिए एसआईआर का इस्तेमाल किया गया। ममता बनर्जी के इसी बयान पर गिरिराज सिंह ने पलटवार करते हुए उन्हें राजनीति से संन्यास लेने की सलाह दी। इससे पहले गिरिराज सिंह ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस है, जिसे देशभर में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ध्यानचंद ने अपनी हॉकी स्टिक और कड़ी मेहनत के बल पर खेल के क्षेत्र में ऐसी ऊंचाई हासिल की कि आज उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मेजर ध्यानचंद को सम्मान देने के लिए बधाई के पात्र हैं।

# मनीगाछी प्रखंड में परामर्श सभा के माध्यम से दो मामले निष्पादित

## शेष मामलों के लिए की गई तिथि निर्धारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनीगाछी (दरभंगा)।** मनीगाछी में प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी भाग्यश्री राज की अध्यक्षता में परामर्श सभा सभा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार कुल 6 मामले सभा पटल पर रखे गए। जिसमें एक मामला पुराना था। अन्य मामलों में दो का निष्पादन संबंधित पक्षों की उपस्थिति में सहमति से कर दिया गया। शेष मामले की सुनवाई केलिए अगली तिथि निर्धारित की गई है। बताया गया कि सभा का आयोजन प्रत्येक शनिवार को किया जाता है जिसमें मामले का निष्पादन संबंधित पक्षों के उपस्थिति में करने का प्रयास होता है। उक्त दोनों निष्पादित मामला भंडारीसम पंचायत के रीना देवी वनाम बिनोद साहू तथा संतोष पूर्वे वनाम लक्ष्मण पूर्वे से संबंधित था।

# तेघड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** तेघड़ा में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम रिची पांडेय ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी मनीष, विधायक रजनीश कुमार, एसडीएम तेघड़ा सहित वरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम गौशाला पहुंचे, जहां अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात, बिजली, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव काफी प्रसिद्ध है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ समय पर तैयारी पूरी करें। भीड़ प्रबंधन, प्रवेश-निकास और ट्रैफिक व्यवस्था विशेष रूप से सुव्यवस्थित रखी जाए। डीएम ने विद्युत बोर्ड को निर्बाध बिजली आपूर्ति, नगर निकाय को नियमित सफाई और कचरा निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। इसी क्रम में डीएम ने गौशाला परिसर में जीविका द्वारा संचालित गोबर्धन सामुदायिक बायोगैस इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा और जैविक कचरा प्रबंधन में इसकी भूमिका की सराहना की और स्लरी के व्यावसायिक उपयोग, बायोगैस के अधिकाधिक उपयोग और उपभोक्ताओं से समय पर शुल्क भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शांति समिति की बैठक

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के वीरपुर में वर्षों से आयोजित हो रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए थाना के प्रतीक्षालय भवन में थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी भाई वीरेंद्र ने सभी पूजा समितियों को सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने बताया कि मेले में सुरक्षा बनाए रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रत्येक पूजा समिति को कम स्वयंसेवकों को तैनात करने एवं असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मेला परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने जनता से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में तीनों पूजा समिति के अध्यक्ष व सदस्य के साथ प्रखंड प्रमुख, मुखिया, सरपंच पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों सहित स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

# विज्ञान के मंच पर दिखेगी बच्चों की प्रतिभा, स्कूलों में होगा साइंस ड्रामा

## 'विज्ञान और समाज' विषय पर छात्र करेंगे अभिनय, क्लास 6 से 10 तक के बच्चे लेंगे भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने और वैज्ञानिक सोच को मंच देने के लिए विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वर्ग छह से 10 तक के छात्र-छात्राएं इसमें हिस्सा लेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता पांच सितंबर तक पूरी करानी है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के निदेशक के निर्देश पर यह प्रतियोगिता एससीईआरटी और श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। इस वर्ष विज्ञान ड्रामा का मुख्य विषय 'विज्ञान और समाज' रखा गया है।प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर पांच सितंबर तक आयोजित होगी। इसके बाद जिला स्तर पर छह से 16 सितंबर, प्रमंडल स्तर पर 17 से 30 सितंबर तक प्रतियोगिता होगी। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना में आयोजित की जाएगी। इसके बाद पूर्वी भारत स्तर की प्रतियोगिता 26 और 27 नवंबर को बीआईटीएम, कोलकाता में होगी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता पांच और छह जनवरी 2027 को साइंस सिटी, कोलकाता में आयोजित की जाएगी। एससीईआरटी के निदेशक ने सभी विद्यालयों में प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और बच्चों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही बीआईटीएम, कोलकाता से प्राप्त नियम व निर्देशों की प्रति सभी प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इस आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय स्तर पर विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्देश दिया है। प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं की सूची बीआरसी में जमा करनी होगी। वहीं बीईओ को प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों की सूची 10 सितंबर तक एसएसए कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बनाही स्टेशन के पश्चिम साइड दानापुर रेल खंड में ट्रेन से गिरने से लड़के की हुई मौत। मृतक संतोष कुमार उम्र 25 वर्ष पिता नंद जी यादव निवासी माधोपुर गांव वार्ड नंबर 10 थाना कारनामेपुर क्षेत्र के रहने वाले था। वह अपनी चचेरी बहन से राखी बंधवाने रघुनाथपुर जा रहा था इसी क्रम में अचानक असंतुलित होकर दानापुर रेलखंड के पीडीयू बनाहीं स्टेशन पर गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई रमेश कुमार यादव ने बताया कि संतोष कुमार शुक्रवार की दोपहर ट्रेन से बक्सर जिले के रघुनाथपुर गांव में अपनी चचेरी बहन नेहा कुमारी के घर राखी बंधवाने जा रहा था इसी दौरान बनहीं स्टेशन के समीप वह अनियंत्रित होकर अचानक गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर तत्काल परिजनों को सूचना दी और शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करावाया और आवश्यक कानूनी प्रतिक्रिया पूरी कर शव को परिजनों को सौंप दिया। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़। परिवार में मृतक संतोष तीन भाइयों में सबसे बड़ा था उसके परिवार में मां रीना देवी और दो छोटे भाई मुकेश कुमार और नीतीश कुमार है। त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई ।रक्षाबंधन के पावन पर्व के दिन इस अप्रत्याशित और दुखद घटना से पूरे परिवार में कोहरा मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर होगा जिलास्तरीय मैराथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पहसारा पश्चिम में इस बार धार्मिक उत्सव के साथ खेल प्रतिभाओं को भी मंच मिलेगा। श्रीकृष्ण पूजा समिति, पहसारा पश्चिम के सौजन्य से 6 सितंबर को जिलास्तरीय भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धावकों के शामिल होने की संभावना है।

मैराथन दौड़ का शुभारंभ पहसारा बभनगामा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से होगा। यहां से धावक निर्धारित मार्ग से दौड़ते हुए सिसौनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्साह और बेहतर प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए आयोजन समिति की ओर से आकर्षक नगद पुरस्कार की व्यवस्था की गई है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक को 15 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 7100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं चौथे से दसवें स्थान तक रहने वाले प्रतिभागियों को 1100-1100 रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों में वचनदेव कुमार, गोलु कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ विडुल सिंह आदि ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को यादगार बनाने के साथ युवाओं में खेल भावना विकसित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना मैराथन का मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

CMYK

# जीविका सुधा बिक्री केंद्र से महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें स्थायी आजीविका से जोड़ने की दिशा में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत फ़ेसर पंचायत के देवरिया रुस्तम गांव में जीविका सुधा बिक्री केंद्र का शुभारंभ अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। जीविका सुधा बिक्री केंद्र का संचालन जीविका से जुड़ी लाभार्थी मालती कुमारी द्वारा किया जाएगा। केंद्र के माध्यम से स्थानीय स्तर पर दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ लाभार्थी महिला को नियमित आय का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं आय के स्थायी साधनों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। जीविका के माध्यम से महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग एवं अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जीविका सुधा बिक्री केंद्र इसी दिशा में एक प्रभावी पहल है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय के अवसर सृजित होंगे। जीविका सुधा बिक्री केंद्र की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन, स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के विपणन को एक संगठित मंच प्राप्त होगा, जिससे दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं दोनों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान मगध मिल्क यूनियन के एमडी हेमेन्द्र कुमार, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक, पवन कुमार, जीविका के प्रबंधक (पशुधन) सौरव कुमार एवं सदर प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रुति कांत पाठक सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पिकअप के धक्के से कार सवार चिकित्सक की मौत, पिता गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा गांव के समीप शनिवार की सुबह पटना-डिहरी मुख्य कैनाल के पास सड़क हादसे में कार सवार युवा चिकित्सक डा. हर्षवर्धन कुमार की मौत हो गई जबकि उनके पिता डा. विजय चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का कारण पिकअप वाहन और अल्टो कार के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर बताया जा रहा है। बताया जाता है कि तेजपुरा गांव निवासी 23 वर्षीय डा. हर्षवर्धन कुमार एमबीबीएस चिकित्सक थे और वर्तमान में अपने परिवार के साथ डिहरी में रह रहे थे। उनके पिता डा. विजय चौधरी भी चिकित्सक हैं। दोनों शनिवार की सुबह कार से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान तेजपुरा गांव के समीप मुख्य कैनाल के पास सामने से आ रहे पिकअप वाहन से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल डॉ. विजय चौधरी को बाहर निकाल इलाज के लिए दाउदनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू की। मृतक डा. हर्षवर्धन कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। डा. हर्षवर्धन की मौत की खबर मिलते ही तेजपुरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों के अनुसार युवा चिकित्सक की असमय मौत से पूरे गांव को गहरा आघात पहुंचा है। हादसे के बाद पिकअप वाहन का चालक मौके से फरार हो गया।

## केशहर नदी से 20 घंटे बाद मिला किशोरी का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड के भदवा पंचायत अंतर्गत मंजखड़ गांव के समीप केशहर नदी पार करने के दौरान मां और उसकी दो सगी बेटियां तेज धार में बह गईं। ग्रामीणों की तत्परता से मां शोभा देवी और एक बेटी काजल कुमारी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि 16 वर्षीय ब्यूटी कुमारी तेज बहाव में बह गई। करीब 20 घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद शनिवार को घटनास्थल से करीब 200 फीट दूर बांस के झाड़ में फंसा ब्यूटी का शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि शैलोपुर गांव निवासी दीपू साव की पत्नी शोभा देवी अपनी दोनों बेटियों काजल कुमारी और ब्यूटी कुमारी के साथ उचौली बाजार जाने के लिए घर से निकली थीं। मंजखड़ गांव के समीप ग्रामीणों द्वारा नदी पार करने के लिए बांस की चचरी से बनाए गए अस्थायी रास्ते से तीनों नदी पार कर रही थीं। इसी दौरान तेज पानी के बहाव के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और तीनों नदी में बहने लगीं। तीनों के शोर मचाने पर आसपास मौजूद बलिगांव गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद शोभा देवी और उनकी बेटी काजल कुमारी को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन ब्यूटी कुमारी तेज धारा में बह गई। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से नदी में ब्यूटी की तलाश शुरू कराई गई। शैलोपुर, बलिगांव समेत आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीण भी खोजबीन में जुटे रहे। करीब 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ब्यूटी कुमारी का शव बरामद किया गया। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि नदी में लापता नाबालिग की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया गया था। कड़ी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया गया है। अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार जल्द ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## नकली पेट्रोल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड से भारी मात्रा में लायी जा रही नकली पेट्रोल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के नौगढ़ मोड़ पर की गई। तस्कर के पास से 280 लीटर नकली पेट्रोल जब्त किया गया है। गिरफ्तार चालक की पहचान गया जिले के गुरारू थाना अंतर्गत जयपुर गांव निवासी राकेश निराला के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि छोटे-छोटे दुकानदारों के माध्यम से यह नकली पेट्रोल स्थानीय बाजार में खपाया जाता था। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से नकली पेट्राल के अवैध कारोबार पर लगाम लगेगी और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य बड़े चेहरों का भी जल्द पता चल सकेगा। वहीं प्रशासन ने साफ किया है कि नकली ईंधन के कारोबार पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने जब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की तो उसने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। बताया गया कि झारखंड से नकली पेट्रोल लाकर आसपास के क्षेत्रों में खपाया जाता था। पुलिस का मानना है कि इस धंधे में कई अन्य लोग भी संलिप्त हो सकते हैं। फिलहाल आवश्यक कार्रवाई के बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

# खेल की भावना को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विशेष रूप से तैयार स्पोर्ट्स कॉरिडोर का लोकार्पण सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के साथ संयुक्त रूप से स्पोर्ट्स कॉरिडोर का लोकार्पण किया। इस दौरान अतिथियों ने ठाकुर राजकिशोर प्रसाद सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शिलापट्ट का अनावरण किया। लोकार्पण के बाद विद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। मेजर ध्यानचंद के योगदानों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि खेल की भावना को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। खेलकूद व्यक्ति के जीवन को सुसंस्कृत, सुगठित एवं अनुशासित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह ने कहा कि विद्यालयों के विकास में सामुदायिक सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से पुरातन छात्रों को पुनः अपने विद्यालयों से जोड़ने और उनके सहयोग से विद्यालय के विकास को गति देने का सुझाव दिया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने अनुग्रह स्कूल को जिले का प्राचीनतम विद्यालय बताते हुए इसकी गौरवशाली परंपरा की चर्चा की। उन्होंने विधायक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालय को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने के लिए विशेष प्रयास करने का अनुरोध किया। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने अतिथियों को विद्यालय का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर खेलप्रेमी सुरजीत सिंह, सुनील सिंह, अरविंद कुमार, मोहम्मद फकरुद्दीन अहमद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से मजदूर घायल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बारून थाना अंतर्गत जनकोप गांव के समीप शनिवार दोपहर सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से 55 वर्षीय मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जनकोप गांव निवासी अंबिका राम के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उग्र हो गए और एनएच-19 पर उतरकर यातायात पूरी तरह ठप कर दिया। जाम के कारण हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। इससे राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## दुष्कर्म के आरोपित सहित अन्य मामलों में 36 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 15 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 904 वाहनों से 27500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 9 वारंटों का निष्पादन किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**रेडक्रॉस के स्वास्थ्य शिविर में 210 छात्र-छात्राओं की हुई जांच, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जूनियर रेडक्रॉस, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 210 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की आवश्यक जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, बारून के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, जूनियर रेडक्रॉस कार्यकारिणी समिति के सदस्य राजीव कुमार पांडेय तथा जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आरके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर आयोजित ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान एवं आवश्यक परामर्श मिल पाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी ही शिक्षा एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य आर.के. सिंह ने भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी एवं जूनियर रेड क्रॉस, औरंगाबाद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए भी प्रतिबद्ध है। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक एवं संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बारून के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं विद्यालय के शिक्षक तीर्थनाथ यादव, गणेश प्रसाद सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं, जूनियर रेड क्रॉस से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभाओं का किया सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न खेल गतिविधियों एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष) सैदुल हसन खा एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद द्वारा संयुक्त रूप से 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कुश्ती, बॉक्सिंग एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता रहे खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में औरंगाबाद की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि ओबरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं महिला वर्ग में औरंगाबाद की टीम प्रथम तथा नवीनगर की टीम फर्स्ट रनर-अप रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देवकुंड पुलिस ने एक महिला के साथ बलात्कार के आरोप में 32 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमरजीत कुमार उर्फ गुड्डू राजा के रुप में हुई है। बताया जाता है कि 20 अगस्त को थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि 15 अगस्त को अमरजीत कुमार उर्फ गुड्डू राजा देर रात उसके घर में घुस गया और हथियार के बल पर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इस दौरान आरोपी ने महिला का गला भी दबाने की कोशिश की लेकिन महिला के चिल्लाने के बाद वह वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद आरोपी के शिकायत दर्ज करवाई गयी और न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष निरंजन सिंह ने बताया कि महिला और आरोपी आपस में रिश्तेदार भी बताए जाते हैं। पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। आवश्यक कर्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## कुत्ते के मुंह पर टेप लगा लाखों की चोरी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरवार गांव में बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। गांव के बीचों-बीच हुई इस चोरी से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया गया कि रात में तेज बारिश हो रही थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित आलोक सिंह ने बताया कि घर में वे और उनकी पत्नी सोए हुए थे। बच्चे रक्षाबंधन में बहन के घर तथा मां-पिताजी और भतीजी रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। बारिश तथा घर में चल रहे कुलर की आवाज का फायदा उठाते हुए चोरों ने सबसे पहले आंगन में बंधे पालतू कुत्ते के मुंह पर टेप चिपका दिया ताकि वह भौंक न सके और किसी को भनक तक न लगे। इसके बाद चोरों ने इत्मीनान से घर के तीन कमरों के दरवाजों के ताले तोड़ लगभग साढ़े तीन से चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के भारत बयान पर प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

